CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 12° C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 19 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 34 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा, लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे पेज 2



अभिषेक शर्मा टॉप पर कायम, ईशान किशन की लम्बी छलांग खेल टाइम्स



खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच सम्पादकीय



अमेरिका से दूसरे दौर की बातचीत रचनात्मक : अराघची पेज 12

# भारत AI क्षेत्र में असाधारण प्रगति को तैयार: पिचाई

## ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंचे गूगल चीफ, पीएम मोदी से की मुलाकात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने राजधानी दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की। पिचाई भारत में आयोजित ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में हिस्सा लेने आए हैं और 20 फरवरी को समिट में मुख्य भाषण देंगे।

भारत पहुंचने पर पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत लौटकर खुशी हो रही है और यहां हमेशा की तरह गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की। पिचाई ने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में असाधारण प्रगति के लिए तैयार है और गूगल देश के एआई परिवर्तन में साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एआई हमारे जीवन का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बदलाव है, जो स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर डायग्नोस्टिक्स से लेकर किसानों को रियल-टाइम अलर्ट देने जैसे बड़े स्तर की चुनौतियों को हल करने में सक्षम है। पिचाई ने भारत की विविधता, बहुभाषी -शेष पृष्ठ दो पर



- अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे

### एआई एक्सपो को एक दिन के लिए बढ़ाया गया

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई एक्सपो समिट 19 फरवरी (आज) को आम लोगों के लिए बंद रहेगा और एक अतिरिक्त दिन 21 फरवरी को खोलने का फैसला किया गया है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 20 फरवरी के अलावा एक्सपो अब 21 फरवरी को भी आम लोगों के लिए खुला रहेगा, हालांकि सुरक्षा पाबंदियों और अन्य कार्यक्रमों को देखते हुए 19 फरवरी को आम लोगों के लिए एक्सपो बंद रहेगा। आगंतुकों को परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए एक्सपो का समय पहले ही रात आठ बजे तक बढ़ा दिया गया है। इस बदलाव के साथ एक्सपो 20 और 21 फरवरी को आम लोगों के लिए खुला रहेगा, जबकि सुरक्षा व्यवस्था कारणों से 19 फरवरी को आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

### गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की**

**नई दिल्ली।** चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। चीन की कंपनी यूनिट्री ने इस रोबोटिक डॉग को बनाया है, लेकिन यूनिवर्सिटी ने इसे अपना इंवेंशन बताया था। वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम ओरियन है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है।

### एआई समिट में शामिल होने दिल्ली पहुंचे ब्राजील के राष्ट्रपति सिल्वा

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा. सिल्वा पांच दिवसीय भारत दौरे पर बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका स्वागत विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने किया। विदेश विभाग ने आधिकारिक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। बताया ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा. सिल्वा, राजकीय दौरे पर नई दिल्ली आए हैं। उनका विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने स्वागत किया। एमईए ने उनकी यात्रा के दौरान होने वाली अहम बैठक का भी जिक्र किया। आगे लिखा कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति लूला इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेंगे और फिर पीएम नरेंद्र मोदी संग द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रालय ने इस दौरे को दोनों देशों की साझेदारी को मजबूत करने वाला करार दिया है। इस एक्स पोस्ट में आगे लिखा है कि भारत और ब्राजील के बीच करीबी और कई तरह के रिश्ते हैं। ये रिश्ते, जो रणनीतिक साझेदारी तक पहुंचे हैं।

### पहला रोज़ा

### संयम और सब्र सिखाता है रोज़ा

इस्लाम मजहब में रोजा, मजहब का सुतून भी है और रूह का सुकून भी। रोजा रखना हर मुसलमान पर फर्ज है। रोजा रखना तुम्हारे लिए ज्यादा भला है अगर तुम जानो। अल्लाह के इस कौल में जो बात साफ तौर पर नजर आ रही है वे यही है कि रोजा भलाई का डाकिया है। रोजा संयम और सब्र सिखाता है। पहला रोजा ईमान की पहल है। सुबह सेहरी करके दिनभर कुछ न खाना-पीना या सोते रहकर शाम को इफ्तार करने का नाम रोजा नहीं है। यानी रोजा सिर्फ भूख-प्यास पर कंट्रोल का नाम नहीं है। बल्कि हर किस्म की बुराई पर कंट्रोल का नाम है। सेहरी से रोजा शुरू होता है।




# क्या भाजपा के मुख्यमंत्री ही देते हैं हेट स्पीच: सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने पूछे तीखे सवाल, याचिका पर सुनवाई से इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है याचिका
- मुद्दा गंभीर पर याचिका खास लोगों को निशाना बनाती दिख रही: सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 12 प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा दायर एक जनहित याचिका की कड़ी आलोचना की और यह कहकर याचिका पर सुनवाई से इन्कार कर दिया कि यह भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाती है। याचिका में संविधानिक अधिकारियों के उन बयानों और टिप्पणियों को नियंत्रित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई थी, जो सांविधानिक मर्यादा के अनुरूप नहीं माने जाते।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि उठाया गया मुद्दा गंभीर है, लेकिन याचिका अपने मौजूदा रूप में कुछ खास व्यक्तियों को ही निशाना बनाती हुई दिख रही है। अदालत ने यह भी कहा कि वह ऐसी किसी याचिका पर सुनवाई नहीं कर सकती, जिससे यह लगे कि मामला किसी एक व्यक्ति या राजनीतिक दल के खिलाफ है। याचिका में हिमंता बिस्वा सरमा, पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ, और नितेश राणे सहित कुछ नेताओं के बयानों का उल्लेख किया गया था। याचिकाकर्ताओं का दावा था कि उन्होंने शोध के दौरान करीब 30 आपत्तिजनक सार्वजनिक बयानों की पहचान की है। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि इस मामले में तत्काल न्यायिक हस्तक्षेप की जरूरत है। उन्होंने दलील दी कि स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है और अदालत को इस पर कुछ ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाने के लिए नहीं है। पीठ ने टिप्पणी की कि याचिका में कुछ लोगों का चयन किया गया है, जबकि अन्य को नजरअंदाज किया गया है, जो उचित नहीं है। अदालत ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता मौजूदा याचिका वापस लेकर केवल सांविधानिक सिद्धांतों पर केंद्रित नई याचिका दाखिल करें और यह सुनिश्चित करें कि वह किसी विशेष व्यक्ति या दल के खिलाफ न लगे।

### मोदी सरकार ने एआई विश्व सम्मेलन को बनाया तमाशा: राहुल

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन को लेकर मोदी सरकार पर बुधवार को हमला किया और कहा कि इस वैश्विक मंच का लाभ उठाने की बजाय मोदी सरकार अपने प्रचार के लिए इस्तेमाल कर इसका तमाशा बना रही है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सम्मेलन से भारतीय प्रतिभाओं को लाभ मिलना चाहिए था, लेकिन सरकार पूरे शिखर सम्मेलन को अव्यवस्थित कर इसे जनसंपर्क का तमाशा बना दिया है।

# ममता सरकार बोली: ईडी केंद्र का हथियार

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एजेंसी ने कहा: हमें बंगाल में धमकाया गया
- सुप्रीम कोर्ट बोला: हम तय करेंगे कौन हथियार और किसे धमकाया गया

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में आई-पैक से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ईडी का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है।

वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे। ईडी ने आई-पैक रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ईडी का आरोप है कि 8 जनवरी को आई-पैक के ऑफिसों पर रेड के दौरान सीएम ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मार्च तक टाल दी है। इससे पहले 3 फरवरी को सुनवाई टाली गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 15 जनवरी को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का ईडी की जांच में बाधा डालना बहुत गंभीर मुद्दा है।

# 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

- अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त होने वाली 37 सीटों के लिए चुनाव का कार्यक्रम बुधवार को घोषित करते हुए मतदान की तिथि 16 मार्च निर्धारित की। चुनाव आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना 26 फरवरी को जारी की जाएगी।

नामांकन पत्र पांच मार्च तक दाखिल किए जा सकेंगे और छह मार्च को इनकी जांच की जाएगी। नौ मार्च तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 16 मार्च को कराया जाएगा और उसी दिन मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया 20 मार्च तक संपन्न कर ली जाएगी। अप्रैल में राज्यसभा से कार्यकाल समाप्त होने वाले सदस्य महाराष्ट्र से डा. भगवत किशनराव कराड, डा. सैयद फौजिया तहसीन अहमद खान, प्रियंका विक्रम चतुर्वेदी, शरद चंद्र गोविंद राव पवार, धैर्यशील मोहन पाटिल, रजनी अशोक राव, रामदास बांडू आठवले, ओडिशा से ममता मोहंता, मुजिबुल्ला खान, सुजीत कुमार, निरंजन बिशी, तमिलनाडु से एनआर एलंगो, पी. सेल्वारासु, एम. थंबी दुरै, तिरुचि शिवा, डा. कनिमोझी एनवीएन सोमु और जीके वासन हैं। पश्चिम बंगाल से साकेत गोखले, ऋतब्रत बनर्जी, बिकाश रंजन भट्टाचार्य, मौसम नूर (पांच जनवरी 2026 से सीट रिक्त), सुब्रत बख्शी, असम से रामेश्वर तेली, भुवनेश्वर कलिता, अजीत कुमार भुइयां, बिहार से अमरेन्द्र धारी सिंह, प्रेम चंद्र गुप्ता, राम नाथ ठाकुर, उपेन्द्र कुशवाहा, हरिवंश नारायण सिंह, छत्तीसगढ़ से कवि तेजपाल सिंह तुलसी, फूलो देवी नेताम, हरियाणा से किरण चौधरी, रामचंद जांगड़ा, हिमाचल प्रदेश से इंदु बाला गोस्वामी, तेलंगाना से डा. अभिषेक मनु सिंघवी और के आर सुरेश रेड्डी हैं।

### संक्षिप्त समाचार

### प्रतिबंधित संगठन पीएफआई का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़े एक मामले में पिछले तीन साल से फरार चल रहे एक आरोपी को बुधवार को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आरोपी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा था, तभी एनआईए ने उसे हिरासत में ले लिया गया। यह आरोपी केरल के मलप्पुरम जिले के वलांचेरी निवासी मोइदीनकुट्टी पी. है। और वह केरल में पीएफआई के शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण का समन्वयक था। वह सितम्बर 2022 में मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार हो गया था।

### तीन शावकों के जन्म से चीता की संख्या बढ़कर हुई 38

**नई दिल्ली।** कूनो नेशनल पार्क में तीन शावकों के जन्म के बाद चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कूनो नेशनल पार्क में दक्षिण अफ्रीकी चीता और दूसरी बार मां बनी गामिनी के तीन चीते के बच्चों के जन्म की घोषणा की। श्री यादव ने सोशल मीडिया पर यह खबर साझा करते हुए लिखा कि कूनो में तीन नए शावकों का स्वागत हुआ, दक्षिण अफ्रीका से चीतों के आने के तीन साल पूरे होने के मौके पर कुनो में एक नया अध्याय शुरू हुआ।

# भविष्य में डेटा और एआई से जीती जाएगी जंग

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई
- एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है

**नई दिल्ली।** इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी।

बुधवार को स्मार्टाइजिंग द किल चेन विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिये हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी। यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है। उभरते खतरों का पहले से अनुमान लगाया जा सकता है और पुराने हथियार सिस्टम को आधुनिक, डेटा-सक्षम और स्मार्ट प्लेटफॉर्म में अपग्रेड किया जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उन्नत एनालिटिक्स के जरिये इंजीनियरिंग सपोर्ट को तेज करना जरूरी है, ताकि ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स अधिक मजबूत और सक्रिय बन सके। साथ ही उन्होंने भविष्य के युद्ध में निर्णायक बढ़त हासिल करने के लिए मानव रहित हवाई प्रणालियों, काउंटर-यूएएस सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई के एकीकरण पर भी विस्तार से चर्चा की। सेना मौजूदा हथियार सिस्टम और प्लेटफॉर्म्स को भी स्मार्ट बना रही है। उनमें सेंसर लगाए जा रहे हैं। इससे बिना ज्यादा खर्च किए मौजूदा संसाधनों की ताकत कई गुना बढ़ाई जा सकेगी। सेमिनार में यह भी चर्चा हुई कि ड्रोन, काउंटर-ड्रोन सिस्टम और रोबोटिक प्लेटफॉर्म्स में एआई का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भविष्य के युद्धों में इंसान से ज्यादा मशीनों की भूमिका होगी और जो सेना टेक्नोलॉजी में आगे होगी।

# राहुल गांधी देश की सुरक्षा के लिए खतरा: रिजिजू

- कहा: उनके नक्सलियों से रिश्ते, संसद में उनका बर्ताव बचकाना
- ऐसा नेता विपक्ष इतिहास में नहीं देखा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं।

वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने आगे कहा कि संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है। एक लीडर ऑफ अपोजिशन पूरे विपक्ष को रिप्रेजेंट करता है। संसद के बाहर जाकर लोगों को देशद्रोही कहना, ड्रामा वाले सिट-इन करना और एक अनपब्लिश्ड किताब लहराना। यह सब बच्चों जैसा बर्ताव है। हमने भारत के इतिहास में ऐसा लीडर ऑफ अपोजिशन कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना है। कांग्रेस कहती है कि हम उन्हें बोलने नहीं देते। लेकिन जैसे ही वे (राहुल गांधी) अंदर आते हैं। हंगामा, बैनर और नारेबाजी शुरू हो जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दर्शनार्थियों को दिखाएंगे श्रीराम जन्मभूमि केस के साक्ष्य

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर परिसर में बन रहे संग्रहालय में दर्शनार्थियों को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़े ऐतिहासिक मुकदमों के साक्ष्य और 500 वर्षों तक चली कानूनी लड़ाई की पूरी जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में विकसित किए जा रहे संग्रहालय में 20 आधुनिक गैलरियों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एक गैलरी में विभिन्न न्यायालयों में चले श्रीराम जन्मभूमि मुकदमों के दस्तावेज, साक्ष्य और न्यायिक प्रक्रिया को प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालु पूरे ऐतिहासिक और कानूनी पक्ष से परिचित हो सकें।

### माघ मेला 2026: 1100 करोड़ से अधिक का कारोबार

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र इस बार केवल आस्था का केंद्र नहीं रहा, ये स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा ग्रोथ इंजन बनकर उभरा, 44 दिनों तक चले आयोजन में व्यापार का आंकड़ा 1100 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। कारोबारियों का अनुमान है कि कुल खर्च इससे भी अधिक हो सकता है। संगम की रेत पर डुबकी लगाने आए करोड़ों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के साथ खरीदारी में भी खुलकर हिस्सा लिया, इसका सीधा लाभ छोटे, मध्यम और बड़े सभी वर्ग के व्यापारियों को मिला। मेला क्षेत्र में विकसित चार प्रमुख बाजार जोन इस बार व्यापार के हब साबित हुए। पूजा सामग्री, ऊनी वस्त्र, चाय-नाश्ता, खिलौने, प्रसाद, धार्मिक पुस्तकें, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों की दुकानों पर दिनभर भीड़ रही।

# फार्म-7 के दुरुपयोग पर भड़की सपा

## लखनऊ में ईसी से की शिकायत, एविडेंस के साथ सौंपे प्रपत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को चुनाव आयोग के कार्यालय पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान फॉर्म-7 को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा से मुलाकात करने पहुंचा था, प्रतिनिधिमंडल में आरके वर्मा, पंकज मलिक, कमाल अख्तर, मोहम्मद फहीम सहित कई विधायक मौजूद रहे।

सपा विधायक आरके वर्मा ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जो प्रतिनिधिमंडल निर्वाचन आयोग से मिलने के लिए भेजा था, पूरे उत्तर प्रदेश में पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) के क्रम में फॉर्म 7 का दुरुपयोग भाजपा के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। जो पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज के जो मतदाता हैं उनका फॉर्म 7 कूटरचना करके नाम कटवाने की साजिश चल रही है। उन्होंने कहा कि हर एक विधानसभा में 30 हजार से लेकर एक-एक लाख तक जो नो मैपिंग के नोटिस दिए गए हैं, एक बीएलओ कितने दिन में निटाएगा? एक विधानसभा में 50 हजार से लेकर 1 लाख नो मैपिंग नोटिस तहसीलों में सुनवाई कैसे हो सकती है? मान लीजिए एक तहसील में दो विधानसभा हैं, तो 2 लाख लोगों की सुनवाई इतने कम समय में कैसे हो सकती है? उन्होंने कहा कि आज हमने प्रमाण दिया कि कई लोगों के नाम एक से कई जगहों पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन लोगों ने कूटरचना करके हमारे मतदाताओं, हमारे समर्थकों का नाम कटवाने की साजिश की, एविडेंस के साथ हमने प्रपत्र भी सौंपे हैं। जो लोग तहसीलों के चक्कर लगाते हैं, तहसीलों पर इतनी भीड़ हो रही है और जो निर्वाचन आयोग ने जो अभिलेख नो मैपिंग में मांगे हैं उन अभिलेखों को उनकी जगहों पर अर्थात ग्राम पंचायतों में बनाने की सुविधा दी जाए।

# उत्तर प्रदेश में मतदाता सत्यापन अभियान तेज: नवदीप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने मतदाता सूची पुनरीक्षण और फॉर्म-6, 7 व 8 से जुड़े मामलों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पिछले दिनों की प्रगति का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जा रहा है और 27 मार्च तक सभी लंबित सुनवाई पूरी कर ली जाएंगी।



27 मार्च तक पूरी होंगी सभी सुनवाई: रिनवा

उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अब तक मैपिग या मिलान नहीं कराया था। लगभग 1.40 करोड़ लोगों ने मैपिंग नहीं कराई, जबकि 2.22 करोड़ लोगों ने मिलान कराया लेकिन उसमें भिन्नता पाई गई। इनमें से 1.15 करोड़ मामलों की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। रिनवा ने बताया कि पिछले तीन दिनों में ही 33 लाख सुनवाई पूरी की गई हैं। वर्तमान में प्रतिदिन 10 लाख से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा रहा है और कुल 13,161 अधिकारी सुनवाई में लगाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एक करोड़ चार लाख ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने अब तक मिलान नहीं कराया है। उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। तार्किक भिन्नता और विसंगति वाले मामलों में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए गए हैं कि वे घर-घर जाकर नोटिस की सेवा सुनिश्चित करें। नो मैपिंग वाले नोटिस के साथ आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी दी जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब तक कुल 54,40,156 फॉर्म प्राप्त हुए हैं। इनमें 70,965 मतदाताओं ने स्वयं नाम विलोपन के लिए फॉर्म-8 भरा है, जबकि 16,863 मामलों में स्वतः फॉर्म-7 जनरेट हुआ है। फॉर्म-7 की जानकारी राजनीतिक दलों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए और फॉर्म-10 प्रतिदिन संबंधित डीएम की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। नवदीप रिनवा ने बताया कि बीएलओ की दोबारा प्रशिक्षण प्रक्रिया भी कराई जाएगी।

### बंगाल में मतदाता सूची बनाने में हो रहीं गड़बड़ियां

**नई दिल्ली/कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची से संबंधित गतिविधियों में वैधानिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन हो रहा है और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी हो रही है। श्री बनर्जी ने सवाल किया कि क्या चुनाव निकाय का यह मानना है कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शीर्ष अदालत ने बार-बार पारदर्शिता, उचित प्रक्रिया और संचार के आधिकारिक माध्यमों के पालन पर बल दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि औपचारिक और जवाबदेह तंत्र के बजाय व्हाट्सएप के जरिए निर्देश भेजे जा रहे हैं।

## कांग्रेस, सपा और बीजेपी बाबा साहेब विरोधी: मायावती

# यूपी में बसपा अकेले लड़ेगी विधानसभा चुनाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे
- कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आगामी वर्ष 2027 में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले दावा किया जा रहा था कि बहुजन समाज पार्टी किसी दल के साथ गठबंधन कर सकती है।

इस रेस में सबसे पहले नाम हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की अध्यक्षता वाली एआईएमआईएम का चल रहा था। अब इस पर राज्य की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने तस्वीर साफ कर दी है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने कहा है कि जैसे-जैसे यूपी में चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी कोशिश करेंगे और हमारे खिलाफ साजिश करेंगे। सिर्फ यूपी में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सभी अंबेडकरवादियों को डा. बाबासाहेब अंबेडकर के आत्मसम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए। पूर्व सीएम ने कहा कि आप सबको पता है कि इन दिनों एआई को सफलता की पूंजी बताने की स्वार्थी बताने के बीच मीडिया में एक और चर्चा है कि विधानसभा 2027 चुनाव बसपा गठबंधन में लड़ेगी, जो कि बिल्कुल झूठ है, ये फेक न्यूज है। मीडिया को ऐसी खबरों से बचना चाहिए। एक प्रेस वार्ता में मायावती ने कहा कि हम पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि हम विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगे, लेकिन कुछ लोग और मीडिया घिनौनी साजिश में पड़कर अपनी इमेज खराब करते हैं। ये बसपा विरोधी एजेंडा है। लोगों को ऐसी खबरों पर ध्यान नहीं देना। कांग्रेस, सपा और बीजे.पी की सोच संकीर्ण और बाबा साहेब की विरोधी है। उन्होंने कहा कि इनसे गठबन्धन करके बसपा को नुकसान होता है। बसपा के लोग अकेले चुनाव लड़ने के लिए जी जान से लगे हुए हैं। बसपा, 2007 की तरह अकेले चुनाव लड़ेगी और चुनाव जीतेगी। बसपा सुप्रीमो को सिक्योरिटी दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिलने के सवाल पर मायावती ने कहा कि जब यह मिला, तो उसमें भी षड्यंत्र के तहत गलत खबरें चलाई गई हैं एजेंडा के तहत। अब सुरक्षा के दृष्टिगत टाइप 8 का बंगला मिला जिसे मैने स्वीकार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा सरकार और उनके सुप्रीमो के कहने पर 2 जून 1995 गेस्ट हाउस में मुझपर हमला हुआ था, जिसके अगले दिन भारत सरकार द्वारा मुझे सुरक्षा दी गई थी और सुरक्षित आवास भी, लेकिन अब इतने समय के बाद भी सुरक्षा खतरा बड़ा है।

### भाजपा का कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर कांग्रेस पर हमला

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कर्नाटक में सत्तारुढ़ कांग्रेस पर सरकारी जमीन आवंटन में भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस नेतृत्व पर गंभीर आरोप लगाए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस का नाम पहले भी नेशनल हेराल्ड मामले में सामने आ चुका है और अब कर्नाटक में सरकारी जमीन आवंटन को लेकर नए सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सरकार ने नगर निगम प्रशासन विभाग के 12 प्लॉट और शहरी विकास विभाग के 12 प्लॉट ष्कांग्रेस भवन ट्रस्टष को आवंटित किए हैं। उन्होंने दावा किया कि इन जमीनों की अनुमानित कीमत 40 से 50 करोड़ रुपये है, जबकि इन्हें करीब 2 करोड़ रुपये में दिया गया।

# बठिंडा में किसानों पर दागे आंसू गैस के गोले

बठिंडा, वार्ता

- किसान नेताओं की रिहाई की मांग पर बवाल

पंजाब के बठिंडा में पुलिस और किसानों में झड़प हो गई है। किसान जेल में बंद अपने साथियों की रिहाई पर अड़े हैं, किसानों के मार्च को रोकने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। कई किसानों को हिरासत में ले लिया गया है।

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां संगठन के नेतृत्व में बठिंडा शहर की ओर निकाले गए किसानों के मार्च को पुलिस ने रोक दिया। ये किसान बठिंडा में डिप्टी कमिश्नर (डीसी) के ऑफिस के बाहर धरना देने जा रहे थे। इसके बाद किसान रामपुराफूल से पहले बठिंडा- चडीगढ़ हाईवे पर अपनी मांगों को लेकर धरना देकर बैठ गए। पुलिस फोर्स किसानों को रो. कने के लिए पहुंची, लेकिन किसान नहीं माने। इसके बाद किसनों को रोकने के लिए पुलिस ने गांव में बड़ी टुकड़ी भेजी, इस दौरान किसानों की ओर से पथराव होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी दागे। पूरी घटना में कुछ किसान और पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। किसानों की मुख्य मांग जेल में बंद उनके 2 साथियों, बलदेव सिंह (गांव चाओके) और शगनदीप सिंह (गांव जियोंद) की तत्काल रिहाई है। ये दोनों 9 महीनों से अधिक समय से प्रदर्शन के एक मामले को लेकर जेल में हैं। किसानों का आरोप है कि पुलिस उन्हें जिला कलेक्टर दफ्तर तक पहुंचने से रोकने के लिए उनके घरों पर छापेमारी कर रही है। वहीं कुछ किसानों का ये भी कहना है कि पुलिस ने रात के समय उनके घरों पर दबिश दी।




## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 83734.25
निफ्टी 25819.35
सोना 152000 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 237000 प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तीसरे दिन भी तेजी

## प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

मुंबई, वार्ता



बैंकिंग, धातु और एफएमसीजी समूहों की कंपनियों में अच्छी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गये। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 283.29 अंक (0.34 प्रतिशत) की तेजी के साथ 83,734.25 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 93.95 अंक यानी 0.37 प्रतिशत ऊपर 25,819.35 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 11 फरवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। शेयर बाजार में आरंभ में गिरावट थी, लेकिन दोपहर बाद लिवाली बढ़ने से सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए। सेंसेक्स नीचे 83,164 अंक और नीचे 83,770 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.54 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली रही। निफ्टी आईटी सूचक. ांक 1.23 प्रतिशत गिर गया। एफएमसीजी, धातु और सार्वजनिक बैंकों के समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से ज्यादा चढ़े। ऑटो, निजी बैंक, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में भी तेजी रही। एनएसई में जिन 3,280 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें 1,714 के शेयर हरे निशान में और 1,457 के लाल निशान में बंद हुए। अन्य 109 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में क्वालिटी वॉल का शेयर सबसे अधिक 4.92 प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील में 2.90 फीसदी, एक्सिस बैंक में 1.51 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.30, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.18 और एलएंडटी में 1.06 प्रतिशत की तेजी रही।

# चांदी 2.37 लाख पर पहुंची, सोना 1.52 लाख हुआ सस्ता

**नई दिल्ली।** चांदी की कीमत में बुधवार को बढ़त और सोने की कीमत में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 3,834 रुपए बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले मंगलवार को ये 2.33 लाख रुपए पर थी। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना भी 291 रुपए सस्ता होकर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। इक्विनॉमिक्स रिसर्च के फाउंडर और एमडी जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि सोने-चांदी के साथ ही कॉपर जैसे इंडस्ट्रियल मेटल्स अत्यधिक अस्थिर रहेंगे। अगले 6 महीनों में इनके दाम कम से कम 10 प्रतिशत और घट सकते हैं। वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी, क्रिप्टोकरेंसी और टेक्नोलॉजी शेयरों में भारी गिरावट जैसे जोखिम कमोडिटी की कीमतों पर असर डाल सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार और डॉलर की मजबूती का असर पड़ा है। निवेशक अनिश्चित समय में सोने की ओर रुख करते हैं। हालात स्थिर होते ही कीमतें नीचे आती हैं। मार्केट एक्सपर्ट्स इसे खरीदारी का अच्छा मौका मान रहे हैं।

# भारत बनेगा एआई पावरहाउस: वैष्णव

नई दिल्ली, वार्ता



स्कूलों-कॉलेजों के सिलेबस में होगा बड़ा बदलाव
आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का बड़ा ऐलान

केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को 'एआई पावरहाउस' बनाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों के सिल. ेबस में बदलाव किया जाएगा। एआई शिखर सम्मेलन के दौरान एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि हमारे स्कूलों और कॉलेजों को एआई तकनीक पर आधारित उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वे समाधान तैयार कर सकें और इस तकनीक को सीख सकें।

आईटी मंत्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का मानना है कि भारत की असली ताकत यहां की तकनीकी प्रतिभा है। निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर से भी ज्यादा जरूरी इस हुनर को निखारना है। उन्होंने आगे कहा कि पढ़ाई को केवल किताबों तक सीमित न रखकर प्रैक्टिकल नॉलेज पर केंद्रित किया जाएगा, ताकि छात्र नई तकनीकी चीजों के लिए तैयार रहें। सरकार के शिखर सम्मेलन के संदेश में भी यही दृष्टिकोण झलकता है। वैष्णव ने इंडियन इंस्टीट्यूट आफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजी जैसे संस्थानों की तारीफ की और कहा कि ये संस्थान छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के हिसाब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का खास लक्ष्य गांवों के युवाओं और शहरों के बीच के अंतर को खत्म करना है। इसका मकसद यह है कि ग्रामीण युवा एआई टूल्स का इस्तेमाल करना सीखें, ताकि वे अपने गांवों में रहकर भी दुनिया स्तर के स्टार्टअप खड़े कर सकें। आईटी मंत्री ने कहा कि भारत में टैलेंट की कमी नहीं है और आने वाले समय में यह और बढ़ेगी। युवाओं को बस अपनी स्किल्स को भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ढालना होगा। वैष्णव ने कहा कि एआई शिखर सम्मेलन के बाद सरकार 'एआई मिशन' के अगले चरण पर तेजी से काम शुरू करेगी। यह मिशन ठीक वैसे ही चलेगा, जैसे भारत ने सेमीकंडक्टर और टेलीकॉम के क्षेत्र में काम किया है। सरकार का लक्ष्य छात्रों को ऐसे एआई टूल्स और समाधान उपलब्ध कराना है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ खुद की नई तकनीक और समाधान विकसित कर सकें।







# यूपी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**लखनऊ।** एशिया के सबसे बड़े शिक्षा बोर्ड के रूप में शामिल उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई। परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने लखनऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विक्रमादित्य मार्ग (जियामऊ) परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा, निगरानी एवं परीक्षा संचालन की व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत एआई....** पारिस्थितिकी और मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को नवाचार के लिए मजबूत आधार बताते हुए कहा कि यह वैश्विक स्तर पर एआई के लोकतांत्रिक उपयोग का एक मॉडल बन सकता है। उन्होंने जोर दिया कि एआई का विकास भरोसे, सुरक्षा और समावे. शिता को प्राथमिकता देते हुए होना चाहिए, ताकि तकनीक स्थानीय भाषाओं और संदर्भों में लोगों तक वास्तविक लाभ पहुंचा सके। इस दौरान पिचाई ने इंडिया-अमेरिका कनेक्ट इनिशिएटिव की भी घोषणा की, जिसके तहत अमेरिका, भारत और दक्षिणी गोलार्ध के कई क्षेत्रों के बीच एआई कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए नए सबसी केबल रूट विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गूगल भारत में फुल-स्टैक कनेक्टिविटी पर काम कर रहा है और भविष्य को लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। उन्होंने भारत में 15 अरब डॉलर के एआई हब की योजना का भी जिक्र किया, जिसमें गीगावाट-स्तर की कंप्यूटिंग क्षमता और अंतर्राष्ट्रीय सबसी केबल गेटवे शामिल होगा, जिससे रोजगार सृजन और उन्नत एआई इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही गूगल ने स्किलिंग कार्यक्रमों की भी घोषणा की, जिसमें अंग्रेजी और हिंदी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शामिल है, जो छात्रों और शुरुआती करियर के पेशेवरों को लक्षित करेगा। अन्य पहलों में कर्मयोगी भारत के साथ 2 करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों को समर्थन, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ 10,000 स्कूलों में जेन एआई टूल्स की शुरुआत और 30 मिलियन डॉलर का एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज भी शामिल है। पिचाई ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव तब होता है जब इसे समुदायों को समझने वाली संस्थाओं के साथ मिलकर विक. सित और लागू किया जाए, और इसी दिशा में आईआईटी, सरकारी एजेंसियों और स्थानीय संस्थानों के साथ साझेदारी के जरिये जिम्मेदारीपूर्ण और व्यापक स्तर पर एआई पहुंच बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

## शासनादेशों के अनुपालन में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को लोकतांत्रिक व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों की भूमिका और शासनादेशों के अनुपालन को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्पष्ट कहा कि यदि अधिकारियों के स्तर पर विधायकों से संबंधित शासनादेशों का पालन नहीं किया जाता है, तो यह सेवा नियमावली का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि शासन स्तर से प्रस्तुत प्रकरणों में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं और पूर्व में निर्गत आदेशों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास से ही जनप्रतिनिधि सदन में पहुंचे हैं। इस विश्वास की रक्षा करना शासन, प्रशासन और सभी संवैधानिक संस्थाओं का दायित्व है। संविधानिक प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तुत मामलों में अपेक्षित कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सदन में होने वाली चर्चाएं, पारित संकल्प और प्रस्ताव संविधानसम्मत प्रक्रिया का हिस्सा होते हैं और उनका अनुपालन कराना संवैधानिक दायित्व है। सदन के निर्णयों का सम्मान किया जाना चाहिए और सभी सदस्यों से अपेक्षा की गई कि वे मर्यादा का सम्मान करते हुए अपनी-अपनी संवैधानिक सीमाओं में कार्य करें।

# संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में हंगामा

- लखनऊ विश्वविद्यालय में लगे मोहन भागवत गो बैक के नारे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के अवसर पर लखनऊ प्रवास पर पहुंचे। संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के लखनऊ विश्वविद्यालय दौरे के दौरान बुधवार को परिसर में हंगामा हो गया। कार्यक्रम स्थल के बाहर एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस से जुड़े छात्रों ने जमकर नारेबाजी की और 'गो बैक' के नारे लगाए।

जानकारी के अनुसार, मोहन भागवत संघ के शताब्दी समारोह के तहत विश्व. विद्यालय पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही एनएसयूआई और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों से जुड़े छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेडिग पार करने की कोशिश की, जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए कई छात्रों को हिरासत में ले लिया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक स्थिति को जल्द ही नियंत्रित कर लिया गया और कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रमानुसार संपन्न हुआ। वहीं प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि वे विश्वविद्यालय परिसर में संघ प्रमुख के आगमन का विरोध कर रहे थे। घटना के बाद विश्वविद्यालय परिसर में कुछ समय तक तनाव का माहौल रहा, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई।यूजीसी कानून के विरोध में छात्रों ने भागवत के खिलाफ प्रदर्शन किया।

### मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले हों, कोई भेदभाव न हो: भागवत

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत ने हिन्दू एकता पर बल देते हुए कहा कि मंदिर, कुएं और श्मशान सभी हिंदुओं के लिए खुले होने चाहिए, इनमें किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के माधव सभागार में मंगलवार देर शाम आयोजित कार्यकर्ता कुटुंब मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को यह समझाना होगा कि करियर का अर्थ केवल पैसा कमाना और उपभोग करना नहीं है। असली करियर वह है, जिसमें व्यक्ति समाज और देश के लिए कुछ कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जिससे बच्चे अमीर बनकर दान देना और दूसरों के लिए जीना सीखें। विद्या और धन देश के हित में अर्जित किए जाने चाहिए और बच्चों में यह संस्कार विकसित हों कि राष्ट्र सर्वोपरि है। डा. भागवत ने कहा कि संघ पूरे हिंदू समाज को एक मानता है और सामाजिक समरसता भाषणों से नहीं, बल्कि व्यवहार से आती है। इसके लिए व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर मेलजोल बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि संघ के कुटुंब में जाति-पाति का कोई स्थान नहीं है और यही भाव समाज में भी स्थापित करना होगा। समाज की मूल इकाई व्यक्ति नहीं, बल्कि परिवार है। सामा. जिक व्यवहार की पहली पाठशाला परिवार ही होता है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



01 वां रोज़ा इफ्तार
19 फरवरी गुरूवार
सुन्नी...................... 06:13
शिया...................... 05:41

02 वां रोज़ा सहरी
20 फरवरी शुक्रवार
सुन्नी...................... 06:26
शिया...................... 05:34



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# मंदिर की मूर्ति खंडित और महंत पर हमले का आरोप

## पुलिस ने घटना की सच्चाई जानने के लिए मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में ली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर।** नशेडी या कोई आम आदमी यदि धर्म स्थल पर कोई छोटी-बडी घटना कर दे तो इसको एक बार सोचा जा सकता है, लेकिन यदि जिम्मदोर व्यक्ति ही धर्मस्थल पर न केवल मूर्ति खंडित करने की घटना करता है बल्कि विरोध में महंत और सेवादार पर भी हमला करे तो यह अपने आप में बडा सवाल है। देर रात शाहपुर क्षेत्र के एक गांव में एक जिम्मेदार व्यक्ति ने मंदिर में घुसकर मुर्तियां खण्डित की और महंत और सेवादारों पर भी हमला कर दिया। इस घटना से ग्रामीणों से ग्रामीणों में ही नहीं हिन्दू संगठनों में भी रोष बना हुआ है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले का संज्ञान ले लिया है।

शाहपुर क्षेत्र के गांव हरसौली में श्री शिवनाथ मंदिर है। बताया जाता है कि देर रात कुछ लोग मंदिर में घुस आए। हकीकत क्या है यह तो मंदिर का महंत और ग्रामीण ही जाने, लेकिन उक्त लोगों पर शराब के नशे में होने का आरोप है। मंदिर में घुसकर उक्त लोगों ने मंदिर में कार्तिकेय जी और ननदी भगवान की मूर्ति तोड डाली ऐसा आरोप मंहत द्वारा लगाया गया है। और यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने मुख्य शिव प्रतिमा को भी क्षति पहुंचाने का प्रयास किया। महंत की सूचना के बाद शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। सबसे पहले पुलिस ने इस घटना और आरा. `पों की हकीकत जानने के लिए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में ली। सूत्रों का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज में सेवादार को घसीटने और पीटने की फुटेज भी कैद है, हालांकि ग्रामीणों ने हमलावरों के नाम स्पष्ट कर दिए है, लेकिन मामला धर्म का है और मंदिर का है इसलिए पुलिस इस मामले में कोई भी गलती नहीं करना चाहती। पुलिस का कहना है कि घटना की फुटेज देखकर कर ही आरोपियों की पहचान पुलिस उनकी गिरफ्तारी करेगी। उधर लोगों का कहना है कि यदि आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं होती तो यहां घटना को लेकर आदोलन भी हो सकता है। उधर इस संबंध में दी गई तहरीर में बताया गया कि गांव का जिम्मेदार व्यक्ति का भाई, बेटा और भांजा मंदिर में घुस आए और उन्होने यहां आकर अभ्रदता करते हुए हमला और तोडफोड की है। अन्य गंभीर आरोप लगाए गए है। मंदिर के महंत का कहना है कि हाल ही में मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ था और पन्द्रह फरवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी और आरोपियों ने अपने 25-30 लोगों के साथ मिलकर डराया और दौडाकर पीटा है। फिलहाल पुलिस ने इस संबंध में तहरीर भी ले ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है किशाहपुर के गांव हरसौली में महंत पुष्करनाथ द्वारा दी गई तहरीर पर सोहनवीर उर्फ पींटू पुत्र धर्मसिंह, अजय पुत्र तेजवीर निवासीगण हरसौली, अरूण उर्फ कलवा पुत्र राजवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।



मुजफ्फरनगर: पहले दिन बोर्ड परीक्षा देकर बाहर निकलते परीक्षार्थी।



बुढ़ाना: राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम ने चुनाव प्रचार का किया आगाज।

# यूपी बोर्ड परीक्षा का आगाज: पहले दिन हल किया हिन्दी का प्रश्नपत्र

## जिले में बोर्ड परीक्षा में शामिल हो रहे 56163 परीक्षार्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार को शुरू हुई। पहले दिन हिन्दी एवं सामान्य हिन्दी विषय का प्रश्नपत्र आयोजित किया गया। पहले दिन हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के लिए हिन्दी तथा सामान्य हिन्दी विषय का प्रश्नपत्र निर्धारित था।

जनपद में इस वर्ष कुल 56,163 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें 29,128 छात्र एवं 27,035 छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। केंद्रों के प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। नकलविहीन परीक्षा संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशास. निक अधिकारी लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक स्थापित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों की भारी भीड़ देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया।

जनपद में बनाए गए 72 परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राएं समय से पहले ही पहुंचने लगे थे। कई परीक्षार्थी अपने परिजनों के साथ केंद्रों पर पहुंचे। केंद्रों के बाहर अभिभावकों की लंबी कतारें देखी गईं। शहर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर वाहनों की अधिकता के कारण कई स्थानों पर यातायात बाधित रहा और जाम की स्थिति बनी रही। परीक्षा से पूर्व अनेक छात्र-छात्राएं शिव चौक पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर सफलता की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में भी परीक्षार्थियों की अच्छी-खासी भीड़ रही।जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं 18 फरवरी से प्रारम्भ होकर 12 मार्च 2026 तक संचा. लित होंगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जा रही है। प्रात:कालीन सत्र सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा अपराह्न सत्र दोपहर 2.00 बजे से 5.15 बजे तक निर्धारित किया गया है। हाईस्कूल की परीक्षाएं मुख्यत: प्रात:कालीन सत्र में आयोजित की जा रही हैं, जबकि इंटरमीडिएट की परीक्षाएं दोनों सत्रों में संपन्न कराई जाएंगी। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की है तथा जिले में निषेधाज्ञा भी लागू की गई है।

# शाबुद्दीनपुर रोड पर बम की तरह फटा सिलेंडर

**आग से घर में रखा सामान जला, मौहल्ले में फैली दहशत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीन रोड पर स्थित एक मकान में सिलेण्डर फटने से आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। चीख पुकार करते हुए परिवार के लोगों ने बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।

बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के शाहबुद्दीनपुर रोड पर अमन का मकान है बतायाजाता है कि घटना मंगलवार रात की है परिवार अपने-अपने काम में व्यस्त था अचानक ही अमन के घर से बम फटने जैसा धमाका हुआ जिसके बाद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। काफी देर तक लोग यह नहीं समझ पाए कि मामला क्या है? लेकिन अमन के मकान की छत पर पडी सीमेट की चादरें चकना चूर होकर दूर-दूर जाकर गिर चुकी थी। कुछ ही देर में यहां लोग इकट्ठा हो गए। और उन्होने घर में रखा सामान बचाने का प्रयास किया, लेकिन कच्चे मकान में लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था कुछ ही देर में यहां रखा सामान जलकर राख हो गया।

# ऑल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी ने प्रत्याशी किया घोषित

## राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम ने ढोल बजवाकर किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट ने बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव हुसैनाबाद भनवाड़ा में पहुंचकर मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर 22 से ठाकुर वहादत राणा को अपना प्रत्याशी घोषित करते हुए सभी ग्रामीणों से जनसंपर्क करने के दौरान ठाकुर वहादत राणा को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा अगर आपने यहां से ठाकुर वहादत को जिता दिया तो वे इस वार्ड में नंगला भनवाड़ा के बीच लड़कियों के लिए स्कूल व कालेज की स्थापना करवाएंगे ताकि आसपास के स्टूडेंट को बुढ़ाना ना जाना पड़े। वे यहां के युवाओं के लिए रोजगार का प्रबंध करेंगे। उन्हें रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ता है।

जिसमें उनको आने जाने में भारी असुविधा होती है। खेल के मैदान के लिए भी वे प्रयासरत हैं। उनकी पार्टी का अन्य 16 पार्टियों से अटूट गठबंधन है। जिसमें मजदूर किसान यूनियन पार्टी, राष्ट्र उदय पार्टी समेत अन्य पार्टियां हैं। हम सभी पार्टियां एकजुट होकर 2027 का चुनाव लड़ेगी। यहां मजदूर किसान यूनियन पार्टी सुप्रीमो सुक्रमपाल कश्यप, राष्ट्र उदय पार्टी के वेस्टर्न यूपी अध्यक्ष संजीव पाल, राष्ट्रीय महासचिव मौहम्मद अली जैदी, राष्ट्रीय कानूनी सलाहकार सलीम एडवोकेट, जिलाध्यक्ष हापिफज करीमूद्दीन, तिजारत प्रधान, गुड्डू, दिलशाद राणा, भूरा, दिलशाद प्रधान, आमिर, नदीम, शहादत, वसीम, मारुपफ, मुनव्वर, हसरत अली, सद्दाम, कासिपफ, सलीम, अलीम आदि सैंकड़ों लोग मोजूद थे।

### प्रेस कांफ्रेंस में सपा पर जमकर बरसे राव नदीम

**बुढ़ाना।** आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राव नदीम एडवोकेट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए सपा पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि सपा से लोग इतने दुखी परेशान हैं कि आज उनके गांव हुसैनाबाद भनवाडा में हुए जनसंपर्क करने के दौरान सैंकड़ों लोगों ने आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी में आने की घोषणा की। इस बार मुस्लिम सपा से ठगा नहीं जाएगा। मुस्लिमों को सपा की सोच का पता लग गया है। सपा सिपर्फ मुस्लिमों को वोट के रुप में इस्तेमाल करती है। इस बार मुस्लिम सपा के बजाए आवाम ए हिंद पार्टी गठबंधन को वोट देगा। पीडीए का नाम लेकर सरकार बनाने का दावा करने वाले अखिलेश कभी भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। ये आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को दिख जाएगा वार्ता में मजदूर किसान यूनियन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुक्रमपाल कश्यप, आल इंडिया आवाम ए हिंद पार्टी के राष्ट्रीय सलाहकार राव सलीम एडवोकेट और राष्ट्र उदय पार्टी के वेस्टर्न यूपी के प्रभारी संजीव पाल और प्रत्याशी ठाकुर वहादत मौजूद रहे।

# छात्र के आरोप के बाद प्रिंसिपल ने दिया प्रवेश पत्र

**वीडियो वायरल में कक्षा बारह के छात्र ने बताई थी परेशानी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी क्षेत्र के गांव बघरा का एक छात्र अपने ही कॉलेज के मैनेजमेंट पर गंभीर आरोप लगा रहा है। इन आरोपों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। युवक का कहना है कि वह कक्षा बारह का छात्र है और उसका नाम अमरीश कश्यप है। छात्र का आरोप है कि वह घर की परेशानी और तंगहाली के चलते स्कूली की फीस नहीं भरा पाया। उस पर स्कूली की फीस के करीब बारह हजार रूपये इकट्ठा हो गए और अब उसको पेपरों में भी शामिल नहीं होने दिया जा रहा।

यह मामला श्री दीवान सिंह इंटर कॉलेज का है और कॉलेज के प्रिंसिपल तरसपाल पुण्डीर का कहना है कि छात्र की फीस जमा कर ली गई है और उसको प्रवेश पत्र भी दे दिया गया, लेकिन गांव के जिम्मेदार लोग कॉलेज के मैनजमेंट पर यह सवाल खडे कर रहे है कि परेशानी और तंगहाली के चलते छात्र को परीक्षा में शामिल न किए जाने ठीक नहीं है। फिलहाल यह मामला अधिकारियों के भी संगान में आ चुका है और वीडियो वायरल होने के बाद ही प्रिंसिपल ने भी प्रवेश पत्र दे दिया है।

# इश्क के जुनून में हो रहे रिश्तों के कत्ल, जनपद में हो चुके हैं कई खून

## भोपा में माँ ने मासूमों का किया कत्ल, मंडी, कोतवाली में भी हुआ प्रेम संबंधों का खून

**बसी कलां में कातिल युवती के पास कहां से आई नशीली गोलियां?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र के गांव बसी कला कांड जिसमें मासूम भतीजी का कत्ल, भाभी और उसके बच्चों के कत्ल का प्रयास की घटना ने पूरे क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। इस कत्ल की कहानी को माना करीब एक माह से लिख रही थी। और मौका मिलते ही पूरे परिवार को नशीला खाना खिलाने के बाद सनसनी खेज वारदात को अंजाम दे डाला। अभी तक इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है और जिसने भी नंनद माना द्वारा अपने ही सगे भाई के पूरे परिवार के कत्ल की कहानी लिखने वाली माना के संबंध में जाना तो युवती के इस खौफनाक कदम से लोगों के दिल अभी तक भी कांप रहे है। अब तक पुलिस कत्ल और कत्ल के प्रयास में युवती को ही गिरफ्तार कर सकी है, लेकिन अब सवाल यह है कि इस खौफ नाक वारदात करने के लिए यानि के युवती के अंदर जुनून किसने भरा? और सवाल यह भी है कि युवती को नशीली दवाई किसने लाकर दी, हालांकि गांव में नशीली गोलिया उपलब्ध कराने वाला का नाम धीरे-धीरे चर्चाओं में आ रहा है कुछ लोग दबी जुबान में कह रहे है कि माना को नशीली गोलियां खानदानी भाई ने ही लाकर दी थी, लेकिन अभी तक जांच में उक्त युवक का नाम नहीं आ रहा है। जिस तरह जिसके प्रेम में जुनूनी होकर युवती ने कत्ल कर खौफनाक



कदम उठाया वह युवक चेन्नई में है और जिस युवक का नशीली गोलिया उपलब्ध कराने में नाम लिया जा रहा है वह भी काफी समय से बाहर रहकर कपडे का कारोबार कर रहा है। अब लोगों में यह सवाल उठ रहा है कि युवती को अपने सगे भाई के पूरे खानदान के कत्ल करने में उकसाने और गोलियां लाकर देने में सहयोग करने वाले युवक के खिलाफ क्या कार्यवाही होती है, हालांकि यूपी में इस तरह की घटना होना कोई नई बात नहीं है कई जनपदों में ऐसी ही सनसनी खेज वारदात पहले भी हो चुकी है। यदि सरकार द्वारा जारी क्राइम डाटा और कई अन्य रिपोटर्स में इस बात का खुलासा हो चुका है कि यूपी के कुछ राज्यों में ऐसे मामले काफी तेजी से हो रहे है। जिनमें बीवी (संगनी) ही अपने पति की खुद जान ले रही है तो कुछ अपने पाटनर के साथ मिलकर मडर करवा देती है। पिछले काफी समय से देखने को मिल रहा है कि कुछ घटनाओं में दुल्हे शिकार हो रहे है जो बड़े ही अरमानों से अपनी दुल्हन को उसके घर से विदा कर अपने घर लाते है, लेकिन कुछ समय बाद वह दुल्हन ही अपने पति का कत्ल करा देते है। काफी समय पूर्व जनपद मेरठ की मुस्कान और इंदौर की सोनम ने भी अपने-अपने पति की हत्या कराकर परिवारों में ही शासन-प्रशासन में भी हलचल मचा दी थी। मुस्कान और सोनम की पिछला इतिहास खंगाला गया तो दोनो हत्या प्रेमी को पाने के लिए इश्क के जुनून में की गई थी। इसमें भी शादी से पहले दोनो महिलाओं का अफेयर चल रहा था, लेकिन इश्क का खामियाजा बेगुनाह पतियों को उठाना पडा था। बात जनपद मुजफ्फरनगर की जाए तो भोपा क्षेत्र ने एक महिला ने अपने प्रेमी को पाने के लिए दो मासूम बच्चियों की कत्ल कर प्रेम में बली चढ़ा दी थी। पिछले कई वर्षो का इतिहास खंगाला जाए तो रूडकी रोड पर अनुपमा नामक महिला ने एक व्यक्ति के इश्क में पागल होकर ना केवल अपने ही सामने अपने जीवन साथी(पति) का कत्ल करा दिया था, बल्कि अपने इकलौते बेटे को भी प्रेम की बली चढ़वा दिया था। अनुपमा ने अपने ही सामने अपने इकलौते बेटे का छुरी से कत्ल करवाया और एक हकीकत यह भी है कि पति और बेटे की लाशों के पास ही अपनी आग बुझाई थी। अभी पांच दिन पूर्व ही मंडी क्षेत्र के सुभाष नगर के नाले के पास भी नाले में एक शव पाया गया जहां जांच पडताल के बाद समाने आया कि नए प्रेमी की मोहब्बत के जुनून में पुराने आशिक का कत्ल किया गया।

यदि इतना हीं नहीं एक जीवन संगनी ने तो सिविल लाइन थाने में तैनात दीवान पति का बेरहमी से कत्ल करा दिया था। इसके पीछे भी शादी से पहले दूसरे व्यक्ति से प्रेम संबंध होना सामने आया था। इस मामले में जब जांच पड़ताल की गई तो पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के भी रोंगटे खडे हो गए थे क्योकि सिविल लाइन थाने के तैनात शाकिर की पत्नी ने नशीली कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसका कत्ल कराने के लिए अपने प्रेमी के हवाला कर दिया था और उक्त जुनूनी प्रेमी ने भोपा रोड पर ले जाकर हत्या के बाद उसका शव केलों के पत्तों में छिपा दिया था। यदि पिछले मामले दो. हराए जाए तो अभी जनपद मुजफ्फरनगर के ही कई ऐसे मामले सामने आ जाएगे कि मोहब्बत के जनून और प्यार में अंधी हुई महिला ने रिश्तों का ही कत्ल का दिया। कोतवाली और सिविल लाइन की सीमा पर सटे मौहल्ले में एक महिला ने अपने पति की हत्या कर उसको आत्म हत्या का रूप देने के लिए फांसी पर उसका शव लटका दिया था। यह बात अलग है कि खुलासे के बाद पुलिस हर अपराधी की तरह कत्ल करने में शामिल महिलाओ को जेल की सलाखों में डाल रही है, लेकिन क्या बेमौत मारे गए बच्चे और पति क्या वापस आ सकते है? कुल मिलाकर हर व्यक्ति के दिल में यही अरमान है कि अपनों के कत्ल की कहानी लिखने वाली चाहे वो महिला हो या फिर कोई भी व्यक्ति हो उसके लिए सिफ मौत की ही सजा होनी चाहिए। वैसे तो इस तरह के मामले रोजाना सामने आते है और अब तक सरकारी आंकडों में भी पांच साल के भीतर करीब 275 पतियों को संगनियों ने ही मौत के घाट उतारा है।

# नगर में तीन स्थानों पर एयर मिस्ट टावर करेंगे हवा की सफाई

## प्रदूषण मुक्त मुजफ्फरनगर बनाने की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** में प्रदूषण को कम करने के लिए नगरपालिका ने तीन एयर मिस्ट टावर लगाए हैं। ये टावर जिला अस्पताल, कमला नेहरू वाटिका और गांधी पॉलिटेक्निक के पास स्थापित किए गए हैं। ये टावर ऑटोमैटिक सेंसर बेस्ड हैं और वायु प्रदूषण को कम करने में मदद करेंगे।

इन टावरों का उद्घाटन नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप और ईओ प्रज्ञा सिंह द्वारा किया गया। ये टावर वायु में मौजूद धूल के कणों को कम करने में मदद करेंगे और वायु गुणवत्ता में सुधार करेंगे।

इन टावरों की लागत लगभग एक करोड़ रुपये है और ये एक वर्ष तक इनकी देखभाल संबंधित कंपनी द्वारा की जाएगी। इन टावरों के लगने से मुजफ्फरनगर के लोगों को स्वच्छ वातावरण और बेहतर वायु गुणवत्ता मिलेगी।

मुजफ्फरनगर में प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए, ये एयर मिस्ट टावर एक अच्छा कदम है। ये टावर वायु में मौजूद धूल के कणों को कम करने में मदद करेंगे और वायु गुणवत्ता में सुधार करेंगे।

**इन टावरों के बारे में कुछ और जानकारी:** ये टावर 30-40 फीट ऊंचे हैं और इनमें से पानी की बूंदें वायु में छोड़ी जाती हैं, ये बूंदें वायु में मौजूद धूल के कणों को आकर्षित करती हैं और उन्हें जमीन पर गिरा देती हैं, ये टावर ऑटोमैटिक सेंसर बेस्ड हैं और वायु गुणवत्ता के अनुसार अपनी गति को समायोजित करते हैं, इन टावरों की देखभाल संबंधित कंपनी द्वारा की जाएगी और इनका रखरखाव भी किया जाएगा।




**मुजफ्फरनगर में प्रदूषण की स्थिति:** मुजफ्फरनगर में प्रदूषण का स्तर मध्यम से उच्च है, वायु प्रदूषण के मुख्य कारण हैं, वाहनों का धुआं, उद्योगों का धुआं, और धूल, मुजफ्फरनगर में प्रदूषण को कम करने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें से ये एयर मिस्ट टावर एक है।

### चौकी प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर रील बनाते दो युवकों को दबोचा

**मुजफ्फरनगर।** रील बनाने का नशा भी युवक-युवतियों सिर चढ़कर बोल रहा है। इतना ही नहीं रील बनाने के शौकिन युवक-युवतियां अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे है। कई मामले तो ऐसे हो चुके है जिनमें कुछ युवक और युवतियों को रील बनाते समय अपनी जान गवानी पड़ी। ऐसे मामलों में अभी तक शासन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाई, ताकि इन मामलों पर रोक लग सके। बुधवार को भी एक नया मामला नगर कोतवाली में देखने को मिला। दो युवक बुढ़ाना मोड चौकी की प्रभारी की कुर्सी पर बैठकर रील बनाते देखे गए, हालांकि लोगों में चर्चा है दोनो युवक नशे में थे। और पुलिस ने दोनो को ही हवालात में डाल दिया। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके है।

# 18 अक्टूबर को मनाया जाए अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष दिवस

**मुजफ्फरनगर।** नगर के प्रसिद्ध ज्योतिषविद् विवेक शास्त्री ने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन दिया जिसमें उन्होंने बताया कि हमारी भारतीय वैदिक ज्योतिष पांच हजार वर्षो से अधिक समय से अस्तित्व में है और इसकी जडे भारत की प्राचीन वैदिक संस्कृति मे निहित है। वैदिक ज्योतिष के विद्वान ऋषि मुनि जैसे महर्षि पराशर, भृगु, वराहमिहिर महर्षि, लगध थे। माननीय राष्ट्रपति महोदय, हम चाहते है कि हमारे ऋषि मुनि की प्राचीन वैदिक ज्योतिष जन-जन तक पहुंचे, उसके लिए 18 अक्टूबर को अन्तर्राष्ट्रीय वैदिक ज्योतिष दिवस के रूप में मनाया जाये। हमारे पिता श्री उम्मेद कुमार जी 51 सालों से और हम 14 सालों से वैदिक ज्योतिष को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है।



# जावन में विवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी





**खतौली।** थाना क्षेत्र के गांव जावन में मंगलवार देर रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, गांव जावन निवासी विक्रांत की पत्नी रीना (निवासी गांव जटोली भगवानपुर, जनपद मेरठ) की शादी करीब दस वर्ष पूर्व हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे हुए। लगभग पांच वर्ष पहले विक्रांत की एक हादसे में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद रीना अपने दोनों बच्चों के साथ ससुराल में ही रह रही थी। मंगलवार रात रीना का कमरा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो रीना का शव छत के पंखे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारकर जांच-पड़ताल की और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे और ससुराल पक्ष पर रीना की हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।

बुधवार को मृतका के परिजन थाने पहुंचे और ससुराल पक्ष के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों का आरोप है कि पति की मौत के बाद से ही रीना का ससुराल पक्ष से विवाद चल रहा था और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पमनावली चौकी प्रभारी आरिफ अली ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

तहरीर मिलने और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की गर्दन टूटना बताया गया जो आत्महत्या को इशारा करता है।

## नम आंखों से असलम को किया सुपुर्द ए खाक

**बुढ़ाना।** बुधवार की प्रथम रात्रि असलम राणा का शव राजस्थान राज्य से उसके पैतृक गांव जौला में करीब डेढ़ बजे आया तो परिजनों में जबरदस्त चीख पुकार मच गयी। बुधवार की सुबह आठ बजे के करीब असलम राणा को सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में नम आंखों से गांव जौला के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक कर दिया गया। इस घटना के चलते गांव जौला आज दूसरे दिन भी शोक में डूबा रहा। दरअसल बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव जौला निवासी लगभग 23 साल के असलम राणा पुत्र रिटायर्ड फौजी हसन अली की बीती सोमवार की देर रात एक मोटर साइकिल पर सवार तीन लोगों ने मामूली सी बात पर सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। यह घटना राजस्थान प्रदेश के जोधपुर जिले के महामंदिर थाना क्षेत्र में भदवासिया ब्रिज के पास हुई थी। जिसमें राजस्थान पुलिस ने हत्या के 3 आरो. पियों में से जो दो नाबालिग किशोर थे उनको पकडकर बुधवार के दिन जेल भेज दिया है जबकि तीसरे आरोपी की तलाश में पुलिस लगी हुई है। महामंदिर थानाधिकारी देवेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि तीसरे फरार आरो. पी को भी जल्दी ही पकड़ लिया जाएगा। इसके लिए टीम गठित कर दी गयी हैं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैनें अपने पुत्र का नाम HAMMAD AZEEM से बदलकर MOHD. HAMMAD रख लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को MOHD. HAMMAD के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**अजीम सिद्दिकी पुत्र नसीम अख्तर सिद्दिकी निवासी- म. नं०-209/1, नोर्थ सरवट गेट, मुजफ्फरनगर, (उ.प्र.) -251002**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा बेटा गुलशेर व पुत्रवधू अर्शी पत्नी गुलशेर आपस में लड़ाई झगड़ा करते हैं और वह मेरे कहने सुनने में नहीं है। मेरी बहू व जोया व नेहा मेरे सब रिश्तेदारों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। मेरी बहू अपनी बहन व अपने मायके के पूरे असर में है। आये दिन झूठी सूचना पुलिस बुला लेती है। मैंने अपनी बहू अर्शी व बेटे गुलशेर को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किये गये गलत कामों के जिम्मेदार वह स्वयं होंगे। इन दोनों को मेरे व मेरे परिवार व रिश्तेदार नफीसा, नईमा, इरफान, इशरत, निसार, शबाना, नफीस, शाईन, मोहसीन, गुलअफशा आसिफ, जमशेद, वरिसा ने इन दोनों से मरना जीना ताल्लुकात खत्म कर लिये है।

**खुर्शीद पुत्र शकूर निवासी म.न. 864 गली न.4 लद्धावाला जिला-मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

हमारे भाई मौहम्मद शारिक का गलत किस्म के व्यक्तियों में उठना बैठना था। जिस कारण उसके कृत्यों से तंग व परेशान होकर परिवार वालों ने 8 वर्ष पूर्व मौहम्मद शारिक से अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर लिये थे। तब से ही मौहम्मद शारिक अलग निवास कर रहा था। हमें मालूम हुआ है कि मौहम्मद शारिक हमारे नाम व रुतबे से दीगर व्यक्तियों से पैसे उधार ले रहा है। जबकि हमारा मौहम्मद शारिक से कोई मतलब वास्ता नहीं है। आज के बाद मौहम्मद शारिक से पैसो के सम्बन्ध में कोई लेन-देन करता है तो उसकी हमारी कोई जिम्मेदारी नही है। मौहम्मद शारिक स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मौहम्मद साजिद व मौहम्मद फैसल पुत्रगण स्व.कैसर निवासी म.न.218 सरवट गेट उत्तरी, थाना सिविल लाईन मुजफ्फरनगर**

# फर्जी कंपनी बनाकर किया करोड़ों का लेन देन




**बुढ़ाना।** एक ठग ने एक फर्जी कंपनी बनाकर एक भोले भाले युवक के मोबाइल फोन नंबर से लगातार सात महीने तक कई करोड़ रुपयों का लेन देन किया। युवक को इस बात का पता तब लगा जब उसका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। युवक काफी दिनों से ठग के काल कर रहा है लेकिन उसका नंबर स्विच आफ ही आ रहा है। वह किसी बड़े पचड़े में न पड़ जाए तब उसने बुधवार को सीओ आफिस को एक प्रार्थना पत्र देकर ठग के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की दोपहर बाद सीओ आफिस पर आए अफसर अली पुत्र नाजर अली निवासी गांव सफीपुर पट्टी बुढ़ाना देहात लुहसाना रोड ने बताया कि वह मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। वर्तमान में उसकी लुहसाना रोड पर चाय की दुकान है। बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला कर्बला रोड निवासी सुहैल मलिक पुत्र यामीन दिल्ली में ठेकेदारी का कार्य करता है। सुहैल ने उससे स्थायी मजदूरी के नाम पर लगभग डेढ वर्ष पूर्व उसका फोटो व आधार कार्ड की कापी ली थी तथा बैंक कर्मचारियों को अपने गोदाम पर बुलाकर खाता खुलवा दिया था और कहा था कि अब तेरी मजदूरी सीधे तेरे खाते में आती रहेगी। सुहैल ने उससे कई बार ओटीपी ली तो वह मजदूरी के कारण सुहैल को ओटीपी देता रहा। इस दौरान उसका राशन कार्ड कट गया तो वह बुढ़ाना पूर्ति विभाग आफिस पर गया तो पता लगा कि उसके खाते में करोड़ों रुपये का ट्रांजेक्शन हो गया है। पता चला कि सुहैल द्वारा उसके नाम से एक फर्म बनायी गयी है जिसका नाम भारत ट्रेडर्स था ओर उसी फर्म के नाम बिल काटे गये ओर पैमेन्ट वसूला गया। जिसमें सुहैल उससे समय समय पर ओटीपी लेता रहा। यह अपराध गम्भीर प्रवृत्ति का है। फर्जी फर्म केवल 07 माह चलायी गयी है ओर बाद में समाप्त कर दी गयी। जिसका जीएसटी नंबर भी है। बुधवार के दिन पीड़ित अफसर मंसूरी ने बुढ़ाना सीओ से न्याय की गुहार लगाई है।

# संदिग्ध युवक से पुलिस ने तमंचा किया बरामद

**बुढ़ाना।** परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी ने बुढ़ाना सीओ के निर्देश पर एक संदिग्ध युवक के पास से एक अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद लिखापढ़ी कर युवक को जेल भेज दिया है। युवक किसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से शिकार की तलाश में खड़ा था। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह के दिशा निर्देश पर किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी रिंकू सिंह ने अपने अधीनस्थ हैड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार की मदद से परासौली से राजपुर छाजपुर को जाने वाली रजवाहे की पक्की पटरी पर एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए रोककर उसके पास से एक अवैध तमंचा और 2 कारतूस बरामद किये। पुलिस टीम को पूछताछ में युवक ने अपना नाम राशिद पुत्र सलीम निवासी ग्राम राजपुर छाजपुर बतलाया। युवक के अनुसार उसने यह तमंचा व कारतूस राह चलते अज्ञात व्यक्ति से खरीदा था। पुलिस के अनुसार उक्त युवक राहजनी जैसी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से शिकार की तलाश में खड़ा था कि ऐन मौके पर पहुंचकर पुलिस ने युवक के मंसूबे पर पानी फेर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने आरोपी युवक को बुढ़ाना कोतवाली लाकर लिखापढ़ी करने के बाद जेल भेजा है।

## पूर्व की सरकारों मे सरकारी सम्पत्ति कब्जाने व बेचने वाले भूमाफियाओं पर कब होगी कार्रवाई

**चरथावल।** क्षेत्र में सरकारी जमीनों को फर्जी तरिके से बेचने का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वर्षों से सक्रिय भूमाफिया सरकारी भूमि पर कब्जा कर उसे बेचने का काम करते रहे, लेकिन अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है।

सूत्रों के अनुसार, चरथावल थाने में कई भूमाफियाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं। बावजूद इसके, कार्रवाई की रफ्तार धीमी होने से क्षेत्रवासियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। लोगों का कहना है कि पूर्व की सरकारों के संरक्षण के चलते इन भूमाफियाओं के हौसले बुलंद रहे और सरकारी जमीनों का खुलेआम सौदा किया जाता रहा।स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि ग्राम समाज, खलिहान, तालाब और अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि पर अवैध कब्जे कर उन्हें प्लॉटिंग कर बेच दिया गया। कई मामलों में शिकायतें और मुकदमे दर्ज होने के बाद भी जमीनों को कब्जामुक्त नहीं कराया गया। अब क्षेत्र की जनता प्रशासन से स्पष्ट जवाब चाहती है कि दर्ज मुकदमों में आरोपियों पर ठोस कार्रवाई कब होगी? क्या अवैध रूप से बेची गई सरकारी जमीनों को वापस कब्जामुक्त कराया जाएगा?

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर शासन स्तर से सख्त निर्देश हैं और जिन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं, उनकी जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया है। फिलहाल, क्षेत्र में यह मुद्दा राजनीतिक और सामाजिक दोनों स्तरों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। अब देखना यह है कि प्रशासन अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कब और कितनी प्रभावी कार्रवाई करता है।

## रमजान का चांद नज़र आया, रोज़े की तैयारी में जुटे अकीदतमंद

**मुजफ्फरनगर।** रमजान के पवित्र महीने का पहला रोजा कल यानी गुरुवार को होगा। रमजान का चांद नजर आते ही मुस्लिम क्षेत्र में खुशी का माहौल छा गया और लोग नमाज तरावीह की तैयारी में जुटे रहे। गुरुवार को शुरू होने वाले पवित्र महीने रमजान की तैयारी बुधवार की रात्रि से ही शुरू हो गई थी, तरावीह अदा करने के साथ लोगों ने रोज से पूर्ण होने वाली सेहरी की तैयारी के लिए खरीदारी की खजला और फेनी की खरीदारी की। शहर काजी तनवीर आलम ने रमजान माह की फजीलत बयान करते हुए कहा कि रोजा सिर्फ अल्लाह के लिए है। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखकर फिजूल और दुनिया भी बातों से परहेज करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि रमजान के महीने में दूसरों धर्म की भी भावनाओं का ख्याल रखें। और ऐसा कोई काम ना करें जिससे सांप्रदायिक सौहार्द को खतरा हो और टकराव की स्थिति बने। कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस प्रशासन की मदद करें।

# एडीएम ने किया नगर पंचायत का निरीक्षण



**बुढ़ाना।** जनपद मुजफ्फरनगर के अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा बुधवार की सायं नगर पंचायत बुढ़ाना का औचक निरीक्षण किया गया।

जिसमें उन्होंने ईओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। जिसमें सब कुछ सही पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन जनपद मुजफ्फरनगर के अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार सिंह द्वारा सांय के समय नगर पंचायत बुढाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय जन्म मृत्यु, कर वसूली, जल मूल्य और निर्माण कार्य से सम्बन्धित अभिलेखो का निरीक्षण कर नगर पंचायत बुढाना के द्वारा प्रदान की जा रही जन सुविधाओं के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा सभी अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रख रखाव के निर्देश दिये गये। इस दौरान उन्होंने बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादवह को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और निरीक्षण पर संतोष जाहिर किया गया। कुल मिलाकर सब कुछ सही पाया गया। इस दौरान पंचायतकर्मियों की सांसें अटकी रही लेकिन सब कुछ सही पाए जाने पर सभी की जान में जान आई। इस दौरान यहां पर सुमित शर्मा, शाह आलम और सचिन कोरी आदि पंचायतकर्मी उपस्थित रहे।

## माउंट लिट्रा में क्षेत्रीय विद्यालय निदेशक का प्रेरक संवाद कार्यक्रम आयोजित

**मुजफ्फफरनगर।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में आज दिनांक 18 फरवरी 2026 को ज़ी लर्न लिमिटेड से आरएसडी (रीजनल स्कूल डायरेक्टर) श्रीमती कोमल तोमर का गरिमामयी आगमन हुआ।

इस अवसर पर कोमल तोमर ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों से संवाद स्थापित किया।

### सार्वजनिक सूचना

जनता को सूचित करता है कि **महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (MMFSL)** की 1,583 गाड़ियों (पूरी लिस्ट वेबसाइट लिंक: कस्टमर डिस्क्लोजर महिंद्रा फाइनेंस पर उपलब्ध है) को MMFSL ने पोर्टल (eDIIG) और ऑफलाइन मोड के जरिए नीलाम किया था और अभी वे महिंद्रा फर्स्ट चॉइस व्हील्स लिमिटेड **(MFCWL)** ("गाड़ियां") के अलग-अलग यार्ड में पार्क हैं। इसलिए, MFCWL को देने वाले पार्किंग चार्ज, वापस ली गई/नीलाम की गई गाड़ियों की पार्किंग की तारीख से जमा हो रहे हैं। नीलामी के बावजूद, खरीदार MMFSL से गाड़ियों का कब्जा लेने में नाकाम रहे हैं, इन वजहों से, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- नीलामी के हिसाब से पूरी रकम का पेमेंट न करना
- पार्किंग चार्ज का पेमेंट न करना
- पेमेंट के बाद भी डिलीवरी न लेना
- खरीदार की डेथ या अन्य आकस्मिकताएं

**इसलिए, गाड़ी या उसके किसी हिस्से के टाइटल (मालिक होने) का दावा करने वाले सभी संबंधित खरीदारों से कहा जाता है कि वे इस नोटिस की तारीख से 15 (पंद्रह) दिनों के अंदर अपनी गाड़ी का कब्जा ले लें। इसके लिए वे गाड़ी की नीलामी के लिए पूरी रकम (अगर लागू हो) और पार्किंग चार्ज और उबूिस को देय कोई भी दूसरी रकम का पेमेंट नीचे दिए गए दस्तावेज जमा करके करें:**

- पेमेंट का प्रूफ और जरूरी डॉक्यूमेंट
- सेल्फ-आइडेंटिफिकेशन इल्क (आधार, पैन, वगैरह)
- MMFSL द्वारा मांगे गए गाड़ी के टाइटल से जुड़े डॉक्यूमेंट
- MFCWL को पार्किंग चार्ज के पेमेंट की रसीद

ऊपर बताए गए सभी क्लेम और डॉक्यूमेंट यहां बताई गई टाइमलाइन के अंदर उउॅसि को जमा करने होंगे।

अगर तय समय के अंदर ऊपर दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो **MMFSL** बिना किसी और नोटिस के उन गाड़ियों या उनके किसी हिस्से को फिर से नीलाम करने के अपने अधिकार का इस्तेमाल करेगा और उसके बाद उन लोगों का किसी भी गाड़ी पर कोई अधिकार और/या मालिकाना हक नहीं होगा।

ऐसी दोबारा नीलामी से होने वाली कमाई को पहले यार्ड पार्किंग चार्ज और उबूिस या किसी तीसरे पक्ष को देने वाले दूसरे बकाए के लिए इस्तेमाल किया जाएगा और उसके बाद गाड़ी के संबंध में MFCWL को देने वाले किसी भी बकाया रकम के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कोई भी सरप्लस रकम डॉक्यूमेंट्री प्रूफ मिलने और उउॅसि या उसके प्रतिनिधियों द्वारा पूरी जांच-पड़ताल के बाद असली मालिक को वापस कर दी जाएगी। किसी भी कमी के मामले में, उसे संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों से वसूला जाएगा।

ऊपर बताए गए तय समय के बाद, किसी भी हालत में कोई भी क्लेम स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी पत्र-व्यवहार **Prafull.Ruke1@mahindrafinance.com** पर करें, विषय: लंबे समय से खड़ी गाड़ी

**महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से**

### सिविल जज (सीनियर डिवीजन) मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)

अदालती समन

वाद के निस्तारण के लिये समन आदेश 5 के नियम 1 व 5

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) मुजफ्फरनगर।**

वाद सं0 35 सन् 2022

पंजाब एण्ड सिंध बैंक (जिसका गठन बैंकिग रैगुलेशन कम्पनी एक्ट 1970 के अन्तर्गत किया गया है व जिसका हैड ऑफिस 21, बैंक हाऊस राजेन्द्र पैलेस नई दिल्ली में है) व जिसकी अन्य शाखाओं में से एक शाखा रूड़की रोड, तहसील सदर जिला मुजफ्फरनगर में है, द्वारा शाखा प्रबन्धक। **...वादी**

**बनाम**

1-मेसर्स संजय कुमार द्वारा प्रोपराईटर संजय कुमार आफिस पता निकट 537/16, दक्षिणी कृष्णापुरी, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर।

2-संजय कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी मकान नं0 208/59, दक्षिणी कृष्णापुरी, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर। **...प्रतिवादीगण**

वादी ने आपके विरूद्ध वसूली के लिए वाद संस्थित किया है अत: आपको इस न्यायालय में तारीख 26/02/2026 दिन बृहस्पतिवार को 10:00 बजे प्रात: दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसको सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सभी प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजरायी का दावा या प्रति दावा आधारित है। और यदि आपकी किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे शक्ति में हो या ना हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरायी के दावे या प्रति दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है और आप ऐसे दस्तावेज के लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करे। आपको सूचित किया जाता है यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर में नहीं आये तो वाद की सुनवायी और उसका निस्तारण आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज दिनांक 27 माह 1 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

आज्ञा से

सिविल जज (सीनियर डिविजन) मुजफ्फरनगर।

नियत तिथि वास्ते डब्लू0एस0 तनकी

# जल निगम ने नई पाइप लाइन में छोडा पानी



**बुढ़ाना।** जल निगम ने बुढ़ाना कस्बे में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पाइप डालने का काम किया है। अधिकांश जगहों पर कार्य पूर्ण हो चुका है और कुछ जगहों पर कार्य जारी है। जल निगम ने बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड नंबर 10, वार्ड नंबर 12 और वार्ड नंबर 17 में कार्य पूर्ण करवाते हुए बुधवार के दिन ट्रायल के तौर पर इसलिए पानी छोड़ा ताकि लीकेज का पता लग सके कि लीकेज कहां कहां पर है। जब नई पाइप लाइन में पानी छोड़ गया तो जल निगम के अधिकारियों के अनुसार पानी छोड़ने के बाद ही पता चलता है कि नई पाइप लाइन में कहीं कोई लीकेज तो नहीं है क्योंकि नई पाइप लाइन डालने के साथ ही सभी घरों में नए कनेक्शन भी हुए हैं। कुछ जगहों पर लीकेज मिली है जिन्हें ठीक कराया जा रहा है। बिना पानी छोड़े लीकेज का पता ही नहीं चल सकता। उधर नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी के अनुसार नगर पंचायत का इस टेस्टिंग से किसी भी तरह का मतलब नही है। टेस्टिंग करने और पूरे कस्बे का कार्य पूर्ण करने के बाद ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल निगम पूरे नए सिस्टम को हमें हैंडओवर करेगा मगर कुछ लोग निजी स्वार्थ में नगर पंचायत को बदनाम कर रहे हैं जो सही नहीं है। दूसरी ओर मौहल्ला मंडी के अंकुर सैनी ने बताया कि आज जल निगम ने पानी की टंकी का ट्रायल लिया। जिसमें कई जगह लीकेज मिला। ऐसा लगता है कि वार्ड 9 व 12 में कई घर जल निगम की लापरवाही से बैठ जाएंगे।

# होली चाईल्ड में स्काई इज द लिमिट कार्यशाला का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** बुधवार को होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज, जडौदा के सभागार में विद्यार्थियों के लिए ''स्काई इज द लिमिट कार्यशाला'' एवं ''शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ शिक्षाविद् एवं प्रशिक्षक विजय राज, धीरज बालियान, जितेन्द्र कुमार, अमित शर्मा, आकांश शर्मा एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया है।

इस कार्यशाला की थीम 'स्काई इज द लिमिट' इसका अर्थ है- विच. ारों का विस्तार बहुत व्यापक होना चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान की जनरेशन पूर्व समय की जनरेशन से लगभग 10 वर्ष से आगे है। आज के युग में विद्यार्थियों के पास अपने ज्ञान का विस्तार करने के लिए अने. कों संसाधन उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों को महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम एवं प्रसिद्ध महिला मुक्केबाज मैरीकॉम सहित अनेक महान पुरूषों एवं उनके संघर्ष की ज्ञानवर्धक कहानियाँ बतायी जो विद्यार्थियों को मुश्किल परिस्थियों में समस्याओं से उभरने के लिए प्रेरित करेगी। तत्पश्चात् विद्यार्थियों ने फीडबैक में अपने सुझाव दिये, जिसमें कक्षा-8 से अनुश्री दहिया ने बताया कि हमें विच. ारों को बांधकर नहीं रखना चाहिए और एक सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढना चाहिए। विजय राज ने शिक्षण प्रक्षिशण कार्यक्रम के दौरान बताया कि जिस प्रकार आप विद्यालय के सभी बच्चों का ध्यान रखेगें, उसी प्रकार अन्य भी आपके बच्चों का ध्यान रखेगें। उनके अनुसार जैसा हम करते है उसके फलस्वरूप वैसा ही हमें वापस प्राप्त होता है। जीवन में कुछ प्राप्त करने के लिए बहुत संघर्ष और अनुभव की आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि मनुष्य के जीवन में उसके चारों ओर के वातावरण का प्रभाव उसके वास्तविक जीवन पर पडता है, अर्थात् अच्छा व्यक्ति अच्छे व्यक्तित्व को आकर्षित करता है जबकि बुरा व्यक्ति बुरे व्यक्तित्व को आकर्षित करता है। कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति का अपने नजरिये के अनुसार आंकलण करता है। उन्होंने बताया कि एक शिक्षक नजरिया सदैव सकारात्मक होना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया एवं समस्त स्टाफ विजय कुमार राज को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शुभम कुमार, प्रीतम कुमार मिश्रा, रीना चौहान, सचिन कश्यप का विशेष सहयोग रहा।

# क्रांति सेना ने डीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

## कम्पनी बाग से काटे गए पेडों का उठाया मुद्दा, भ्रष्टाचार के लगाए आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने बुधवार को जिलाधिकारी को मिलकर जहां नगर पालिका पर भ्रष्टाचारी का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की तो मेरठ रोड स्थित कमला नेहरू वाटिका में पालिका ठेकेदारों द्वारा पेड काटने का आरोप लगाते हुए कहा कि हरे-भरे फलदार पेडों को अवैध रूप से काटकर गायब कर दिया गया। और मामला संज्ञान में आने के बावजूद भी संबंधित अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की और इस मामले को छिपाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

यहां पहुंचे क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापनम` बताया गया कि डीएफओ द्वारा अपनी मुल्याकन रिपोर्ट में काटे गए पेडों की कीमत काफी कम अंकित की गई है। और अपनी रिपोर्ट में अवैध ढंग से काटे गए हरे-भरे और फलदार पेडों से हुए पर्यावरण में नुकसान का कोई आंकलन नहीं किया। ज्ञापन में कहा गया कि हरे-भरे पेडों के कटान में पालिका प्रशासन और वन विभाग की मिलीभगत है।

उन्होने नगर पालिका द्वारा सफाई के लिए निर्धारित कंपनियां भी 10-1200 वेतन पर रखे कर्मचारियों का जमकर शोषण करने का आरोप लगाया गया है। उन्होने दिल्ली की एक कम्पनी द्वारा अपने 369 कर्मचारियों और दूसरी कम्पनी अपने 50 कर्मचारियों को पिछले एक साल से पीएफ देने में आना-कानी कर रही है जबकि नगर पालिका की ओर से उक्त कर्मचारियों को दिया जाने वाला पीएफ की रकम को उक्त कम्पनियों को बराबर दिया जा रहा है।

उन्होने विकास कार्यों में भी धांधली का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में चालीस प्रतिशत से अधिक कमिशन खोरी की जा रही है यही कारण है कि सड़क, गलियां बनने से पहले ही टूट जाती है।

ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि पालिका प्रशासन की तमाम विकास कार्यों की जांच के साथ कम्पनी बाग से काटे गए हरे-भरे पडों का मुल्याकंन दोषी अधिकारियों आर ठेकेदारों द्वारा कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने मामलों का तुरंत संज्ञान लिया और उन्हे कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान शरद कपूर, मुकेश त्यागी, पूनम चौधरी, देवेन्द्र चौहान, मंगत राम, सोनकर, नरेन्द्र ठाकुर, अरविंद कौशिक, गौरव शर्मा, निंकुन चौहान, राजेन्द्र तायल, उज्जवल पंडित, शेलेन्द्र विश्वकर्मा आदि शामिल रहे। बता दे कि कुछ दिन पूर्व भी भाजपा के सभासद ने कम्पनी बाग में काटे गए हरे-भरे पेड का मुद्दा उठाया था और यह मामला कोर्ट भी पहुंचा तब सभासद ने भी भ्रष्टाचारी के आरोप लगाए थे।

# सुरक्षा के कड़े इंतज़ामों के बीच शुरू हुई यूपी बोर्ड परीक्षा

## सीसीटीवी की निगरानी और पुलिस पहरे में नकलविहीन परीक्षा का दावा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार से शुरू हुई उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं खतौली क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुईं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरों के जरिए विद्यार्थियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी गई। प्रशासन ने इस बार नकल पर पूरी तरह अंकुश लगाने का संकल्प लिया है। नगर एवं देहात क्षेत्र में पिकेट इंटर कॉलेज, सीताशरण कॉलेज, कुन्द-कुन्द जैन कॉलेज, देवी मंदिर इंटर कॉलेज और जनता इंटर कॉलेज सहित कई शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। बाहरी व्यक्तियों के



प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध रहा और कॉलेज परिसरों में आने-जाने वालों की सघन जांच की गई। हर परीक्षा कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों का नियंत्रण कक्ष प्रधानाचार्य कक्ष में स्थापित किया गया है, जहां से शिक्षक और प्रशासनिक अधिकारी परीक्षार्थियों की हर गतिविधि पर निगरानी रख रहे हैं। यदि किसी छात्र के पास नकल सामग्री पाई जाती है तो तत्काल उसकी उत्तरपुस्तिका जब्त कर पुलिस को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

बुधवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा का समय सुबह 8:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। पहले दिन हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की अलग-अलग पालियों में हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

## बोर्ड परीक्षा के बीच बूंद-बूंद को तरसा खानूपुर

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के गांव खानूपुर में पिछले डेढ़ माह से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप पड़ी है। करीब सात हजार की आबादी वाला यह गांव पानी की एक-एक बूंद को मोहताज है। लेकिन सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसी बीच बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं और विद्यार्थियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में नलों में पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में छात्रों को सुबह जल्दी उठकर पानी की व्यवस्था के लिए दूसरे गांवों में जाना पड़ रहा है। कई परिवार अपने बच्चों के लिए पीने और नहाने का पानी लाने को मजबूर हैं, जिससे विद्यार्थियों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गई है। अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा के तनाव के बीच पानी की किल्लत ने बच्चों की परेशानी दोगुनी कर दी है। समय पर परीक्षा केंद्र पहुंचने की चिंता भी उन्हें सता रही है। गांव में पेयजल संकट के कारण रसोई, दैनिक कार्य और पशुओं के लिए पानी की समस्या भी गहराती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे के पास जल विभाग की पाइपलाइन करीब डेढ़ माह से फूटी पड़ी है, लेकिन संबंधित विभाग ने उसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई। कई बार तहसील प्रशासन और उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान भी यदि विभाग नहीं चेता तो यह छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा। गांववासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र जलापूर्ति बहाल नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गोकश गिरफ्तार, पैर में गोली लगने से घायल

**खतौली।** थाना रतनपुरी पुलिस ने मंगलवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान एक इनामी गोकश बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और एक बाइक बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार के अनुसार, पुलिस टीम चौकी कल्याणपुर के पास टोडा मार्ग पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टोडा से कल्याणपुर रोड के बीच ईख के खेत में कुछ बदमाश किसी आपराधिक वारदात की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस सतर्क हो गई और क्षेत्र में सघन चेकिंग शुरू कर दी।

कुछ देर बाद एक संदिग्ध युवक बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर तमंचे से फायर कर दिया और ईख के खेत में भाग गया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे आत्मसमर्पण की चेतावनी दी, परंतु आरोपी नहीं माना। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रहीस पुत्र सीनू निवासी रटोल थाना खेकड़ा, हाल निवासी मिर्जापुर सेक्टर थाना विजय नगर, जनपद गाजियाबाद के रूप में हुई है। उसके खिलाफ गो. कशी समेत आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस ने घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

**चरथावल।** किशोरी के साथ छेड़छाड़ व फोटो प्रसारित करने की धमकी देकर पैसे की मांग करने के आरोप में वांछित चल रहे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है।

थाना-क्षेत्र के एक गांव निवासी ने दो दिन पूर्व दर्ज कराए

मुकदमें में आरोप लगाया था कि ग्राम सैदपुर कलां निवासी नावेद उसकी नाबालिक पुत्री से छेडछाड करता है और फोटो प्रसारित करने की धमकी देकर पैसे की मांग करता है। थाना प्रभारी सत्यनारायण दहिया ने बताया कि दो दिन पूर्व किशोरी के साथ छेड़छाड़ की गयी थी।किशोरी द्वारा बताये जाने पर स्वजन द्वारा आरोपित के विरुद्ध छेड़छाड़ व पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया था। बुधवार को सूचना मिली थी कि आरोपित राजवाहा पटरी कसियारा पुलिया के निकट कहीं जाने की फिराक में खड़ा है। सूचना पर उपनिरीक्षक पंकज शर्मा ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी करके आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

# गन्ने से टूटी अब सरसो से लगी किसानों को आस

## गन्ने का घटा उत्पादन बनी चिंता, सरसो के पीले रंग से आई रंगत

**काजी अमजद अली**

**मोरना।** कृषि क्षेत्र मे आर्थिक रीढ़ माने जाने वाली गन्ने की फ़सल का उत्पादन इस वर्ष आधे मे सिमट गया है। घटते उत्पादन से चिंतित किसान की उम्मीदें अब सरसों के उत्पादन पर टिकी हैं। सरसों की फ़सल के अच्छे उत्पादन की आशा किसानो ने जताई है तो वहीं गन्ने की फ़सल के उत्पादन को लेकर उपाय करने की मांग सरकार से की है।

मोरना क्षेत्र मे कृषि को रोजगार और आर्थिक सक्षमता का साधन माना जाता है। फसलों का उत्पादन व भाव तथा उनका उचित निस्तारण किसान की आमदनी को प्रभावित करता है।किसान की आमदनी बढ़ने पर क्षेत्र मे विकास को गति मिलती है। तो वहीं किसान की आमदनी घटने पर विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना निश्चित है।आधुनिक तरीको ने फसलों के उत्पादन मे इजाफा ज़रूर किया।किन्तु लगातार बढ़ती लागत चिंता का विषय है।बड़ी लागत के बाद उगाई गयी फ़सल का उत्पादन अगर किसी कारण कम हो जाये अथवा किसी प्राकृतिक आपदा से फ़सल के नुकसान के बाद किसान घाटे मे चला जाता है। इस वर्ष गन्ने का घटा हुआ उत्पादन किसान को चिंता मे डाले हुए है तो वहीं सरसों के अच्छे उत्पादन से किसानो को कुछ आस जगी है।

मोरना -शुक्रताल मार्ग किनारे स्थित कृषि फार्म के मालिक प्रगतिशील किसान बृजवीर सिंह राठी ने बताया की दो स्थानों पर वह लगभग 270 बीघा भूमि पर खेती करते हैं। प्रतिवर्ष लगभग 17000 सतरह हज़ार कुंतल गन्ने का उत्पादन करते हैं। इस वर्ष गन्ने की पैदावार बहुत कम हुई है।एक बीघा मे 70 -80 क्विंटल गन्ना पैदा हो रहा था इस वर्ष घटकर 35-40 क्विंटल रह गया है। चौधरी बृजवीर







सिंह ने बताया की मौसम की नमी भी एक वजह है। किन्तु इसका मुख्य कारण नकली पेस्टीसाइड हैं।जो धड़ल्ले से बिक रहे हैं। जिससे गन्ने की फ़सल का उत्पादन आधा रह गया है। सरसों की पैदावार अच्छी है।गन्ने की फ़सल मुख्य है सरसों की खेती कम भूमि पर की जाती है। किसान को इस वर्ष बड़ा घाटा है। सरकार नकली पेस्टीसाइड पर रोक लगाये अन्यथा स्थिति और भी खराब होगी।गांव करहेड़ा निवासी किसान चौधरी मनोज उर्फ बिन्नू राठी ने बताया की क्षेत्र मे भूमि का वर्गीकरण चार भागो मे किया जाता है। आबादी के निकट की पक्की उर्वरक भूमि,आबादी से दूर दोमट हल्की उपजाऊ भूमि, रेत वाली खोला के जंगल की भूमि,गंगा व सोलानी की डेल्टाई खादर भूमि सभी के लिए एक जैसी तकनीक नहीं होनी चाहिए। समय समय पर भूमि की नि:शुल्क जांच की व्यवस्था होनी चाहिए। नकली पेस्टीसाइड भूमि की उर्वरा क्षमता को तेजी से कम कर रहे हैं । नकली पेस्टीसाइड बेचने वाले व उसे बनाने वालों पर तुरंत कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए।सरसों की पैदावार अच्छी है जो खुशी की बात है।किन्तु आधार गन्ने की फ़सल ही है।

गांव रहमतपुर निवासी किसान चौधरी राजीव सिंह ने बताया की गन्ने का घटा उत्पादन आर्थिक स्थिति को बड़े स्तर प्रभावित करेगा। किसान पर कर्ज का बोझ बढ़ना निश्चित है।कर्ज बढ़ेगा तो तनाव भी बढ़ेगा। सरकार ने गन्ने के भाव बढ़ाये जो स्वागत योग्य है किन्तु फ़सलो का उत्पादन बढ़ना तथा लागत नियंत्रण मे रहना भी ज़रूरी है। सरकार इस और गंभीरता से ध्यान दे।सरसों सहायक फ़सल जिसकी उपज अच्छी है। गन्ने की फसल आर्थिक रीढ़ है। उसका उत्पादन बढ़ना ज़रूरी है।

# कथावाचकों की आराध्य भूमि है शुकतीर्थ : डॉ श्याम सुंदर पाराशर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पाराशर अध्यात्म पीठ, वृंदावन के संस्थापक एवं प्रसिद्ध कथाव्यास डा. श्याम सुंदर पाराशर भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम मे पहुंचे, जहां उन्होंने राधे-राधे भागवत भवन में अपने सुपुत्र ऋषि पाराशर के श्री मुख से आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का पूजन कर उदघाट्न किया।डॉ पाराशर ने सिद्ध अक्षय वटवृक्ष की परिक्रमा कर श्री शुकदेव मंदिर में पूजन किया और पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा व्यास ने कहा कि शुकतीर्थ धाम सभी कथावाचकों के लिए गुरु भूमि है। भगवान श्री शुकदेव जी सभी कथावाचकों के परम् आराध्य हैं। विरक्त संत स्वामी कल्याणदेव महाराज ने भागवत भूमि का जीर्णोद्धार कार्य कर सनातन संस्कृति के इतिहास को संरक्षित तथा गौरवान्वित किया है। शुकतीर्थ आध्यात्म का ऊर्जा केंद्र है। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने कहा कि डा. श्याम सुंदर पाराशर जी भागवत के मूर्धन्य विद्वान एवं सरस वक्ता हैं, जो अपनी कथाओं में सदैव भागवत के मूल विषय को ही सहज और सरल तरीके श्रोताओं को प्रदान करते हैं। ट्रस्टी ओमदत्त देव, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आचार्य सुमन, आचार्य राजेश पचौरी, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे।



# सामाजिक सौहार्द एवं हिंदू मुस्लिम राजपूत एकता को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण: मोहम्मद गुलजार पुंडीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अग्रवाल मार्केट स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर सुभाष चौहान के कार्यालय पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे और आपसी मुलाकात कर सामाजिक सौहार्द पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में राष्ट्रीय सहसंयोजक, गौ सेवा पर्यावरण सेवा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच एवं सेक्टर संयोजक भाजपा तथा राष्ट्रीय सचिव मो. गुलजार पुंडीर, महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र पुंडीर



(मुखिया जी) एवं वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद सलीम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान हिंदूदृमुस्लिम भाईचारे, सामाजिक एकता एवं राजपूत समाज सहित सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर सद्भावपूर्वक साथ रहने पर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की मजबूती पारस्परिक सम्मान, संवाद और सहयोग से ही संभव है। बैठक में क्षेत्र में शांति, सौहार्द और आपसी सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।

# जनसंचार विभाग ने किया प्रथम राष्ट्रीय मीडिया फेस्ट का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा 20 एवं 21 फरवरी को प्रथम राष्ट्रीय मीडिया फेस्ट का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय स्तर के फेस्ट का उद्देश्य विद्यार्थियों में मीडिया कौशल, रचनात्मकता एवं पेशेवर दक्षता का विकास करना है, ताकि वे मीडिया के विविध क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

फेस्ट के दौरान मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर व्याख्यान, कार्यशालाएं तथा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में एंकरिंग, फोटोग्राफी, फिल्म मेकिंग, एडवरटाइजमेंट डिजाइनिंग तथा पेपर प्रेजेंटेशन, स्टोरी टेलिंग, पी टू सी जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी। देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से छात्र-छात्राएं इस राष्ट्रीय मीडिया फेस्ट में भाग लेंगे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मीडिया की नवीनतम तकनीकों एवं व्यावहा. रिक ज्ञान से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य के मीडिया पेशेवरों के रूप में तैयार करना है। इसके साथ ही मीडिया क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें करियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश कुशवाहा ने बताया कि यह फेस्ट विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगा, जहां वे अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे।

कॉलेज प्रशासन ने सभी मीडिया विद्यार्थियों एवं इच्छुक प्रतिभागियों से इस फेस्ट में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

## एसडी इंजीनियर के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने सत्रों, संवाद कार्यक्रमों में लिया भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर** जानसठ रोड स्थित एस.डी. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर द्वारा संस्थान के शिक्षकों व 52 विद्यार्थियों India AI Impact Summit 2026 का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जहाँ विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नवीनतम अनुप्रयोगों, उद्योग नवाचारों एवं वैश्विक सहयोग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

समिट के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों, प्रदर्शनों तथा संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियाँ भारत मंडपम के प्रदर्शनी हॉलों के साथ-साथ सुषमा स्वराज भवन, विज्ञान भवन तथा डॉ. अम्बेडकर भवन में आयोजित की गईं, जहाँ विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चाएँ, शोध संगोष्ठियाँ एवं लाइव डेमो का अवलोकन किया। कॉर्पोरेट प्रदर्शनी क्षेत्र में विद्यार्थियों ने प्रमुख वैश्विक एवं भारतीय तकनीकी संगठनों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों का अध्ययन किया।

वहीं भारतीय आईटी कंपनियों ने उद्योग, स्वास्थ्य एवं वित्तीय क्षेत्रों में एआई आधारित डिजिटल समाधान प्रस्तुत किए। स्टार्टअप पवेलियन में नवोन्मेषी उद्यमों द्वारा एआई आधारित हेल्थ-टेक मॉनिटरिंग, स्मार्ट कृषि विश्लेषण, शिक्षा-सहायक प्लेटफॉर्म, चौटबॉट समाधान तथा कंप्यूटर विजन आधारित सुरक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन किए गए।

इन इंटरैक्टिव प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं नवाचार के व्यावहारिक आयामों से अवगत कराया।

# विभाग की बैठक में नई आबकारी नीति पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला आबक. ारी अधिकारी की अध्यक्षता में आज कार्यालय जिला आबकारी अधिक. ारी मुजफ्फरनगर में जनपद मुजफ्फरनगर के समस्त फुटकर एवं थोक मदिरा अनुज्ञापियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आबकारी नीति 2026-27 पर चर्चा की गई और अनुज्ञापियों को नई आबकारी नीति के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराया गया।

नई आबकारी नीति के मुख्य बिंदु1. देशी शराब, कम्पोजिट शॉप एवं मॉडल शॉप तथा भांग के दुक. ानों के वर्ष 2026-27 हेतु निर्धारित वार्षिक एम0जी0क्यू0, एम0जी0आर0 एवं बेसिक लाइसेंस फीस/लाइसेंस फीस, प्रोसेसिंग फीस तथा नवीनीकरण शुल्क आदि के आगणन को विस्तार से अवगत कराया गया।2. थोक अनुज्ञापनों की वर्ष 2026-27 हेतु लाइसेंस फीस में हुये बदलाव के सम्बन्ध में समस्त अनुज्ञापियों को अवगत कराया गया। 3. समस्त फुटकर अनुज्ञापियों से अधिकाधिक दुकानों का नवीनीकरण कराये जाने हेतु अपील की गई और उनके द्वारा वर्ष 2025-26 की दुकानों की समस्त देयताएं तत्काल बेबाक कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. नवीनीकरण हेतु समय-सारणी से अवगत कराते हुए उनके नवीनीकरण के लिए आवश्यक प्रपत्रों को तैयार कराये जाने एवं ऑन-लाईन आवेदन प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये।

अनुज्ञापियों के प्रश्नों का समाधानबैठक में उपस्थित अनुज्ञापियों के प्रश्नों को आमंत्रित किया गया और मौके पर उन्हें समाधान/उत्तर दिया गया। बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त की गई।

## घरों की छतों पर चढ़कर मोमीनों ने देखा चांद

**बुढाना।** बुधवार की देर शाम सात बजे के आसपास मगरिब की नमाज के कुछ देर बाद आसमान में घटाओं के बीच चांद देखा गया। जिसके बाद आतिशबाजी और घंटी बजने का क्रम ईशा की अजान से पहले तक चलता रहा। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने अपने अपने घरों की छतों पर चढ़कर घटाओं के बीच चांद की जियारत की और एक दूसरे को सलाम कर माहे रमजान की मुबारकबाद दी।

मस्जिदों में पोने आठ बजे से ही तराबीह शुरु हुई। मिली जानकारी के अनुसार चांद दिखने के साथ ही रमजान भी शुरू हो गया। रमजान के पाक महीने में रोजा रखना और नमाज पढ़ना मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए बहुत खास होता है। रमजान का महीना इबादत और नेकी करने का होता है। बुधवार को चांद दिखा और आज से यानि बृहस्पतिवार से रमजान का महीना शुरू हो गया। 30 दिनों तक अनवरत चलने वाले इस रमजान का महीना बहुत ही खास होता है। रमजान महीने में 30 दिनों तक मुस्लिम समुदाय के लोग दिन भर रोजा रखकर शाम में इफ्तार व सेहरी करते हैं। इस संबंध में बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने बतलाया कि चांद दिख गया है। पहला रोजा आज बृहस्पतिवार से शुरु होगा।

# 20 एवं 21 फरवरी, 2026 को परिवहन मेले का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अजय मिश्रा ने बताया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा एकमुश्त कर ढाँचे ONE TIME TAX के लागू होने के उपरान्त आरटीओ स्तर पर दिनांक 20 एवं 21 फरवरी, 2026 को परिवहन मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि परिवहन मेले में एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के संबंध में वाहन स्वामियों एवं विभिन्न ट्रांसपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। वाहन स्वामियों की शंकाओं का समाधान मौके पर ही किया जायेगा तथा आवश्यकतानुसार कर भुगतान / समायोजन की सुविधा प्रदान की जायेगी।

उन्होंने जनपद के वाहन स्वामियों से कहा है कि उक्त मेले में अधिक से अधिक वाहन स्वामी उपस्थित होकर एक मुश्त कर व्यवस्था/ नियम /कर निर्धारण प्रक्रिया की जानकारी / वाहन स्वामियों की शंका समाधान हेतु 20 एवं 21 फरवरी, 2026 को परिवहन कार्यालय, मुजफ्फरनगर में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित परिवहन मेला में प्रतिभाग करने का कष्ट करें

## टाउनहाल परिसर में प्याऊ का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुधवार को विद्युत नगरीय वितरण खण्ड (वाणिज्य-1 व 2), टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर में वाटर कूलर (प्याऊ) का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियन्ता (वितरण) विनोद कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लिटिल मेनर स्कूल के प्रतिनिधियों, रामअवतार, राजेश गोयल एवं अंकुर गोयल द्वारा टाउन हॉल प्रांगण में वाटर कूलर सप्रेम भेंट किया गया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य अभियन्ता एवं अधिशासी अभियन्ता को बुके एवं गुलाब पुष्प भेंट कर सम्मानित भी किया। मुख्य अभियन्ता विनोद कुमार ने विद्यालय प्रबंधन एवं प्रतिनिधियों के इस सराहनीय सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि समाज व संस्थानों की सहभागिता से ही जनसुविधाओं का विस्तार संभव है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# बसेडा में एक दिवसीय शूटिंग बॉल का शुभारंभ

**छपार।** गांव बसेड़ा में एकदिवसीय शूटिंग बाल का शुभारंभ समाजसेवी गुल मोहम्मद उर्फ गुल्लू ने फीता काटकर किया जिसमें आसपास के गांव की दर्जनों टीम ने हिस्सा लिया। जिसमें बसेड़ा ने नूरनगर की टीम को आठ पाइंट से हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा जमाया। गांव बसेड़ा में एकदिवसीय शूटिंग बाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग एक दर्जन टीमों ने भाग लिया और मंगलवार से शुरू होकर रात एक बजे फाइनल मैच खेला गया। सेमी फाइनल बसेड़ा व रामपुर की टीम के बीच खेला गया जिसमें बसेड़ा ने रामपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच बसेड़ा व नून. नगर की टीम के बीच खेला गया जिसमें नूननगर की टीम आठ पॉइंट से हार गई। मुख्य अतिथि गुल



मोहम्मद ने विजेता टीम को ट्रॉफी व इनाम दिया। मुख्य रूप से दिलशाद पूर्व प्रधान बसेड़ा, मनोज, आर्य वीर, यतेन्द्र, अमजद, हारुन, भूरा,सानिब मलिक आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नियमों के उल्लंघन पर न्यू हाईट एकेडमी की सदस्यता की निरस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा इकाई कैराना की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को डी।के। कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष शहजाद एडवोकेट ने की, जिसमें क्षेत्र के कई विद्यालय संचालक मौजूद रहे। बैठक में संगठन के नियमों का पालन न करने पर न्यू हाईट एकेडमी कैराना की सदस्यता सर्वसम्मति से निरस्त कर दी गई। इस प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने एकमत सहमति जताई। बैठक के दौरान आगामी शैक्षिक सत्र को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। तय किया गया कि सभी संबद्ध विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जाएंगी। बिना



ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) के किसी भी छात्र को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि कोई विद्यालय 31 जुलाई तक टीसी प्रस्तुत नहीं करता है तो उस पर 10 हजार रूपए का आर्थिक दंड लगाया जाएगा। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि सत्र के मध्य कोई भी विद्यालय दूसरे विद्यालय के शिक्षक को नियुक्त नहीं करेगा। फीस व्यवस्था के संबंध में तीन बच्चों पर एक फीस माफ करने का नियम यथावत रखने पर भी सहमति बनी।

नई कार्यकारिणी के गठन के लिए 27 मार्च 2026 को एस।एन। इंटर कॉलेज कैराना में अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महासभा के संरक्षक के रूप में डी।के। स्कूल के प्रबंधक राज कुमार सेन, आर।सी। स्कूल के प्रबंधक यशपाल पवार, एन।ए। कॉन्वेंट स्कूल के प्रबंधक सलीम अंसारी सहित अन्य विद्यालय संच. ालक उपस्थित रहे। अंत में सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए और जलपान के साथ बैठक का समापन हुआ।



## नाला ओवरफ्लो होने से कचहरी परिसर में भरा गंदा पानी, अधिवक्ताओं ने एसडीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कचहरी परिसर स्थित मुख्य फोटोस्टेट दुकान के पास अधिवक्ताओं के चौंबरों के सामने नाला ओवरफ्लो होने से गंदा पानी बह रहा है। समस्या को लेकर शालिनी कौशिक अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज को शिकायती पत्र देकर शीघ्र समाधान की मांग की है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि गत 3 फरवरी को भी इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। उस समय उपजिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग को दो दिन के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। अधिवक्ता का कहना है कि नाले का गंदा पानी लगातार बहने से स्थिति और अधिक खराब हो गई है। बदबू और गंदगी के कारण अधिवक्ताओं व वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने उपजिलाधिकारी से प्रकरण का संज्ञान लेकर तत्काल सफाई व नाले की मरम्मत कराने की मांग की है।

## बुधवार साप्ताहिक बंदी पर नहीं दिखा असर बाजारों में खुलीं दुकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बुधवार को लेकर जहां साप्ताहिक बंदी कराई गई है वही दूसरी ओर व्यापारी अपनी अपनी दुकान खोल कर साप्ताहिक बंदी की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आते दिख रहे हैं जिसका असर बाजारों में खुलीं दुकानों पर दिखाई दे रहा है जहां प्रतिबंधित दुकानदार अपने अपने कार्यकालों को अंजाम दे रहे हैं लोगों का मानना है कि जब सरकार द्वारा साप्ताहिक बंदी कराई गई है वही बाजारों में खुलीं दुकानों से आज भी अतिक्रमण दिखाई देता नजर आ रहा है जिसका असर बाजारों की अन्य बन्द दुकानों पर भी पड़ सकता है यह तो सरासर दबंगई दिखाने वाली बात है जो लोग साप्ताहिक बंदी का कोई भी पालन नहीं करते उनके खिलाफ कार्यवाही कर जुर्माना लगाया जाना चाहिए।





# कुल 31 केंद्रों पर दो पालियों में हुईं परीक्षाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाऐं प्रारंभ हो गई।जिले में बनाए गए कुल 31 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षाऐं दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस फोर्स तैनात रहा। कडी जांच के बाद ही छात्र-छात्राओं को परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश दिया गया। हाईस्कूल व इंटर में कुल पंजीकृत 23553 छात्र-छात्राओं में 1185 छात्र-छात्राऐं परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

बुधवार को जिले में यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाऐं प्रारंभ हो गई। सवेरे प्रथम पाली में 8:30 बजे छात्र-छात्राओं को कडी जांच, तलाशी के बाद प्रवेश दिया गया। परीक्षा केन्द्रों के अंदर किसी भी प्रकार की आपत्तिनजक कोई वस्तु नही जाने दी गई। परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। परीक्षा 11:45 बजे संपन्न हुई। प्रथम पाली में हाईस्कूल का हिन्दी विषय का पेपर हुआ। जिसमें कुल पंजीकृत 12402 छात्र-छात्राओं में से 11609 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 793 अनुपस्थित रहे। वही दोपहर दो बजे द्वितीय पाली में इंटर के छात्र-छात्राओं की हिन्दी विषय की परीक्षा हुई। इंटर में कुल पंजीकृत 11,151 छात्र-छात्राओं में से 10,759 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 392 छात्र-छात्राऐं अनुपस्थित रहे। बुधवार को दोनों पालियों की परीक्षा कडी सुरक्षा और सीसीटीवी कैमरों की निरागनी में संपन्न हुई। डीआईओएस ऐश्वर्या जयसवाल ने बताया कि दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई है। प्रथम दिन कई परीक्षा केन्द्रों पर शिक्षक देरी से पहुंचे थे, जिसको कडी चेतावनी दी है। डीआईओएस ने कैराना, शामली, कांधला, झिंझाना, थानाभवन के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। हाईस्कूल व इंटर में कुल पंजीकृत 23553 छात्र-छात्राओं में 1185 छात्र-छात्राऐं परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

## भास्कर स्कूल के रिकॉर्ड रूम में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना-शामली नेशनल हाईवे रोड स्थित भास्कर इंटरनेशनल स्कूल के रिकॉर्ड रूम में मंगलवार देर रात शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसे में स्कूल के महत्वपूर्ण दस्तावेज, फीस रजिस्टर और सोसाइटी से जुड़े अभिलेख जलकर राख हो गए। घटना से स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। मंगलवार की रात करीब 10 बजे स्कूल परिसर में तैनात गार्ड ने रिकॉर्ड रूम से धुआं निकलता देखा। उसने तुरंत स्कूल स्टाफ को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्राचार्य अमितेश कुमार शर्मा समेत अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक रिकॉर्ड रूम में रखे दस्तावेज जल चुके थे। प्राचार्य ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी प्रतीत हो रही है। घटना में फीस रिकॉर्ड रजिस्टर, लेखा संबंधी अभिलेख और सोसाइटी के आवश्यक दस्तावेज नष्ट हो गए हैं, जिससे स्कूल को भारी नुकसान हुआ है। घटना के संबंध में प्राचार्य द्वारा थाना कैराना में लिखित सूचना दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### द्वादश ज्योतिर्लिंग पर महा आरती का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** द्वादश ज्योतिर्लिंग आरती समिति द्वारा भगवान भोलेनाथ की मासिक महा आरती का आयोजन किया गया संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि यह आरती हर माह कृष्ण पक्ष की चौदस को होती है आरती लगभग 1 वर्ष से लगातार हो रही है पंडित सुधीर मुंडेपी और कुलानंद मुंडेपी ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराने के बाद महा आरती कराई महा आरती के बाद सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा की गई आरती में आसपास के सैकड़ो भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ उठाया आरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया सभी भक्तों ने संस्था का हार्दिक आभार व्यक्त किया इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया इस मौके पर प्रवीण बंसल वीरेंद्र गोयल पूनम शर्मा कनिका शर्मा गीता गोयल आशीष कुमार शुभम गर्ग हिमांशु बिंदल अनिल रेनू बंसल अजय गोयल सुशील ऐरन विजय गुप्ता वीणा अग्रवाल पिंकी अग्रवाल नीतू बंसल नरेंद्र गोयल आदि भक्त मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े घर के बाहर से बकरा चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खैलकलां, राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रामड़ा मोड़ के पास दिनदहाड़े घर के बाहर बंधा बकरा चोरी कर ले जाने के मामले में पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित नौशाद पुत्र इकबाल निवासी मोहल्ला खैलकलां के अनुसार बुधवार को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर में मौजूद था। इसी दौरान घर के बाहर बंधे उसके बकरे को बाईक सवार दो युवक खोल ले गए और बाईपास की ओर फरार हो गए। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर निकला तो बकरा गायब मिला। शक होने पर पड़ोसी के घर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी गई, जिसमें दो युवक मोटरसाइकिल पर बकरे को ले जाते हुए दिखाई दिए। पीड़ित ने बताया कि बकरे की उम्र करीब एक वर्ष है। उसका रंग सफेद, कान बड़े और सींग छोटे-छोटे हैं। कोतवाली कैराना पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई करने तथा बकरे की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### मकान मालिक पर अतिक्रमण करने का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के हनुमान रोड पर एक मकान मालिक द्वारा सडक पर बैरिकेटिंग लगाकर अतिक्रमण करने का प्रयास किया गया। सूचना पर पहुंची नगर पालिका की टीम ने स्थाई रूप से अतिक्रमण कर रहे मकान मालिक व कर्मचारियों को अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। साथ ही अतिक्रमण पाए जाने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। शहर के हनुमान रोड पर कई प्रसिद्ध उद्योगपतियों के मकान है। जिनके द्वारा अपने मकानों के बाहर स्थाई लोहे की बैरिकेटिंग लगाकर अतिक्रमण किया हुआ है, जिससे रास्ते छोटे हो गए है और गन्ना सीजन में किसानों को वहां से निकलने में परेशानी होती है। कई बार जाम की समस्या भी पैदा हो जाती है। ऐसे में एक मकान मालिक द्वारा बुधवार को अपने नवीन मकान में बाहर लोहे की स्थाई बेरिकेटिंग कर सडक पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया गया था। जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने नगर पालिका को दी। सूचना पाकर नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और उक्त स्थाई अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होने मौके पर कार्य को रूकवाया और मकान मालिका को हिदायत दी कि सडक किसी प्रकार को स्थाई अतिक्रमण न किया जाए। जिससे रास्ता अवरूद्ध हो सके। नगर पालिका टीम ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सडक पर स्थाई अतिक्रमण किया जाता है तो कार्यवाही की जाएगी।

# बसपाइयों ने किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** बुधवार को बसपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील जाटव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने लखनऊ में अपने बयान में कहा है कि बहुजन समाज पार्टी अपने सिद्धांतों, नीतियों और बहुजन समाज के हितों पर .ढ़ता से कायम है। पार्टी का मुख्य उद्देश्य गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, अल्पसंख्यक एवं अन्य शोषित वर्गों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय दिलाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी किसी भी प्रकार की राजनीतिक अफवाहों, विशेषकर चुनावी गठबंधन से जुड़ी भ्रामक खबरों पर ध्यान नहीं दे रही है और संगठन को मजबूत कर स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में आगे बढ़ने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। जिलाध्यक्ष सुनील कुमार जाटव ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे पार्टी नेतृत्व के निर्देशों के अनुरूप संगठन को मजबूत करें और जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों व विचारधारा को मजबूती से रखे।

## मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे पर वसूली केंद्र को लेकर हुआ फिर बवाल, ड्राइवर से मारपीट के बाद लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे पर हरी नगर बॉर्डर के निकट बिडौली में जिला पंचायत के नाम से संचालित वसूली केंद्र को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को दिनभर तनावपूर्ण माहौल बना रहा, जबकि देर रात एक ट्रक चालक के साथ कथित मारपीट की घटना के बाद स्थिति और बिगड़ गई।

बताया गया कि वसूली केंद्र पर ड्राइवरों से जबरन पैसे लेने, बिना बैरिकेडिंग के वाहनों को रोकने और अभद्र व्यवहार के आरोप लगते रहे हैं। इसी को लेकर दिन में कई बार कहासुनी हुई, जिससे माहौल लगातार गरमाता गया। ड्राइवर मजदूर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सर्वर चौहान ने बताया कि मंगलवार देर रात फिर पंचायत के नाम पर वसूली करने वाले लोग सड़क पर सक्रिय हो गए। आरा. ेप है कि रात करीब एक बजे लुधियाना के एक ट्रक चालक की गाड़ी के शीशे पर डंडा मारकर तोड़ दिया गया, उसका मोबाइल छीन लिया गया और उसके साथ मारपीट व अभद्रता की गई। घटना से आक्रोशित चालकों ने अपने वाहन हाईवे पर खड़े कर दिए और करीब दो घंटे तक जाम लगा दिया। इस दौरान दोनों ओर ट्रकों व अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात



पूरी तरह बाधित रहा। देखते ही देखते सैकड़ों ड्राइवर मौके पर जमा हो गए और हंगामा बढ़ता गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित चालक की तहरीर के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर चालानी कार्रवाई की। हालांकि ड्राइवर संगठन का आरोप है कि करीब दो घंटे बाद ही आरोपियों को छोड़ दिया गया, जिससे चालकों में नाराजगी बनी हुई है। ड्राइवर संगठन ने प्रशासन से अवैध वसूली पर सख्त कार्रवाई, दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और हाईवे पर स्थाई समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार हो रहे विवाद से क्षेत्र में असुरक्षा का माहौल बन रहा है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है।

## नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर नाम कमाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** बलवा गांव निवासी राधा चौहान ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) 2025 उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राधा चौहान शहर के वीवी पीजी कॉलेज की राजनीति विज्ञान द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता से महाविद्यालय परिवार, गांव तथा समाज में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार ने राधा की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र की अन्य छात्राओं के लिए प्रेरणा बनेगी। वहीं छात्र अधिष्ठाता डॉ। भूपेंद्र कुमार ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अगली बार जेआरएफ परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ। निर्भय कुमार सिंह ने कहा कि एक शिक्षक की पहचान उसके विद्यार्थियों की सफलता से होती है और राधा की उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के ग्राम अंबेहटा याकूबपुर निवासी शुभम शर्मा पुत्र प्रमोद शर्मा सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल से गांव की ओर जा रहे थे। देर शाम वह थानाभवन में पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर लौट रहे थे। जैसे ही वह टेलीफोन एक्सचेंज के पास पहुंचे, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार होंडा अमेज कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शुभम शर्मा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ, पैर और कमर में गंभीर चोटें आई हैं तथा मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई।

# विधायक अशरफ अली ने विधानसभा में जनसमस्याओं को उठाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने उत्तर प्रदेश विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर चर्चा के दौरान जनपद शामली तथा अपने विधानसभा क्षेत्र थानाभवन से जुड़ी कई गंभीर जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक अशरफ अली खान ने सदन में कहा कि जनपद शामली से होकर गुजरने वाली नदियों और नालों में औद्योगिक इकाइयों द्वारा रासायनिक व प्रदूषित पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे जल स्रोत दूषित हो रहे हैं और क्षेत्र में त्वचा रोग, पेट संबंधी बीमारियां तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य



समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नियमित जांच सुनिश्चित की जाए तथा प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई जाए।

बजट पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की जीडीपी में 9।1 प्रतिशत योगदान के साथ अग्रणी राज्य के रूप में उभर रहा है, जो प्रदेश के लिए गर्व की बात है। बजट में शिक्षा के लिए 13 प्रतिशत प्रावधान को उन्होंने भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। उनका कहना था कि शिक्षा में निवेश से प्रदेश की नई पीढ़ी को बेहतर अवसर मिलेंगे और दीर्घकालिक विकास को मजबूती मिलेगी। विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बड़े गांवों में मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय स्थापित किए जाने की मांग रखते हुए कहा कि प्रस्तावित विद्यालय का निर्माण पिंडोरा जहांग. ीरपुर या हथछोया गांव में कराया जाए, ताकि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने 20 से 25 हजार की आबादी वाले गांव सिलावर, हरड़ फतेहपुर, बाबरी और भैसानी को पंचायत उत्सव भवन योजना में शामिल करने की मांग भी रखी। उनका कहना था कि इन गांवों में सामुदायिक कार्यक्रमों और पंचायत संबंधी बैठकों के लिए पर्याप्त भवन नहीं हैं, जिससे ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि यह बजट किसानों, युवाओं, शिक्षा और ग्रामीण विकास को मजबूती देने वाला है तथा इससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जनपद शामली और थानाभवन क्षेत्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।

# वाहनों से अवैध वसूली करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मेरठ-करनाल नेशनल हाईवे पर कथित अवैध वसूली को लेकर उप्र ड्राइवर एकता मजदूर एसोसिएशन कैराना के पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। यूनियन का आरोप है कि ग्राम बिडौली क्षेत्र में जिला पंचायत के माध्यम से वाहनों से अवैध रूप से वसूली की जा रही है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में बताया गया कि नेशनल हाईवे केंद्र सरकार के अधीन आता है और वाहन चालक पहले से ही टोल टैक्स का भुगतान करते हैं। इसके बावजूद कथित रूप से जिला पंचायत के नाम पर अतिरिक्त वसूली की जा रही है।

यूनियन का कहना है कि वसूली न देने पर वाहन चालकों के



साथ अभद्रता, मारपीट और जान से मारने की धमकी तक दी जाती है, जिससे चालकों में भय का माहौल बना हुआ है। बताया कि इससे पूर्व भी इस संबंध में प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके बाद कुछ समय तक वसूली बंद हो गई थी, लेकिन अब दोबारा से यह प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ड्राइवर यूनियन ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए तथा नेशनल हाईवे पर हो रही कथित अवैध वसूली को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि वाहन चालकों को राहत मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष दिलमान साजिद, सोमपाल सिंह, आबाद राणा, फरीद चौधरी, तसव्वर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडियट की परीक्षाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेष माध्यमिक विद्यायल बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडियट की आज कड़ी षुरू के बीच परीक्षा आरंभ हुयी। सीसीटीवी कैमरों के निगरानी में आज परीक्षार्थियो ने परीक्षा दी ओर दो पालियो में परीक्षा सम्पन्न करायी गयी।

आज परीक्षा के निर्धारित 89 परीक्षा केन्द्रों पर कडी सुरक्षा के बीच परीक्षा आरंभ की हुयी। परीक्षा के षांति पूर्ण नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने को कंट्रोल रूम स्थापित कर सीसीटीवी की निगरानी में परिक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रथम पाली में हाईस्कूल व द्वितीय पाली में इंटरमीडियट की परीक्षा सम्पन्न करायी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया था, इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है।पहले प्रष्न पत्र को देख परिक्षार्थियों के चेहरों पर तनाव कम देखने का मिला। परीक्षा को सुचारू से सम्पन्न कराने को जिले को 6जोन में विभाजित कर मजिस्ट्रेटा की ड्यूटी लगायी है। प्रत्येक जोन में अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। साथ ही परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। परिषदीय परीक्षा वर्ष 2026 के अंतर्गत बुधवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान जिला प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल हिन्दी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 35,969 परीक्षार्थियों में से 34,236 उपस्थित रहे, जबकि 1,733 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट हिन्दी विषय की परीक्षा में पंजीकृत 31,392 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 30,199 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 1,193 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं को मिलाकर कुल 67,631 पंजौकृत परीक्षार्थियों में से 64,435 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 2,926 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा जनपद के 89 परीक्षा केन्द्रों तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 88 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात रहे तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं छह विभागीय सचल दलों द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया।शासन द्वारा नियुक्त जनपदीय पर्यवेक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मुजफ्फरनगर द्वारा चार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं नकल. विहीन ढंग से सम्पन्न हुई। किसी भी परीक्षार्थी के विरुद्ध अनुचित साधनों के प्रयोग का मामला सामने नहीं आया। परीक्षा के उपरांत उत्तर पुस्तिकाओं के सील्ड बंडल निर्धारित संकलन केन्द्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जमा कराए गए।

**चिलकाना।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार को शुरू हो गई परीक्षा देकर निकले छात्रों ने हिंदी के पहले प्रश्न पत्र को काफी आसान बताया पहला पेपर देखकर परीक्षार्थी काफी खुश नजर आये। बुधवार को सुल्तानपुर स्थित जे जे इंटर कॉलेज व नव जनोदय इंटर कॉलेज इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक ने बताया कि बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण पारदर्शी नकल विहीन संपन्न कराई जा रही है। इसके लिए प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हो रही है। आज सेंटर पर सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा जांच भी की गई।जे जे इंटर कॉलेज सुल्तानपुर में हाई स्कूल की प्रथम पाली के हिंदी प्रश्न पत्र में 489 छात्रों में से 44 छात्र अनुपस्थित रहे वहीं द्वितीय पाली हिंदी प्रश्न पत्र में 460 छात्रों में से 27 अनुपस्थित रहे। वहीं नव जनोदय इंटर कालेज में हाई स्कूल की प्रथम पाली में 208 छात्रों में से 20 अनुपस्थित रहे। जबकि इंटरमीडिएट की द्वितीय पाली में 225 छात्रों में से 24 छात्र अनुपस्थित रहे।





## डीएम एसएसपी का परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में आयोजित हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा को पारदर्शी, निष्पक्ष, नकल विहीन, सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस-प्रशासन प्रतिबद्ध है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत कडे प्रबंध किए गए हैं।

जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा बीएचएस इण्टर कॉलेज, कर्मचन्द चण्डी प्रसाद आर्य कन्या इण्टर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीगण द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा केन्द्र पर शौचालय, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था को चेक किया गया। निरीक्षण के दौरान स्ट्राँग रूम की सुरक्षा तथा कन्ट्रोल रूम में सीसीटीवी के माध्यम से परीक्षा की यथास्थिति को जाना। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी से पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे, इसका भी ध्यान रखा जाए। मनीष बंसल ने बताया कि उत्तर प्रदेश हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से गहन निगरानी की जा रही है, परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल तथा परिसर में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का इस्तेमाल न हो सके इसके लिए कड़े इंतजाम किए गये हैं। परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की तैनाती की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि परीक्षा देने आए सभी अभ्यर्थियों की विधिवत चेकिंग व प्रवेश पत्र सत्यापन होने के उपरान्त ही प्रवेश दें, किसी भी अभ्यर्थी को कोई इलैक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा केंद्र में न ले जाने दी जाए, इसके अतिरिक्त किसी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में असुविधा होने पर उसकी हर सम्भव सहायता करने सहित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया।



# प्राथमिकता से हल की जाए किसानों की समस्याएं: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्रों एवं शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही किसानो को फार्मर रजिस्ट्री के लाभ से अवगत कराते जनपद में शत् प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री कराने के लिए भी निर्देशित किया।

जिलाधिकारी श्री बंसल कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कृषक बंधुओं द्वारा शुगर मिलों, उर्वरक, कीटनाशक के साथ अवैध कब्जे एवं सड़क, मुआवजा के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई। जिस पर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। इस संबंध में संबंधित विभाग से समन्वय भी स्थापित किया जाए। कृषक संजय सैनी निवासी मुबारकपुर, द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में मधुमक्खी पालन की अपार सम्भावनाए है, जिसको अपनाकर किसान भाई अतिरिक्त लाभ प्राप्त कर सकते है। उप कृषि निदेशक सन्दीप पाल द्वारा किसानो को अवगत कराया गया कि जनपद में जायद उर्द, मूंग, गन्ना अन्तः फसली में बुवाई हेतु निःशुल्क बीज मिनीकिट एवं जनपद में 04 थ्रेसिंग फ्लोर का लक्ष्य (विकासखण्ड-सढौलीकदीम, नागल, बलियाखेडी एवं नकुड) निर्धारित है जिसकी बुकिंग कृषक उत्पादक संगठन के द्वारा ऑन लाईन बुंकिग एक सप्ताह के अन्दर कृषि विभाग पोर्टल पर बुकिंग कर सकते है। जनपद के सभी कृषकों को जानकारी दी कि अपने गेहूँ की फसल विक्रय किये जाने हेतु खाद्य विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण अथवा नवीनकरण अवश्य करा ले। किसान दिवस में उप कृषि निदेशक संदीप पाल, जिला कृषि अधिकारी कपिल कुमार, ए.आर कॉपरेटिव रविशंकर, एलडीएम, जिला परियोजना अधिकारी डॉस्प डा. कर्मवीर यादव, सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी, जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा अमर त्यागी तथा कृषक बंधुओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# पेपर न आसान न मुश्किल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित 12वीं कक्षा की फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा बुधवार को शांति पूर्ण रूप से संपन्न हुई। केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा को लेकर गंगोह में विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल दिखा। नगर में गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी व सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा और निष्पक्षता के पुख्ता इंतजाम रहे ताकि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप की गई। परीक्षा के दौरान अनुशासन बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती गई। केंद्र व्यवस्थापकों द्वारा परीक्षा कक्षों में सीसीटीवी निगरानी और अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। सुबह तय समय से पहले छात्र अपने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। कड़ी जांच के बाद उन्हें परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों से छात्रों पर नजर रखी गई, जिससे नकल रहित परीक्षा पूर्ण हो सकी। परीक्षा देने के बाद जब विद्यार्थी केंद्र से बाहर निकले तो उनके चेहरे पर परेशानी साफ झलक रही थी। कई विद्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र में पूछे गए सवाल काफी उलझाने वाले थे। विद्यार्थियों की इन प्रतिक्रियाओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि जो पूरे साल मेहनत से पढ़ाई करते हैं, उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं होती, जबकि आखिरी समय में पढ़ाई करने वालों के लिए परीक्षा एक चुनौती बन जाती है। गीता ज्ञान संस्कार एकेडमी में पहले दिन शारीरिक शिक्षा के पेपर में 123 से 121 व सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल में 117 में से 117 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दी। छात्र छात्राओं ने बताया कि उनका कैसा अनुभव रहा। आंशिक शर्मा ने बताया कि शुरुआत में थोड़ी कठिनाई हुई, लेकिन बाद में अच्छे से हल कर लिया।

उनकी तैयारी के अनुसार ही प्रश्न आए, जिससे उन्हें पेपर हल करने में ज्यादा समस्या नहीं हुई। कृष्णा सैनी ने कहा कि पेपर मैं तो बहुत मुश्किल था नहीं टाइम टेकिंग, लेकिन उन्होंने ठीक प्रकार से तैयारी नहीं की थी जिस कारण उन्हें पेपर थोड़ा सा मुश्किल लगा। नामदेव पब्लिक स्कूल की छात्रा सिद्धिका ने बताया कि उनकी फिजिकल एजुक. ेशन की परीक्षा थी। पेपर आधुनिक तरीके से सेट किया गया था। यह ना बहुत मुश्किल था, ना बहुत आसान।

# मेगा शिविर के प्रचार वाहन को जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में समाज के निर्बल एवं पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर के प्रचार-प्रसार की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

बुधवार को सतेन्द्र कुमार, जनपद न्यायाधीश द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल त्यागी एवं सचिव पालम राणा भी उपस्थित रहे। प्रचार वाहन जनपद की विभिन्न तहसीलों, गांवों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर मेगा शिविर की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने बताया कि मेगा शिविर का उद्देश्य समाज के कमजोर, असहाय एवं पात्र व्यक्तियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उन्हें मौके पर ही लाभान्वित करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सभाकक्ष में जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला जज अभय कृष्ण तिवारी, शाश्वत पाण्डेय, त्रिभुवन नाथ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहारनपुर के पूर्णकालिक सचिव पप्पू कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में समाज कल्याण, दिव्यांग सशक्तिकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, कौशल विकास, पशुपालन, मत्स्य पालन, पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन, वन, डाक एवं खाद्य एवं रसद विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मेगा शिविर हेतु पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर उनकी सूची समय से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध कराएं।



# शारिरिक एंव मानसिक विकास पर दिए व्याख्यान

**आईआईएमटी उमाही कोटा में आयोजित किया गया कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** बुधवार को इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, उमाही कोटा में शारिरिक एंव मानसिक विकास विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें जरूरी आवश्यकताओं को विस्तार से समझाया गया।

मुख्य वक्ता एस.डी. कॉलेज, मुजफ्फरनगर के सहायक प्राध्यापक डॉ. अंशुल शर्मा ने विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, संतुलित जीवनशैली, तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम की आवश्यकता को विस्तार से समझाया और उसके महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम बी.पी.ई.एस. विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसका सफल समन्वयन भूपेंद्र एवं विकास चौधरी ने किया।

इस अवसर पर डॉ. कमल कृष्ण ने मुख्य वक्ता डॉ. अंशुल शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनन्दित किया। संस्थान के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने व्याख्यान को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताते हुए मुख्य वक्ता का आभार व्यक्त किया।

# सहरी और इफ्तार के लिए खरीदारी शुरू

**मौसम खराब होने के बावजूद भी बाजारों में बनी रौनक**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पवित्र रमजान महीने का चाँद नजर आते ही शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बन गया है। चाँद के दीदार के साथ ही रोजेदारों ने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी और रमजान की तैयारियां शुरू कर दीं।

गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। रमजान के आगमन को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों के बाजार पूरी तरह सज गए हैं और दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। देर शाम चाँद दिखाई देने के बाद लोगों ने सहरी और इफ्तार के लिए आवश्यक सामानों की खरीदारी शुरू कर दी। बाजारों में फनी सवैया, खजला, खजूर, शरबत, सूखे मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। दुक. ानदारों ने ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न प्रकार की सवैया और खजले की विशेष व्यवस्था की है। दुकानदारों का कहना है कि रमजान शुरू होने से पहले ही बाजारों में खरीदारी बढ़ जाती है। लोग सहरी और इफ्तार के लिए जरूरी खाद्य सामग्री के साथ-साथ फल, खजूर और अन्य आवश्यक वस्तुएं खरीद रहे हैं।

इसके अलावा नमाज और इबादत से जुड़े सामान जैसे टोपी, जानमाज, इत्र और तस्बीह की मांग भी बढ़ गई है। मुस्लिम समाज के लोगों ने बताया कि रमजान का महीना इबादत, संयम और भाईचारे का प्रतीक है। इस दौरान रोजेदार अल्लाह की इबादत करते हैं और जरूरतमंदों की मदद भी करते हैं। मस्जिदों में विशेष साफ-सफाई और रोशनी की व्यवस्था की जा रही है, ताकि नमाज अदा करने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

बाजारों में बढ़ती रौनक और लोगों के उत्साह से साफ है कि रोज. ेदार पवित्र रमजान महीने के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं और इबादत के इस पवित्र महीने की शुरुआत श्रद्धा और उल्लास के साथ करने जा रहे हैं।

**गंगोह।** पवित्र रमजान माह कल से शुरू हो रहे हैं। मौसम खराब रहने के बावजूद रमजान के कारण बुधवार को बाजारों में अच्छी खासी रौनक रही।

रमजान का मुकद्दस महीना शुरू हो रहा है। इसके लिए लोगों की तैयारियां भी पूरी हो गई रमजान के मौके पर सवैंयो, खजला आदि की बिक्री भारी मात्रा मे होती है। इनकी दुकानें लोगों ने सजा ली है। यही नही सूखे मेवे रेडीमेड कपड़े व अन्य सामान के आवश्यकता अनुसार आर्डर भी दुकानदारों ने भेज दिए है। रमजान को देखते हुए फलों के दाम भी बढना शुरू हो गए है। महंगाई को देखते हुए शुरू में बाजार फीके रहने की संभावना है। रमजान शुरू होने की घोषणा के बाद दूर दराज के गांवों में रहने वाले लोगों ने खरीदारी आरंभ कर दी। मौसम खराब रहने के बावजूद रमजान के कारण बुधवार को बाजारों में

अच्छी खासी रौनक रही। रमजान माह आरंभ होने के कारण गंगोह के अलावा देहात क्षेत्र के लोग भी सामान की खरीदारी को लेकर बाजारों में पहुंचे। आवाजाही के कारण मेन रोड़ पर जाम की स्थिति बन गई जिस कारण अनेक लोगों को जाम से दो-चार होना पड़ा।

# रमजान माह में निर्बाध बिजली आपूर्ति की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पवित्र रमजान माह को देखते हुए ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन जिला अध्यक्ष मोहम्मद वसीम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर साफ-सफाई, बिजली और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कहा कि रमजान माह में बड़ी संख्या में रोजेदार इबादत करते हैं और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में शहर और विशेष रूप से मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में नियमित साफ-सफाई, निर्बाध बिजली आपूर्ति और पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि रोजेदारों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान युवा जिलाध्यक्ष डॉ. शहजाद तोमर, जिला मुख्य महासचि. चव फैसल चौहान एडवोकेट, रिहान मलिक, सन्ववर अली, डॉ. दाऊद, माजिद चौधरी, मुबीन, कारी उजैर (युवा जिला उपाध्यक्ष), मुजम्मिल, अनीस और कलीम खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की कि रमजान माह के दौरान जनसुविधाओं की विशेष निगरानी की जाए और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूरी की जाएं, जिससे रोजेदारों को इबादत में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# मतदान जागरूकता रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शि. विर के तीसरे दिन बौद्धिक सत्र मे नशामुक्ति, नारी सशक्तिकरण, एआई वरदान या अभिशाप विषय पर भाषण सत्र में अनुराधा, कीर्ति, आंकाशु, समरीन, सिया, आंचल ने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम संचालक डॉ अभिलाष कुमार ने महिला सशक्तिकरण मे युवाओ की महती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होने एआई से रचनात्मकता पर संभावित संकट का विश्लेषण किया और युवाओ को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। द्वितीय सत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई ।

प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल सिंह, डॉ० अर्चना, संदीप कुमार, विनोद कुमार, विनीत, ओमबीर व कीर्ति चौधरी, किट्टू सैनी, रिया, कोमल, नवाजिश, सिया, फलक कहकशा, आर्यन, मोनिश तोमर, कनिष्क, आरिफ, रविता, मधु, अनुराधा, लकी, नवीन, रामेश्वर आदि रहे।

# दीवार में टकराने से बाल बाल बची बस

**टूटी नाली व रास्ते पर अतिक्रमण बना मुख्य कारण**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा में टूटी हुई पुलिया व सडक पर अतिक्रमण कर डाली गयी मिट्टी के कारण एक स्कूली बस स्लिप हो कर दीवार से टकराने से बाल बाल बची। सभी बच्चे सुरक्षित रहे, लेकिन स्कूल तक पहुंचने में बस को आधा घंटा की देरी हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह के समय सहारनपुर के एक स्कूल की बस चिलकाना क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा से स्कूली बच्चों को लेकर जा रही थी, कि गांव में टूटी पड़ी नाली के निकट सडक पर अतिक्रमण कर डाली गयी मिट्टी व नाली में बस के पहिंये धंस गये, ओर बस मिट्टी से स्लिप होकर बराबर में दीवार से टकराने से बाल बाल बची।

बस में सवार नन्हे मुन्ने स्कूली बच्चे बस के स्लिप होते ही चिखने चिल्लाने लगे। बस ड्राईवर की सुझबुझ के चलते बच्चों को बस से उतार कर घंटों की मशक्कत के बाद बस को निकाला गया। बस के ड्राइवर ने बताया कि सड़क पर लगे मिट्टी के ढेर व सामने टूटी हुई नाली के कारण बस स्लिप होकर दीवार से टकराने से बाल बाल बची सभी बच्चे सुरक्षित हैं ओर स्कूल टाइम से आधा घंटा लेट हो गये हैं।

# देव प्रतिमाओं का विशेष पूजन



**गंगोह।** मोहल्ला महलतला स्थित गीताभवन चलती देवी मंदिर में जारी मंदिर के जीर्णोद्धार एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार को देवप्रतिमाओं का पुष्पाधिवास संस्कार विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया गया।

श्री लक्ष्मी नारायण संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में मंदिर में शिव परिवार, राम दरबार, राधा-कृष्ण, मां दुर्गा तथा मां अन्नपूर्णा देवी की प्रतिमाओं की स्थापना हेतू अनुष्ठान कार्य चल रहा है। यज्ञाचार्य अनुज आत्रेय की देखरेख में पुष्पाधिवास अनुष्ठान विद्धान पंडितों द्वारा कराया गया। देव प्रतिमाओं को सुगंधित पुष्पों से अलंकृत कर विशेष पूजन किया गया। इसमें मुख्य यजमान दीपांशु गोयल, सचिन गर्ग, अतुल गोयल, विवेक गर्ग, अतुल मित्तल, प्रदीप गर्ग, अवधेश गोयल, प्रदीप कपाड़िया, अंकुर गर्ग, मनीष गोयल व सुयश गर्ग ने विधिवत पूजा-अर्चना की।

# आवारा कुत्तों ने मासूम बच्चों को बनाया निशाना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** खूंखार कुत्तों ने किस कदर आतंक मचाया हुआ है इसका अंदाजा बुधवार को नगर में हुई घटना से लगाया जा सकता है। देवबंद-गंगोह बाइपास स्थित नौगजा पीर के पास कुत्तों ने अरशी जहां (16) और उसके भाई अरहम (4) समेत तीन लोगों पर हमला बोल दिया। इसमें सभी गंभीर रुप से घायल हो गए।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी प्रशासन ने आज तक खूंखार कुत्तों के आतंक से लोगों को निजात दिलाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। इसका नतीजा यह हो रहा है कि आए दिन कुत्तों के झुंड लोगों पर हमला कर उन्हें गंभीर रुप से घायल कर रहे हैं। दो दिन के भीतर दो स्कूली छात्रों समेत पांच लोगों पर हमला कर चुके हैं। ताजा मामला बुधवार का है। मोहल्ला नौगजा पीर निवासी शमीम का बेटा अरहम घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान दो आवारा कुत्ते वहां







पहुंचे और उसके चेहरे को बुरी तरह नोंच दिया। चीखने की आवाज सुनकर भाई को बचाने आई बहन अरशी जहां पर भी उन्होंने हमला कर दिया। इसके बाद कुत्तों ने कुछ दूरी पर खड़े भायला रोड निवासी इनाम (42) को निशाना बनाया। जिसमें वह घायल हो गए। घायल बच्चों के पिता शमीम ने बताया कि यदि लोग बच्चों को न बचाते तो उनकी जान चली जाती। बताया कि चिकित्सक ने बेटे के चेहरे पर करीब 50 टांके लगाए हैं। जबकि बेटी की आंख की बराबर में दस से अधिक टांके लगाने पड़े। बता, दें कि मंगलवार को भी आवारा कुत्ते ने इसी स्थान पर स्कूल जा रहे नर्सरी कक्षा के जयान (5) और उसके भाई कक्षा एक के छात्र फवाज (7) पर हमला किया था। इसमें जयान घायल हो गया था। इससे पूर्व भी आवारा कुत्तों के काटने से मोहल्ला कोहला बस्ती निवासी महताब की मौत हो गई थी। 6 नवंबर 2025 को मोहल्ला शाहजीलाल निवासी असद सिद्दीकी पर भी कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया था। 25 अगस्त 2025 को मोहल्ला खानकाह में आवारा कुत्तों के झुंड ने अहमद की बेटी सदफ (10) पर हमला किया था। जिसमें वह घायल हुई थी।

# छात्रों ने रैली निकाल संक्रामक रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** भायला पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के तीसरे दिन छात्रों ने रैली निकाल संक्रामक रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश कुमार के नेतृत्व में स्वयं सेवियों ने मलिन बस्तियों में अभियान चलाया। इस दौरान संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी भी दी गई। प्राचार्य डा. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि मक्खी मच्छर के काटने से संक्रमित रोग फैलते हैं। कहा कि नालियों एवं गड्ढे में पानी इक;ा न होने दें, क्योंकि इनमें ही मच्छर पनपते हैं। मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल भी जरूर करें। कटे फल बासी सब्जी कतई न खाएं। डा. शिवदर्शन पुंडीर ने कहा कि स्वच्छता अपना कर ही संक्रमित रोगों से बचा जा सकता है। इस मौके पर नीतू शर्मा, चंचल कौशिक, सोमपाल सिंह, हर्ष शर्मा,




वैष्णवी पांडे, नूतन आदि मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड शिविर का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर बुधवार से शुरू हुआ। पहले दिन भारत स्काउट गाइड के प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर ने छात्रों को स्काउट गाइड के सिद्धांत, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, सामाजिक सेवा, स्वच्छता अभियान व नागरिक कर्तव्यों से प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## शुगर मिल ने गन्ने खरीद का किया भुगतान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** त्रिवेणी चीनी मिल ने 13 फरवरी तक खरीदे गए गन्ना मूल्य का 29.21 करोड़ रुपये का भुगतान समिति के माध्यम से किसानों को कर दिया है। मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र ने कहा कि किसान अपना गन्ना इधर-उधर डालने के बजाए चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। उन्होंने बेसिक कोटा से अधिक गन्ना आपूर्ति कर मिल द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने की भी अपील की।

## शुगर मिल में तौल कांटों का निरीक्षण

**धामपुर।** शुगर मिल गेट पर लगे तौल कांटों का जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी तौल कांटे पूरी तरह सही पाए गए, जिससे किसानों ने संतोष व्यक्त किया। जिला गन्ना अधिकारी प्रभु नारायण सिंह ने किसानों को अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे कृषि यंत्रों का वितरण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल द्वारा अब तक किसानों को आदि छठ पर 35 ट्रेड रेजर, 10 ड्रिप फ्लो तथा 8 रैकून मैनेजर डिवाइस वितरित किए जा चुके हैं।

# दारूल उलूम ने चांद हाने का किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देवबन्द।** पवित्र रमजान माह के चांद का दीदार हो गया है। बृहस्पतिवार को पहला रोजा होगा। रमजान माह आरंभ होने को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह है।

रमजान माह का चांद देखने के लिए देर शाम दारुल उलूम की रुइयते हिलाल कमेटी (चांद कमेटी) की बैठक का आयोजन मोहतमिम कार्यालय में हुआ। इसमें कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न राज्यों से चांद दिखने की पुष्टि होने के बाद रमजान माह बृहस्पतिवार से आरंभ होने का एलान किया। संस्था के नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी ने बताया कि कई प्रांतों से चांद दिखाई देने की शहादत (गवाही) मिलने के बाद एलान किया गया। पहला रोजा बृहस्पतिवार (आज) को होगा। बैठक में मुफ्ती राशिद आजमी, मुफ्ती महमूद बुलंदशहरी, मुफ्ती जैनुल इस्लाम, मुफ्ती मोहम्मदुल्लाह, मुफ्ती वकार, मुफ्ती रिहान आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालु ईश्वर की उपासना के भजन सुन कर हुए भावविभोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** आर्य समाज के दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के प्रथम दिन विनोद दधीचि ने सुंदर भजन सुनाकर और अमरेश आर्य ने ईश्वर की उपासना के भजन प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

बुधवार को आर्य समाज स्कूल में हुए कार्यक्रम में प्रात: वैदिक यज्ञ का आयोजन हुआ। जिसके ब्रह्मा आचार्य शिवकुमार आर्य एवं यजमान संजय आर्य व उनकी पत्नी विभा रहे। बिजनौर से आए आचार्य योगेश दत्त आर्य ने अपने वक्तव्य में भगवान से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान हमारे देश में भले इंसान पैदा कर, तभी देश की उन्नति संभव है। उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों को कहानी सुनाते हुए विद्या, शिक्षा एवं साक्षरता



का बारीकी से अंतर समझाया। आचार्य शिवकुमार आर्य ने देश में फैली कुरीतियों एवं पाखंड का कैसे निवारण हो और समाज का उत्थान कैसे हो इस पर भी प्रकाश डाला। अध्यक्ष जिला प्रधान महीपाल आर्य व संचालन जनेश्वर आर्य ने किया। इस मौके पर मुकेश आर्य, डॉ. सुरेंद्र आर्य, ऊषा आर्य, डॉ. कांता त्यागी, डॉ. बीपी सिंह, विपिन आर्य, विजयपाल, ईश्वर आर्य, मानपाल आर्य, यशवीर आदि मौजूदज रहे।

# क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तानों द्वारा पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थन किए जाने पर की निंदा

**देवबन्द।** बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर और कपिल देव द्वारा पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थन में पत्र लिखे जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। कहा कि व्यक्तिगत संबंधों के लिए राष्ट्र की सुरक्षा और सम्मान को क्षति पहुंचाना स्वीकार्य नहीं है।

बुधवार को जारी बयान में विकास त्यागी ने कहा कि यह हैरान करने वाला है कि भारत के दिग्गज खिलाड़ी उस व्यक्ति के मानवाधिकारों और स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं जिसके शासनकाल में भारत के निर्दोष नागरिकों और सैनिकों का खून बहाया गया। कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इन्हें उन 40 सीआरपीएफ जवानों के परिवारों की आंखों के आंसू नहीं दिखाई दिए जो पुलवामा हमले में बलिदान हुए थे। कहा कि जब बांग्लादेश में हिंदुओं की नृशंस हत्याएं हो रही थीं और उन पर बर्बर हमले किए जा रहे थे तब इन दिग्गज क्रिकेटरों ने एक शब्द भी नहीं बोला। क्या हिंदुओं के मानवाधिकारों की कोई कीमत नहीं है। कहा कि विदेशी खिलाडियों को भारत की भावनाओं का अंदाजा नहीं हो सकता, लेकिन भारतीय खिलाडियों को इस पर हस्ताक्षर करने से पहले जरूर सोचना चाहिए था।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता की नई तकनीकों से रूबरू हुए एसडी इंजीनियरिंग के छात्र

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस।डी। कॉलेज ऑफ इंजी. नियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर द्वारा संस्थान के शिक्षकों व 52 विद्यार्थियों India AI Impact Summit 2026 का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। जहां विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता Artificial Intelligence के नवीनतम अनुप्रयोगों, उद्योग नवाचारों एवं वैश्विक सहयोग से संबंधित जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।




समिट के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न तकनीकी सत्रों, प्रदर्शनों तथा संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत गतिविधियां भारत मंडपम के प्रदर्शनी हॉलों के साथ-साथ सुषमा स्वराज भवन, विज्ञान भवन तथा डॉ. अम्बेडकर भवन में आयोजित की गईं, जहां विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ व्याख्यान, पैनल चर्चाएं, शोध संगोष्ठियां एवं लाइव डेमो का अवलोकन किया। कॉर्पोरेट प्रदर्शनी क्षेत्र में विद्यार्थियों ने प्रमुख वैश्विक एवं भारतीय तकनीकी संगठनों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों का अध्ययन किया। विशेष रूप से ळववहसम, डपबतवेवजि, प्ठड तथा छटप्क्प् द्वारा क्लाउड एआई सेवाएं, जनरेटिव एआई, डेटा एनालिटिक्स एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग से जुड़े समाधान प्रदर्शित किए गए। वहीं भारतीय आईटी कंपनियों जैसे Tata Consultancy Services, Infosys तथा Wipro ने उद्योग, स्वास्थ्य एवं वित्तीय क्षेत्रों में एआई आधारित डिजिटल समाधान प्रस्तुत किए। स्टार्टअप पवेलियन में नवोन्मेषी उद्यमों द्वारा एआई आधारित हेल्थ-टेक मॉनिटरिंग, स्मार्ट कृषि विश्लेषण, शिक्षा-सहायक प्लेटफॉर्म, चैटबॉट समाधान तथा कंप्यूटर विजन आधारित सुरक्षा प्रणालियों के प्रदर्शन किए गए। इन इंटरैक्टिव प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों को उद्यमिता एवं नवाचार के व्यावहारिक आयामों से अवगत कराया। शैक्षणिक संस्थानों की सहभागिता के अंतर्गत विद्यार्थियों ने Indian Institute of Technology Delhi, Indraprastha Institute of Information Technology Delhi द्वारा प्रदर्शित शोध परियोजनाओं एवं छात्र नवाचारों का अवलोकन किया, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। सरकारी प्रदर्शनी खंड में डिजिटल प्रशासन एवं सार्वजनिक सेवाओं में एआई के उपयोग को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान Ministry of Electronics and Information Technology तथा National Informatics Centre द्वारा ई-गवर्नेंस, डेटा प्रबंधन एवं नागरिक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण से संबंधित पहलुओं की जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने इस अनुभव को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि इस भ्रमण के माध्यम से उन्हे अपने करियर एवं शोध के नए आयामों को समझने का अवसर मिला। संस्थान के सचिव अनुभव कुमार ने अपने संदेश में कहा कि हऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को नई दिशा प्रदान करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता भविष्य की तकनीक है और छात्रों का इन नवाचारों से परिचित होना अत्यंत आवश्यक है। संस्थान निरंतर प्रयासरत है कि विद्यार्थियों को उद्योग जगत से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार किया जा सके।ह उन्होने भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक भ्रमण एवं आयोजनों हेतू प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे छात्र-छात्राओं को नवीनतम तकनीकी विकास से जोड़ा जा सके। निदेशक डॉ0 सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि छात्रों का इस प्रकार के तकनीकी आयोजनों में सहभाग लेना उनके अकादमिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी है। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण को भी सुदृढ़ करते हैं। एआई जैसे उभरते क्षेत्रों की व्यावहारिक समझ उन्हें नवाचार, अनुसंधान तथा रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करती है। संस्थान भविष्य में भी ऐसे अवसर उपलब्ध कराता रहेगा।

## एक नजर

### आरएसएम ने जीता कबड्डी टूर्नामेंट



**धामपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा 'खेलो भारत' आयाम के अंतर्गत नगर खेल कुम्भ के अवसर पर रामचन्द्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान युवाओं को खेलों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें आरएसएम इंटर कॉलेज और सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। मुकाबले में आरएसएम इंटर कॉलेज की टीम ने 2-1 से विजय प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अनुज श्रीवास्तव (प्रांत सह-संगठन मंत्री, एबीवीपी मेरठ प्रांत) ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों का विशेष महत्व है। खेल न केवल शारीरिक विकास करते हैं बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना भी विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। इस अवसर पर एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ उपाध्याय, प्रांत सहमती हनी अहलावत, जिला प्रमुख सचिन चौहान, जिला संयोजक अनुज राजपूत, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र कुमार, नगर उपाध्यक्ष विकास विकल, नगर मंत्री धामपुर कार्तिकेय सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को शुभकामनाएं दी।

### पत्नी को मनाने गए पति पर चाकू से हमला



**नांगल सोती।** किरतपुर निवासी अमन अली और उसकी पत्नी अलशिफा के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई थी। जिसके बाद उसकी पत्नी नांगल थाना क्षेत्र के गांव सैदपुरी में अपनी बुआ मुशायरा के यहां रहने आ गई थी। मंगलवार को अमन अली अपनी पत्नी को मनाने गांव सैदपुरी पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस को खबर मिली कि अमन अली ने अपनी पत्नी से क्षुब्ध होकर चाकू से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर लिया है। इस खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। घायल अमन अली को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया और उसके परिजनों को घटना की सूचना दी। इस मामले में अमन अली के भाई रहीम अली ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि जब अमन अली अपनी पत्नी अलशिफा को घर ले जाने के लिए मना रहा था, तभी उसकी बुआ मुशायरा ने गाली गलौज करते हुए अमन अली के ऊपर छुरी से हमला करके घायल कर दिया और घर से बहार फेंक दिया। इस मामले पुलिस ने अलशिफा और मुशायरा को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**धामपुर।** धामपुर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या बबीता गुप्ता एवं हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदू रक्षा सेना महिला मोर्चा की अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और अधिक प्रगति करने के लिए प्रेरित किया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 11 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# छात्रों को एडमिट कार्ड न मिलने की शिकायत पर पुलिस पहुंची स्कूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** प्रेम सिंह स्वतंत्रता सेनानी इंटर कॉलेज ग्राम भाटियाना खुशहालपुर में अध्ययनरत दो छात्रों को एडमिट कार्ड न दिए जाने की सूचना पर मंगलवार शाम थाना धामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विद्यालय प्रबंधन से वार्ता कर स्थिति की जानकारी ली। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बताया गया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने से नहीं रोका जाएगा।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे थाना धामपुर पर सूचना प्राप्त हुई थी कि इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र अर्स एलवी पुत्र इकरार अहमद एवं मौहम्मद राजा पुत्र अबरार निवासी ग्राम हरा को विद्यालय स्टाफ द्वारा एडमिट कार्ड नहीं दिया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल विद्यालय पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस जांच के दौरान दोनों छात्र मौके पर उपस्थित नहीं मिले। विद्यालय के प्रबंधक दानवीर सिंह से बातचीत करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित छात्रों द्वारा विद्यालय की फीस जमा नहीं की गई थी तथा उनके द्वारा पूर्व में विद्यालय स्टाफ के साथ अभद्र व्यवहार भी किया गया था। इसी कारण एडमिट कार्ड को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई।

विद्यालय प्रबंधन ने पुलिस को आश्वस्त किया कि दोनों छात्रों को इंटरमीडिएट परीक्षा की द्वितीय पाली परीक्षा में सम्मिलित होने दिया जाएगा। प्रबंधन के इस आश्वासन के बाद मौके पर स्थिति सामान्य रही।

## मिनी गन्ना हार्वेस्टर का सफल प्रदर्शन

**चांदपुर।** पीबीएस फूड्स शुगर मिल्स चांदपुर द्वारा मशीनीकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल की गई है। हाल ही में गन्ना विकास निरीक्षक के नेतृत्व में गांवों का भ्रमण कर अत्याधुनिक मशीनों के प्रदर्शन और उनकी कार्य कुशलता का जायजा लिया गया।

उन्होंने ग्राम इस्माइलपुर के किसान आशुतोष के खेत पर मिनी गन्ना हार्वेस्टर का सफल प्रदर्शन किया। यह मशीन विशेष रूप से ट्रेंच विधि से बोए गए गन्ने की कटाई के लिए बेहद कारगर साबित हुई। कम समय में सटीक कटाई इसकी मुख्य विशेषता रही। रेटून मैनेजमेंट डिवाइस कटाई के बाद पेड़ी प्रबंधन के लिए आरएमडी का उपयोग किया गया। यह मशीन फसल अवशेष प्रबंधन और अगली फसल की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पाई गई।

# रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप

## सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**नहटौर।** सलेमपुर रोड पर स्थित एक राइस मिल के पीछे उपलों के ढेर में एक जहरीला रसैल वाइपर सांप मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर सर्प मित्र बी भास्कर ने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

जानकारी के अनुसार राइस मिल के पीछे काम कर रहे कुछ लोगो ने उपलों के बीच हलचल देखी। उन्होंने एक सांप को कुंडली मारे बैठे पाया, जिसकी पहचान बाद में रसैल वाइपर के रूप में हुई। सांप के दिखने से इलाके में चिंता फैल गई।

स्थानीय सर्प मित्र बी भास्कर को इसकी सूचना दी। बी भास्कर बिना देरी किए मौके पर पहुंचे और सांप की पहचान दुनिया के सबसे खतरनाक सांपों में से एक रसैल वाइपर के रूप में की। रसैल वाइपर अपनी फुर्ती और घातक जहर के लिए जाना जाता है। बी भास्कर ने अत्यधिक सावधानी और सूझबूझ का परिचय देते हुए लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ लिया। सांप के पकड़े जाने के बाद पास के लोगों ने राहत की सांस ली। सर्प मित्र बी भास्कर ने बताया कि रसैल वाइपर का जहर इंसान के लिए जानलेवा होता है।



उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप दिखने पर उसे मारने के बजाय विशेषज्ञ को सूचित करें। बाद में सांप को घने जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# झूठी एफआईआर कराने वालों पर दर्ज होगा मुकदमा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नजीबाबाद।** झूठी शिकायत और झूठी एफआईआर दर्ज कराने वालों के विरुद्ध कार्यवाही चेतावनी के बोर्ड थानों में लगाए जाने के संबंध पुलिस प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के दिशा निर्देश जारी किए गए है।



आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में अवगत कराया था कि वर्तमान में झूठी शिकायतों, झूठी एफआईआर और सोशल मीडिया पर झूठ लिखने का प्रचलन दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। आरटीआई कार्यकर्ता ने इस संबंध में झूठी शिकायत पर प्रत्येक थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 217 के बोर्ड लगाए जाने की मांग की थी, ताकि आमजन को अपने अधिकार पता चल सके क्योंकि वर्तमान मे झूठी शिकायत, झूठे आरोप प्रत्यारोप लगाने वाले बाज नहीं आ रहे है। अत: ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्रवाई आवश्यक है। इस संबंध में कानूनी विशेषज्ञों को भी पत्र लिखा गया था, जिसके परिपेक्ष मे शासन द्वारा एसपी कार्यालय को लिखा गया है। उधर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अश्वनी उपाध्याय ने भी सर्वोच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की है ताकि विभिन्न राज्यों के विभिन्न थानो में भारतीय न्याय सं. हता की धारा 217 के बोर्ड लगा सके और आमजन को पता चल सके की झूठी एफआईआर पर क्या कार्यवाही की जा सकती है।

## घर में घुसकर छात्र पर हमला

**हल्दौर।** गांव हरदासपुर गढ़ी में बीती शाम एक छात्र के घर के अंदर घुसकर हमला कर घायल कर दिया।

गांव हरदासपुर गढ़ी निवासी मनीष कुमार पुत्र वीर सिंह हल्दौर के एक विद्यालय में कक्षा दस का छात्र है। बताया जा रहा है कि घटना के समय वह घर पर अकेला मौजूद था, जबकि परिवार के अन्य सदस्य पशुओं के लिए चारा लेने बाहर गए हुए थे। इसी दौरान कुछ लोग घर में घुस आए और उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में छात्र घायल हो गया। परिजनों को घटना की सूचना मिलने पर वे तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया।

# कड़ी सुरक्षा व तकनीकी निगरानी के बीच बोर्ड की परीक्षाएं शुरू

**शेरकोट।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार को कड़ी सुरक्षा और तकनीकी निगरानी के बीच शुरू हुई। प्रथम दिन हिंदी का प्रश्न पत्र हुआ, जिसमें नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 43 तथा इंटरमीडिएट के 34 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजेश कुमार के अनुसार प्रथम पाली में हाईस्कूल के 264 में से 12 तथा इंटर के 300 में से 3 परीक्षार्थी, आरयूएम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक शमशाद हुसैन के अनुसार प्रथम पाली में 358 में से 9 तथा इंटर के 367 में से 18 तथा पीजेएम इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक राजीव कुमार के अनुसार उनके केंद्र पर प्रथम पाली में हाईस्कूल के 547 में से 22 तथा इंटर के 597 में से 13 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निशांत यादव के नेतृत्व में गठित सचल दल ने परीक्षा केंद्रों पर छापा मारा, लेकिन कोई अनुचित साधन का प्रयोग करते नही पकड़ा गया। सुरक्षा की दृष्टि से हर परीक्षा केन्द्र पर पुलिस की तैनाती के साथ-साथ थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने निरीक्षण कर केन्द्र व्यवस्थापकों से जानकारी ली।

**संक्षिप्त खेल समाचार**

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम का सामना ऑस्ट्रेलियाई क्लबों से होगा

**पर्थ, वार्ता।** भारतीय महिला नेशनल फुटबॉल टीम एएफसी महिला एशियन कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की अपनी तैयारियों के तहत 19 और 23 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई क्लब टीमों पर्थ रेडस्टार एफसी और पर्थ अजुरी के खिलाफ दो फ्रेंडली मैच खेलेगी। ब्लू टाइग्रेसेस 11 फरवरी को तुर्किए में अपना ट्रेनिंग कैंप खत्म करने के बाद वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया पहुंचीं, जहां उन्होंने यूक्रेन, रूस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और रोमानिया की क्लब टीमों के खिलाफ छह फ्रेंडली मैच खेले। भारत ने तुर्किए में एक्सपोजर टूर के दौरान तीन जीत, एक ड्रॉ और दो हार दर्ज कीं। पर्थ रेडस्टार एफसी के खिलाफ पहला मैच डालमटैनिक पार्क में भारतीय समयानुसार 14:30 पर खेला जाएगा, जबकि पर्थ अजुरी के खिलाफ दूसरा मैच मैसेडोनिया पार्क में 16:00 पर खेला जाएगा।

## टॉप सीड सेरुंडोलो रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंचे

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** अर्जेंटीना के टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराकर रियो ओपन के आखिरी 16 में पहुंच गए।

वर्ल्ड नंबर 19 सेरुंडोलो ने पहले सर्व पर 72 परसेंट पॉइंट जीते और जॉकी क्लब ब्रासीलीरो के आउटडोर क्ले कोर्ट पर पांच में से चार ब्रेक पॉइंट बदलकर जीत हासिल की। नवोन ने पहले सर्व पर 67 परसेंट पॉइंट जीते लेकिन 12 ब्रेक पॉइंट मौकों में से सिर्फ दो को ही बदल पाए। सेरुंडोलो एटीपी 500 इवेंट के अगले राउंड में एक और अर्जेंटीना के थियागो टिरांटे से भिड़ेंगे। सेरुंडोलो के भाई, जुआन मैनुअल सेरुंडोलो ने भी इटली के दूसरे सीड लुसियानो डार्डेरी पर 6-1, 3-6, 6-4 से जीत हासिल की।

# टी-20 में अभिषेक नंबर-वन

● **आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन आठवें स्थान पर**



**दुबई, वार्ता।** भारत के ओपनर अभिषेक शर्मा ने हाल में मामूली प्रदर्शन के बावजूद आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में टॉप पर अपनी जगह बनाए रखी, जबकि टीम के साथी ईशान किशन पाकिस्तान के खिलाफ प्लेयर ऑफ द मैच प्रदर्शन के बाद 17 स्थान ऊपर चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के सैम अयूब ने ऑलराउंडर रैंकिंग में फिर से नंबर 1 पर जगह बना ली है। उन्होंने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा को पीछे छोड़ दिया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, कोल. 'बो में भारत के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद अयूब ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर वापस आ गए हैं, जिससे हाल के हफ्तों में उनके और रजा के बीच टॉप पर रहने की कड़ी टक्कर जारी है। रजा दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी दो स्थान ऊपर और अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह उमरजई चार स्थान ऊपर चढ़े, दोनों ने शानदार प्रदर्शन के बाद चौथा स्थान शेयर किया। बल्लेबाजी रैंकिंग में, श्रीलंका के पथुम निसंका कैंडी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शानदार सेंचुरी के बाद तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर आ गए। दक्षिण अफ्रीका के रयान रिकेल्टन 22 स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर और एडन मार्करम छह स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गए, जिन्होंने अहम रन बनाए, जबकि अमेरिका के बैटर सैतेजा मुक्कामल्ला 16 स्थान ऊपर चढ़कर 21वें स्थान पर और इंग्लैंड के युवा जैकब बेथेल 22 स्थान ऊपर चढ़कर लिस्ट में 32वें स्थान पर पहुंच गए। बॉलिंग रैंकिंग में, अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान एक स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर आ गए, जिससे भारत के वरुण चक्रवर्ती से उनका अंतर कम हो गया, जो चार्ट में टॉप पर बने हैं।

# पहली बार रणजी के फाइनल में जे-के

● **आकिब नबी और सुनील के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन से बंगाल को छह विकेट से हराया**




**कल्याणी, वार्ता।** आकिब नबी और सुनील कुमार के बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद वंशराज शर्मा (नाबाद 43) और अब्दुल समद (नाबाद 30) की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल के चौथे दिन बंगाल के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज टूर्नामेंट के फाइनल में पहली बार जगह बना ली है। यहां जम्मू-कश्मीर ने दो विकेट पर 43 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में जम्मू-कश्मीर का तीसरा विकेट शुभम सिंह पुंडीर (27) के रूप में गिरा। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद 28वें ओवर में आकाश दीप ने कप्तान पारस डोगरा (नौ) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। जम्मू-कश्मीर ने 34-2 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। वंशराज शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के लिए विजई छक्का लगाया। वंशराज शर्मा ने 83 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 43 रनों की पारी खेली। अब्दुल समद 27 गेंदों में 30 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने तीन छक्के और एक चौका लगाया। बंगाल के लिए आकाश दीप ने तीन विकेट लिए। मोहम्मद शमी ने एक बल्लेबाज को आउट किया। बंगाल ने पहली पारी में 328 और दूसरी पारी में 99 रन का स्कोर किया। जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में 302 रन बनाए।

## उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर टीम को बधाई दी

**जम्मू, वार्ता।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर टीम को रणजी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचने पर बधाई दी और उम्मीद जताई कि इस इलाके के और खिलाड़ी इंडिया में खेलेंगे। जम्मू में रिपोर्टर्स से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी अकेले रणजी ट्रॉफी नहीं जीतता। यह पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ की भी सफलता है। मैं अपनी तरफ से और जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों की तरफ से उन सभी को बधाई देता हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे उम्मीद है कि वह दिन दूर नहीं जब हम जम्मू-कश्मीर के खिलाड़ियों को नेशनल टीम में बहुत अहम भूमिका निभाई।

# अभिषेक, गिल व अर्शदीप पीपीएल में खेलेंगे



● **पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिये खरीदा जाएगा**

**चंडीगढ़, वार्ता।** पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) जून 2026 में पंजाब प्रीमियर लीग (पीपीएल) कराएगा। पंजाब की घरेलू टी-20 क्रिकेट लीग अब नए नाम और नए फॉर्मेट में खेली जाएगी।

पीपीएल में सभी 6 टीमें फ्रेंचाइजी-बेस्ड होंगी और खिलाड़ियों को ऑक्शन के जरिए खरीदा जाएगा और इसमें सिर्फ पंजाब के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही हिस्सा लेंगे। पंजाब का हर बड़ा खिलाड़ी पंजाब प्रीमियर लीग का हिस्सा होगा। भारतीय टेस्ट और लिमिटेड ओवर के ओपनर शुभमन गिल, भारत के नंबर एक टी-20 बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को मार्की खिलाड़ियों के तौर पर शामिल किया जाएगा। इनके अलावा, पंजाब के दूसरे अनुभवी खिलाड़ी भी मार्की नामों के तौर पर शामिल हो सकते हैं, जैसे रमनदीप सिंह, नेहाल वढेरा, नमन धीर, अनमोलप्रीत सिंह, प्रभसिमरन सिंह, वगैरह। युवा खिलाड़ी विहान मल्होत्रा, जो मौजूदा इंडिया अंडर 19 टीम का हिस्सा हैं, भी इसमें शामिल होंगे। युवाओं के साथ सीनियर्स सीनियर खिलाड़ियों के साथ, पंजाब के अंडर-23 खिलाड़ियों को भी खेलने का मौका मिलेगा। मार्की नामों के अलावा, पंजाब प्रीमियर लीग में पंजाब के कई दूसरे उभरते हुए क्रिकेटर भी हिस्सा लेंगे, जिन्होंने घरेलू और आईपीएल लेवल पर अपनी पहचान बनाई है। मयंक मारकंडे, अश्विनी कुमार, गुरनूर बराड़, हरनूर सिंह, रमन धीर और हरप्रीत बराड़ जैसे खिलाड़ी टूर्नामेंट में शामिल होंगे, जिससे लीग में गहराई और मुक. बिला बढ़ेगा।

इसके अलावा, सलिल अरोड़ा, रघु शर्मा जैसे टैलेंटेड खिलाड़ी और कई दूसरे होनहार खिलाड़ी भी पीपीएल का हिस्सा होंगे। सभी खिलाड़ियों का ड्राफ्ट होगा। कई खिलाड़ियों को अलग-अलग प्राइस स्लैब में रखा जाएगा, और टीमों को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का मौका मिलेगा। पंजाब प्रीमियर लीग 2026 में छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी, जिसमें पंजाब के कई बड़े बिजनेस घराने और कॉर्पोरेट ग्रुप मालिकाना हक हासिल करने और राज्य की सबसे बड़ी घरेलू टी-20 लीग के साथ जुड़ने के लिए उत्सुक हैं।

# 802 रन की विशाल बढ़त के साथ कर्नाटक का रणजी फाइनल पक्का

● **स्मरण की 127 रनों की शतकीय पारी की बदौलत उत्तराखंड के खिलाफ बढ़त बनाकर रणजी के फाइनल जगह पक्की कर ली**

**लखनऊ, वार्ता।** स्मरण रविचंद्रन (127) की शानदार शतकीय पारी की बदौलत कर्नाटक ने उत्तराखंड के खिलाफ दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन छह विकेट पर 299 रन बनाकर अपनी बढ़त 802 रन पहुंचाते हुए रणजी फाइनल में जगह पक्की कर ली। कर्नाटक का घड़नल में जम्मू-कश्मीर से मुकाबला होगा जिसने इससे पहले बंगाल को दूसरे सेमीफाइनल में छह विकेट से हराया। कर्नाटक ने पहली पारी में 736 रन बनाए थे और उत्तराखंड को 233 रन पर समेट कर 503 रन की विशाल बढ़त हासिल कर ली। कर्नाटक ने उत्तराखंड से फॉलोआन न कराकर दूसरी पारी में खेलने का फैसला किया। कर्नाटक ने स्टंप्स तक छह विकेट पर 299 रन बनाकर कुल बढ़त को 800 रन के पार पहुंचा दिया। उत्तराखंड ने पांच विकेट पर 149 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। आदित्य रावत ने नाबाद 45 रन बनाए। विद्याधर पाटिल और विजयकुमार व्याशक ने तीन-तीन विकेट लिए। कर्नाटक ने दूसरी पारी में चार विकेट 122 रन तक गंवा दिए थे।

## रणजी सेमीफाइनल में चोटिल हुए पडिक्कल



**लखनऊ, वार्ता।** कर्नाटक के बैट्समैन देवदत्त पडिक्कल उत्तराखंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी 2025-26 सेमीफाइनल के चौथे दिन चोटिल हो गए, जिससे उनके करियर की बेस्ट इनिंग फीकी पड़ गई। उनको उत्तराखंड की पहली इनिंग के दौरान गली में डाइविंग कैच लेने की कोशिश में उंगली में चोट लग गई और वह मैदान से बाहर चले गए। पडिक्कल ने नंबर 3 पर बैटिंग करते हुए इससे पहले इकाना स्टेडियम में 330 गेंदों पर 29 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 232 रन बनाए थे, जिससे कर्नाटक ने 194-4 ओवर में 736 रन का बड़ा स्कोर बनाया था। जवाब में उत्तराखंड को मुश्किल हुई और वे 233 रन पर आउट हो गए, विद्याधर पाटिल और व्याशक विजयकुमार ने तीन-तीन विकेट लिए। यह चोट 75वें ओवर की 5वीं गेंद पर लगी, जब अभय नेगी ने प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर ड्राइव किया।

# भारत आर्मी टी-20 विश्व कप एंथम में दिखाई देगी

● **आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता को दिखाता है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत आर्मी प्राइम वीडियो के प्रमोशनल ट्रैक द लल्ला एंथम - ए वॉर्निंग फ्रॉम सूबेदार में शामिल है, जिसे चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान रिलीज किया गया था, जब भारत सुपर 8 स्टेज की तैयारी कर रहा था। एक मीडिया रिलीज के मुताबिक, एंथम में भारत आर्मी के सदस्य एक्टर अनिल कपूर, एक्टर राधिका मदान, भारत के पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और स्पोर्ट्स प्रेजेंटर शेफाली बग्गा के साथ मिलकर नारे लगाते, ढोल बजाते और फैंस के सपोर्ट में सीन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह कोलेबॉरेशन बड़े क्रिकेट इवेंट्स के दौरान माहौल बनाने में ऑर्गनाइज्ड सपोर्टर्स के योगदान को हाईलाइट करता है। भारत आर्मी के फाउंडर राकेश पटेल ने कहा कि क्रिकेट ग्रुप के लिए पैशन और विश्वास को दिखाता है, और एंथम का हिस्सा होना उसी एकता और गर्व की भावना को दिखाता है जो वे टीम इंडिया को सपोर्ट करते हुए स्टेडियम में लाते हैं। सपोर्टर्स ग्रुप के 22 फरवरी को अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ इंडिया के सुपर 8 मैच में शामिल होने की उम्मीद है, जो उनके ट्रैवल प्रोग्राम का हिस्सा है, और टूर्नामेंट के दौरान वे अलग-अलग जगहों पर अपनी मौजूदगी बनाए रखेंगे। इस एंथम को म्यूजिक जोड़ी रोहन-विनायक ने कंपोज किया है, ऋषि उपाध्याय ने लिखा है और विशाल ददलानी ने गाया है। यह ट्रैक आने वाली एक्शन-ड्रामा फिल्म सूबेदार के प्रमोशन का हिस्सा है, जिसमें अनिल कपूर, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, मोना सिंह भी हैं।

# द. अफ्रीका ने यूएई को छह विकेट से हराया

● **इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर-8 में जगह बना ली**




**नई दिल्ली, वार्ता।** कॉर्बिन बॉश (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (36), रायन रिकलटन (30) और कप्तान एडन मारक्रम (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 विश्वकप के 34वें मुकाबले में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 40 गेंदें शेष रहते छह विकेट से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में एक भी मुकाबला हारे बिना सुपर-8 में जगह बना ली है। कॉर्बिन बॉश को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। 123 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका को कप्तान एडन मारक्रम और क्विंटन डी कॉक की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर हैदरअली ने एडन मारक्रम को बोल्ड कर इस साझेदारी का अंत किया। मारक्रम ने 11 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाए। छठे ओवर में मुहम्मद जवादुल्लाह ने क्विंटन डी कॉक (14) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद रायन रिकलटन ने डेवाल्ड ब्रेविस ने तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी कर दक्षिण अफ्रीका की जीत पक्की कर दी। 11वें ओवर में मोहम्मद फारूक ने रायन रिकलटन को आउटकर यूएई को तीसरी सफलता दिलाई। रिकलटन ने 16 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के लगाते हुए 30 रनों की पारी खेली। अगले ही ओवर में दक्षिण अफ्रीका का चौथा विकेट डेवाल्ड ब्रेविस के रूप में गिरा। डेवाल्ड ब्रेविस ने 25 गेंदों में तीन छक्के और एक चौका लगाते हुए 36 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने 13-2 ओवर में चार विकेट पर 123 रन बनाकर मुकबला छह विकेट से अपने नाम किया। यूएई के लिए हैदर अली, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद इरफान और मोहम्मद फारूक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां आलीशान शराफु (45) और कप्तान मुहम्मद वसीम (22) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने वर्षा प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 122 रनों का स्कोर बनाया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आलीशान शराफु ने 38 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 45 रनों की पारी खेली। कप्तान मुहम्मद वसीम ने 12 गेंदों में चार चौके लगाए।

# साहिबजादा फरहान के शतक से पाक सुपर-8 में

● **फरहान की 100 रन की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत पाक ने नामीबिया को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंदा**

**कोलंबो, वार्ता।** सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान (नाबाद 100) के शानदार शतक की बदौलत पाकिस्तान ने नाम. 'बिया को बुधवार को एकतरफा अंदाज में 102 रन से रौंद कर टी 20 विश्व कप के सुपर आठ दौर में प्रवेश कर लिया।

पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 199 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद नामीबिया को 17.3 ओवर में 97 रन पर ढेर कर दिया। उस्मान तारिक ने 16 रन पर चार और शादाब खान ने 19 रन पर तीन विकेट लेकर नामीबिया का पुलिंदा बांध दिया। साहिबजादा को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए नामीबिया के लिए पाकिस्तान का स्कोर बहुत बड़ा साबित हुआ। लौरेन स्टीनकैंप ने 23 और अलेक्जेंडर ब्युसिंग वॉल्सचैंक ने 20 रन बनाये। अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान के स्तरीय स्पिनरों के सामने नाम. 'बिया के बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सके।

इससे पहले साहिबजादा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के पाकिस्तान के फैसले को सही ठहराते हुए 58 गेंदों पर नाबाद 100 रन में 11 चौके और चार छक्के लगाए। साहिबजादा ने सैम अयूब के साथ पहले विकेट के लिए 40 रन, सलमान आगा के साथ दूसरे विकेट के लिए 67 रन और शादाब खान के साथ चौथे विकेट की अविजित साझेदारी में 40 गेंदों में 81 रन जोड़े। पाकिस्तान के चरसड्डा के रहने वाले साहिबजादा फरहान ने बड़े दिन अपनी टीम की मदद की।

# कार्लोस अल्काराज ने दर्ज की 150वीं हार्ड-कोर्ट जीत



● **अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150 वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की**

**दोहा, वार्ता।** कार्लोस अल्काराज ने कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में अपने विरोधी जैनिक सिनर की तेज शुरुआत के साथ तालमेल बनाए रखा, हालांकि टॉप सीड को दोहा में अपने शुरुआती टेस्ट में और मेहनत करनी पड़ी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनने के बाद पहली बार खेलते हुए, 22 साल के अल्काराज ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-4, 7-6(5) से हराया। अल्काराज ने तनावपूर्ण दूसरे सेट में सर्व पर दो सेट पॉइंट बचाए, फिर टाई-ब्रेक में जीतकर अपनी 150वीं टूर-लेवल हार्ड-कोर्ट जीत पक्की की और 2026 सीजन में अपनी शानदार शुरुआत को 8-0 तक बढ़ाया। अल्काराज ने अपनी एक घंटे, 47 मिनट की जीत के बाद कहा कि यह सच में मुश्किल था।आर्थर सच में एक खतरनाक खिलाड़ी है। कोई भी उसके खिलाफ पहले राउंड में नहीं खेलना चाहता। मैं लेवल से खुश हूं। मुझे खुशी है कि मैं मैच में मुश्किल पलों से निकल गया। मुझे खुशी है कि मैं शांत और पॉजिटिव रहा, और बढ़िया टेनिस खेला। अल्काराज ने अपने शॉटमेकिंग का पूरा स्पेक्ट्रम दिखाया, लेकिन यह उनकी सिग्नेचर ड्रॉप वॉली थी जिसने सबका ध्यान खींचा। उन्होंने अकेले शुरुआती सेट में ही नाजुक टच से तीन शानदार विनर्स मारे और अपने कुल नेट पॉइंट्स का 76 परसेंट (16/21) शानदार जीता। दूसरे सेट में, रिंडरकनेच ने अपनी तेजी बढ़ाई और सटीक सर्व करके मैच को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया। हालांकि, 6' 5" का यह फ्रेंचमैन उस मोमेंटम को और आगे नहीं ले जा सका।

## ईला ने टॉप-10 में तीसरी जीत हासिल की

**दुबई, वार्ता।** एलेक्जेंड्रा ईला का सितारा चमकता जा रहा है। मंगलवार रात दुबई में, उन्होंने अपने करियर की सबसे बड़ी जीत में से एक हासिल की, जिसमें उन्होंने वर्ल्ड नंबर 8 और पूर्व चैंपियन जैस्मीन पाओलिनी को 1 घंटे 40 मिनट में 6-1, 7-6 (5) से हराया। उन्होंने दूसरे सेट के तनावपूर्ण टाईब्रेक में अपना पांचवां मैच पॉइंट बदलकर जीत हासिल की।

ईला ने सेंटर कोर्ट पर एक बड़ी, मुखर फिलिपिना भीड़ को खींचा, और उन्होंने उन्हें एक शानदार परफॉर्मेंस से इनाम दिया। 20 साल की इस खिलाड़ी ने डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी तीसरी टॉप 10 जीत हासिल की, और पिछले साल मियामी सेमीफाइनल में शानदार जीत के बाद यह उनकी पहली जीत थी, जिसने उन्हें दुनिया के सामने ला खड़ा किया। इस जीत से वह मियामी के बाद पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के राउंड ऑफ 16 में भी पहुंच गई हैं। एला ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि सारे इमोशन इसलिए आ रहे हैं क्योंकि टेंशन बहुत ज्यादा था, खासकर उस दूसरे सेट के दौरान।इसलिए मैं सच में बहुत खुश हूं कि मैं जीत गई। (पाओलिनी) एक बेहतरीन अपोनेंट हैं, जाहिर है, टॉप 10 में होने और यहां की पूर्व चैंपियन होने के नाते, इसलिए इस लेवल पर उनके साथ मुकाबला कर पाना मेरे लिए एक बड़ी कामयाबी है। अपनी सर्विंग के लिए मशहूर नहीं, ईला शुरुआती सेट में सर्व पर हावी रहीं। उन्होंने अपनी पहली सर्व में 67: पॉइंट्स लगाए और उनमें से 86प्रतिशत पॉइंट्स जीते। उन्होंने दूसरी सर्व पॉइंट्स में 57प्रतिशत पॉइंट्स जोड़े और सेट में एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया। दूसरे सेट में एक पल के लिए ऐसा लगा कि ईला 2-1 की बढ़त बनाने के बाद जीत सकती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया के टी-20 विश्व कप में 'खराब' प्रदर्शन पर भड़के रिकी पोंटिंग



● **कहा: जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी**

**दुबई, वार्ता।** रिकी पोंटिंग ने पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के कैंपेन को बहुत खराब बताया है, और कहा कि जिम्बाब्वे से उनकी हार टूर्नामेंट से उनके जल्दी बाहर होने का अहम कारण बनी। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल कर पाया और सुपर आठ स्टेज की दौड़ से बाहर हो गया, पूर्व कप्तान ने चोटों और खास खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को बड़ी नाकामी बताया। पोंटिंग ने द आईसीसी रिव्यू के लेटेस्ट एपिसोड में कहा कि यह कहना होगा कि यह बहुत खराब कैंपेन रहा है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग स्टेज पर जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड जैसे खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी ने टीम के बैलेंस को बिगाड़ दिया। पोंटिंग ने कहा कि जिम्बाब्वे से हार टीम को परेशान करेगी। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि जिम्बाब्वे ने आईसीसी इवेंट में ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया, ए ऐसे मौके हैं जिन्हें आप इस तरह के टूर्नामेंट में नहीं छोड़ सकते कि और कहा कि श्रीलंका भी शानदार रन चेज के साथ बहुत मजबूत साबित हुआ। दो बार के वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान ने यह भी माना कि ऑस्ट्रेलिया के बाहर होने के बाद उन्हें भारतीय दोस्तों से मजाक का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि आप अच्छे के साथ बुरे को भी लेते हैं, और ज्यादातर बार, मैं खुद ही एक-दूसरे को मजाकिया मैसेज भेज पाता हूं, लेकिन इस टूर्नामेंट में तो बिल्कुल नहीं। पोंटिंग ने कहा कि मौजूदा टी-20 टीम में पिछली ऑस्ट्रेलियाई टीमों जैसा ऑरा नहीं था और उसने जरूरी मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। उन्होंने बताया कि कैमरून ग्रीन और टिम डेविड समेत टॉप ऑर्डर जरूरी कंसिस्टेंसी नहीं दिखा पाया, जबकि श्रीलंका के खिलाफ 20 रन पर छह विकेट गिरने से उनके मौके कम हो गए। उन्होंने इस बात को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप को प्रायोरिटी नहीं देता, और जोर देकर कहा कि आईसीसी ट्रॉफी ही आखिरी लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आप वर्ल्ड कप जीतने और टाइटल जीतने के लिए खेलते हैं। हमारे जितने खिलाड़ी बाहर थे

## रमजान मुबारक



**दूसरा रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.27 |
| | शिया | 5.23 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.14 |
| | शिया | 6.28 |

**रमजान उल मुबारक रहमत-बरकत का महीना है जो अल्लाह का उसके बंदों पर खास करम है। ये इसकी दलील है कि गरीब से गरीब आदमी भी इस पाक महीने में अल्लाह की ऐसी-ऐसी नेमते हासिल करता है जो दूसरे महीनों में नहीं मिलती। तो फिर क्यों न रोजे को रोजे के हक की तरह रखा जाये और नमाज तरावीह कायदे से अदा की जाये।**

**कुरआन करीम**

# सड़क खाली करो अभियान चलाएं: मनीष

## नवयुवकों के स्टंट पर लगे पूर्ण प्रतिबंध, अव्यस्थित रूप से खड़ी न हों बसें, नियमानुसार हो कार्रवाई



शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तकनीकी नवाचार किया और कहा कि, गूगल शीट के माध्यम से सभी विभागों में समन्वय होने से त्वरित जानकारी मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील एवं उत्तरदायी दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी श्री बंसल ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठकमें दिये। उन्होंने उन्होंने सकारात्मक प्रवृत्ति को सतत बनाए रखने को कहा। उन्होने निर्देश दिए कि जनपद में गठित क्रिटिकल कॉरिडोर टीम द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे सुझावों के आधार पर रोड मार्ग विभाग द्वारा कराए जा रहे सुधारात्मक कार्य एक उत्कृष्ट रोल मॉडल के रूप में स्थापित हों।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जनपद में "सड़क खाली करो अभियान" संचा. लित किया जाए। अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों एवं मुख्य मार्गों पर यातायात अवरोध समाप्त कर सुरक्षित एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करना है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं विद्यालयों के आसपास किसी भी प्रकार के वाहन अव्यवस्थित रूप से खड़े न हों, यह सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाकर चिन्हित होल्डिंग एरिया में स्थानांतरित किया जाए। स्कूल बसों एवं अन्य बसों की फिटनेस की विशेष जांच कराई जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाने वाले रिक्शा/स्कूली वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने बसों को भी अव्यवस्थित रूप से खड़ा न करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी। अवैध बस स्टैंड, डग्गामार वाहन, अवैध ई-रिक्शा एवं ई-ऑटो के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए। नवयुवकों द्वारा किए जाने वाले स्टंट पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना सुनिश्चित करें। प्रथम चरण में चालान, द्वितीय चरण में ड्राइविंग लाइसेंस जब्ती तथा तृतीय चरण में वाहन जब्ती/स्क्रैप की कार्यवाही नियमानुसार की जाए।

जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि सभी मुख्य मार्गों पर अवैध कट तत्काल बंद कराए जाएँ। किसी भी दशा में मुख्य मार्गों के किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े न होने दिए जाएँ।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खण्ड लोक निर्माण विभाग धर्मेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नगर निगम, एनएचएआई, उपशा एवं अन्य मार्ग निर्माण विभागों के प्रतिनिधि सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रमजान उल मुबारक का चांद आया नजर, रोजे शुरू



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रमजान उल मुबारक 2026 का चांद आज नजर आ गया। कल (आज)रोजा रखा जायेगा।

मुस्लिमों के पवित्र माह रमजान उल मुबारक का चांद आज मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने छतों पर चढकर बडे गौर से देखा। रूहियत हिलाल कमेटी के जिम्मेंदारों जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलाना फरीद मजाहिरी, शहर काजी नदीम अख्तर, समाजसेवी एम शाहिद जुबैरी, मुफ्ती मुजफ्फर थानवी आदि शहर के मुस्लिम जिम्मेंदारों ने नमाज के बाद चांद को देखा और माहे रमजान शुरू होने का ऐलान किया। इशा की नमाज के बाद बीस रकातों की नमाज ए तरावीह आज से ही शुरू हो जायेगी और कल (आज) पहला रोजा रखा जायेगा। आज शहर के मुख्य बाजारों में खरीदारों की भारी भीड रही।

# व्यापार सभा ने शॉल भेंटकर किया चौ.नीरपाल का स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लखनऊ पहुंचने पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह को राष्ट्रीय लोकदल व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश प्रवक्ता रोहित अग्रवाल ने शॉल भेंट कर स्वागत किया।

रोहित अग्रवाल ने कहा कि खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभा रहे है।युवाओं को खेलो के लिए प्रेरित किया जा रहा है।इसके लिए चौधरी नीरपाल सिंह बधाई के पात्र है। चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि हमारी खेल प्रकोष्ठ की टीम युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि हमे युवा पीढ़ी को नशे से बचाना है। बच्चों का खेलो के प्रति रुझान बढ़े इसलिए बच्चों को खेलो के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान जाट महासभा के अध्यक्ष वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी भी साथ रहे।

# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में नदी संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ग्लोकल यूनिवर्सिटी के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन एवं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी के संरक्षण में ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी द्वारा "हिंडन बचाओ, पश्चिमांचल बचाओ" शीर्षक पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ग्लोकल स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के डीन प्रो. मुहम्मद मजहर अफजल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नदी संरक्षण, पर्यावरणीय जिम्मेदारी तथा सतत जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में विशेष रूप से हिंडन नदी की बिगड़ती स्थिति और उसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। पश्चिमांचल विकास परिषद के अध्यक्ष नितिन स्वामी ने प्रेरणादायक व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों से नदियों को स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

वक्ता डॉ मोहम्मद उमर सैफी ने बताया कि कभी स्वच्छ और पेयजल योग्य रही हिंडन नदी आज गंभीर प्रदूषण और मानवीय लापरवाही के कारण पीने योग्य नहीं रह गई है। उन्होंने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ता कृष्णा दास कर्मयोगी, योजना समिति सदस्य, योग शिक्षक एवं मनोवैज्ञानिक, ने जीवन शैली, पर्यावरण जागरूकता, मानसिक स्वास्थ्य और अनुशासन के परस्पर संबंधों पर विचारोत्तेजक वक्तव्य दिया।

संचालन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की प्रवक्ता फातिमा परवीन अकील ने किया।

आयोजन समिति के सदस्य चीफ प्रॉक्टर मोहम्मद जमीरूल इस्लाम, मोहम्मद नफीस, सनाउल्लाह एवं शादाब अली ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सूफियान मिर्जा ने प्रस्तुत किया।

# 10 मार्च तक टैक्स जमा करने पर 25 प्रतिशत छूट: सविता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर पंचायत द्वारा जलकर और ग्रहकर जमा करना शुरू कर दिया गया है। आगामी 10 मार्च तक टैक्स जमा करने पर 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने जलकर,ग्रहकर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश पर सर्वे के बाद टैक्स निर्धारित किया गया था।आवश्यक कागजी कार्रवाही पूरी करने के बाद अब नगर पंचायत द्वारा टैक्स जमा करना शुरू कर दिया गया।उन्होंने बताया कि आगामी 10 मार्च 2026 तक अपने मकान दुकान व टँकी यानि जलकर जमा कराने पर नगर पंचायत द्वारा 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। 10 मार्च 2026 के बाद पूरा टैक्स जमा करना पड़ेगा।

अधिशासी अधिकारी सविता वर्मा ने बताया कि 31 मार्च के बाद टैक्स जमा कराने पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त पैनल्टी लगेगी।उन्होंने क्षेत्र वासियों से समय से अपने टैक्स जमा कराकर असुविधा से बचने का आव्हान किया है।

# बलू बर्ड स्कूल में सीनियर्स को भावभीनी विदाई




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** ब्लू बर्ड स्कूल में सीनियर्स छात्र छात्राओं को भावभीनी विदाई दी गई।

जूनियर्स, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ द्वारा सावधानीपूर्वक आयोजित इस विदाई समारोह में जीवंत नृत्य प्रस्तुति, मधुर गीत, भावपूर्ण नाटक और मजेदार खेल शामिल थे, जिन्होंने सभी को मुस्कान और हंसी प्रदान की। सीनियर्स को "मिस्टर फेयरवेल" और "मिस फेयरवेल" जैसे खिताबों से सम्मानित किया गया, साथ ही उनके योगदान, उपलब्धियों और स्कूल में बिताए यादगार सफर को मान्यता देते हुए प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रिंसिपल के स्वागत भाषण से हुई, उसके बाद शिक्षकों ने प्रेरणादायक शब्द कहे, पुरानी यादें साझा कीं और जाने वाले बैच के लिए मूल्यवान सलाह दी। छात्रों ने कक्षा, वार्षिक समारोह, खेल दिवस और रोजमर्रा के स्कूल जीवन की यादों को एक सुंदर स्लाइड शो और भावुक भाषणों के माध्यम से व्यक्त किया।

स्कूल प्रबंधन मो. जमाल असलम ने कहा कि हमारे छात्र स्कूल का गौरव हैं। यह विदाई समारोह एक अंत नहीं, बल्कि उनकी वृद्धि का उत्सव है और इन दीवारों के बाहर उड़ान भरने के लिए एक वादा है। हम उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।"

चेयरमैन स्कूल डॉ खालिद ने कहा कि आज आप इस स्कूल की दीवारों से बाहर निकलकर जीवन के बड़े मंच पर कदम रख रहे हैं। याद रखें, ब्लू बर्ड स्कूल ने आपको न केवल ज्ञान दिया, बल्कि आत्मविश्वास, मूल्य और सपनों को उड़ान भरने की ताकत भी प्रदान की है।

# रहमत व बरकतों का महीना रमजान: मौलाना मुकर्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि रमजान उल मुबारक का महीना रहमत और बरकत का महीना है जो अल्लाह की तरफ से उसके बंदों को तोहफा है।

क्षेत्र के गाँव हलगोया स्थित मदरसा दारुल उलूम शब्बीरिया के प्रबन्धक हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि रमजान उल मुबा. रक का महीना की अल्लाह का उसके बन्दों को तोहफा है।यह महीना रहमत और बरकत का महीना है।इस महीने में अल्लाह रब्बुल इज्जत सवाब को कई गुणा बढ़ा देते हैं।नफ्ल का सवाब फर्ज और फर्ज का सवाब सत्तर फर्ज के बराबर कर देते हैं।सभी मुसलमानों को चाहिए कि इस पाक और बाबरकत महीने के हर पल में अल्लाह की इबादत करते हुए इसका फायदा उठाएं। मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि रोजा और फर्ज नमाज के साथ साथ तिलावते कुरआन,नफ्ल और तस्बीहात का एहतमाम करें।उन्होंने कहा कि पिछले गुनाहों की तौबा और आईन्दा गुनाह न करने का पक्का इरादा करते हुए अल्लाह को राजी करें।मौलाना मुकर्रम हुसैन ने कहा कि बेवजह किसी फर्ज को न छोड़ें क्योंकि रमजान में मिलने वाली बरकतें रहमतें अनमोल हैं।

# खो-खो में बच्चों ने बहाया पसीना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** चौधरी कलीराम महाविद्यालय में चल रही क्रीडा प्रतियोगिता के पांचवे दिन खो खो, कुर्सी दौड़ और वेस्ट मैटेरियल से अच्छे सामान बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

खो-खो में दो ग्रुप में बी ए की छात्राओं ने बी एस सी की छात्राओं को पराजित किया। कुर्सी दौड़ में बी एस सी की योगिता आर्या विजेता रही । वेस्ट मैटेरियल प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की अन्नु प्रथम स्थान पर बीकॉम प्रथम की समीक्षा द्वितीय स्थान पर और बीएससी तृतीय वर्ष की महक तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में साक्षी, मनीषा, आनंदी, हर्षिता, पारुल, रिया, इकरा, अनुष्का, मरियम ,सोनिया, फरहत, अक्षर, महक, मधु, विशाखा, ललिता, अनु, आरती, रितु ,शालू, सोनिया, खुशी ,सलोनी गरिमा, अरशा, मधु, इशू फरहत, सोनिया, रिया आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया।

# बाइक की टक्कर से रेहडा चालक की मौत

**■ दुकान बंद कर अपने घर वापस लौट रहा था मृतक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक रेहड़ा में एक तेज गति की बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे रेहड़ा चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को रामपुर मनिहारान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आये जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस्लामनगर निवासी 55 वर्षीय रघबीर पुत्र फूलसिंह रामपुर अम्बेहटा मार्ग पर पेट्रोल पंप के सामने एक छोटी सी दुकान करता था।बीती रात वह अपनी दुकान बंद कर रेहड़े में दुकान का समान लेकर अपने घर इस्लामनगर वापस आ रहा था। निरंजन सिंह इंटर कॉलेज के पास उसके रेहड़े में पीछे से तेज गति वाले बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गयी। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना पर डायल 112 पर दी ।

मौके पर पहुंची पुलिस घायल रघबीर को रामपुर मनिहारान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई जहाँ चिकित्सकों से उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के चार बेटे हैं जिनमें से दो की शादी हो चुकी है रघबीर के मरने से गाँव में शोक व्याप्त है।

# पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** खिलाडियों को पुरस्कार वितरण के साथ ही सांसद खेल प्रतियोगिता का विधिवत समापन हो गया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में प्रतियोगिता के दूसरे दिन भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र सैनी, जिला प्रभारी डी.के.शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि विकेश चौधरी, मीडिया प्रभारी विपिन चौधरी एवं क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी राहुल चोपडा ने खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किये।

इस अवसर पर प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक, ईश्वर पाल सिंह मुखिया, शिव नन्दन, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र कुमार, आदेश, पुनीत कुमार आर्य, गौरव, रूपेश कुमार, आकाश कुमार, सन्नी कुमार, सुश्री सुप्रिया रानी, रवि कान्त धीमान, रवि कोरी, दीपक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# खेल स्पर्धाएं आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के तत्वावधान में नगर खेलकुंभ के अंतर्गत आज खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया।

महाराज सिंह डिग्री कॉलेज में आयोजित प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एवं वक्ता का उद्बोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एस.पी. देहात सागर जैन ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं, बल्कि यह व्यक्ति में अनुशासन और टीम भावना का विकास भी करते हैं। मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष दिनकर मलिक ने युवाओं को आधुनिक जीवनशैली के खतरों के प्रति आगाह किया। उन्होंने स्क्रीन टाइम बनाम एक्टिविटी टाइम विषय पर जोर देते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में युवाओं को मोबाइल की स्क्रीन छोड़कर खेल के मैदान में समय बिताना चाहिए, ताकि वे मान. सिक और शारीरिक रूप से सुदृढ़ बन सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराज सिंह कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन आर्यावर्त द्वारा किया गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष गुरदेव सिंह, महानगर मंत्री रजत गोयल, महानगर सहमंत्री अमोघ कौशिक, अर्पित सैनी, कार्तिक धीमान, प्रांत सह संयोजक प्रिंस कोरी, सोशल मीडिया संयोजक आरव मल्होत्रा, महानगर छात्र प्रमुख कनक कोरी, अक्षय बंसल, अंकुर कुमार और मनीष सैनी सहित अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकाली श्री बालाजी महाराज की नगर भ्रमण यात्रा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिद्धपीठ श्री बाला. जी धाम के 18 वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम में श्री बालाजी महाराज की नगर भ्रमण यात्रा कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

राजकीय क्रीड़ा मैदान से निक. ाली गई यात्रा श्रीराम चौक नेहरू मार्केट शहीदगंज मोरगंज पुल खुमरण बेहट रोड होते हुए श्री बालाजी धाम पर यात्रा का विश्राम हुआ। श्री बाला. जी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज के सानिध्य में निकली यात्रा का उद्घाटन मनोज वर्मा नगर आयुक्त शिबू गिरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर भ्रमण यात्रा में एक सुंदर रथ पर श्री बालाजी महाराज, भैरव बाबा और प्रेतराज सरकार के स्वरूप विराजमान थे जिसे रस्सों के द्वारा भक्त अपने हाथों से खींच रहे थे। यात्रा में सबसे आगे धर्म ध्वजा उसके पीछे श्री बालाजी सेवा समिति का बैनर तथा गणेश जी का रथ चल रहे थे शोभायात्रा में बैंड धार्मिक धुन पर भजन बज रहे थे तथा शंकर पार्वती राधा कृष्ण और पंचमुखी हनुमान जी की झांकियां सुशोभित हो रही थी। शोभायात्रा में भजन मंडली के साथ अनेक महिलाएं और पुरुष बालाजी महाराज का गुणगान करते चले थे। यात्रा में एक रथ पर श्री बालाजी धाम के संस्थापक अतुल जोशी महाराज विराजमान थे। रास्ते में अनेक धार्मिक संस्थाओं और संगठनों ने यात्रा का पुष्प वर्षा कर का श्री बालाजी महाराज की आरती कर स्वागत किया। श्री बाला. जी महाराज के रथ सारथी सन्नी छाबड़ा रहे।

# गौकश दबोचा

**सहारनपुर।** थाना नागल पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर गौकश को गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात थाना नागल पुलिस दगडौली से गांगनौली जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध वाहनों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति गांगनौली के जंगल में गौकशी करने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल मुखबिर के बताए स्थान घेराबंदी की, जहां से पशु के रंभाने की आवाज सुनाई दी जिस पर पुलिस ने टार्च की रोशनी मारकर देखा तो कुछ व्यक्ति बछड़े के साथ खड़े हैं। पुलिस को नजदीक आता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। जबकि दो अन्य फरार हो गए जिनकी तलाश में पुलिस ने काम्बिंग की।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 19 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## उम्मीद जगाती वार्ता

यह अच्छी बात है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम व उसकी बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर स्विटजरलैंड की राजधानी जेनेवा में अमेरिका और ईरान के बीच मंगलवार को चली बातचीत सकारात्मक दिशा की ओर बढ़ती दिखाई दे रही है। बातचीत के बाद ईरान के विदेश मंत्री सै. अब्बास अरागची ने वार्ता को सकारात्मक बताते हुए कहा भी कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मसकट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा रचनात्मक है। उनका कहना था कि यह विशेष बातचीत दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बनने पर समाप्त हुई और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे। इस बातचीत की मध्यस्थता ओमान कर रहा है और जेनेवा में ओमानी दूतावास में यह बातचीत हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के बीच जो अविश्वास की खाई है उसको पाटने में अभी समय लगेगा। अरागची की मानें, तो बातचीत में एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी के हितों की रक्षा करेगा। ओमान के विदेश मंत्री जो इस बातचीत में मध्यस्थता कर रहे हैं, उन्होंने भी इस बातचीत को रचनात्मक बताया है, लेकिन अमेरिका की तरफ से जिस तरह का बयान आया वह संशय पैदा करता है और बताता है कि अमेरिका इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वैन्स ने कहा भी है कि मंगलवार की बातचीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा है कि अभी भी सख्त टेबल पर हैं। मतलब साफ है कि अभी वार्ता से कोई हल नहीं निकला है और सबकुछ बातचीत की टेबल पर ही है। ईरान भी पूरी सतर्कता बरतता दिखाई दे रहा है। वार्ता के बीच ही उसने होर्मुज की खाड़ी में एक नौसेनिक अभ्यास किया। जिसमें उसने दिखाने की कोशिश की कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो वह इस क्षेत्र को बाधित कर सकता है। हॉर्मुज की खाड़ी व्यापार के लिहाज से बेहद संवेदनशील है और एक अनुमान के अनुसार दुनिया का 20 प्रतिशत इसी रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान की आईआरजीसी के अधिकारी समाचार आउटलेप में बताया गया है कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले का अभ्यास करना था। अमेरिका भी पूरी तरह ईरान को घेरने में लगा है और उसने यूएसएस अब्राहम लिंकन व एयरक्राफ्ट बैरियर यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड को ईरान की घेराबंदी में लगाया हुआ है। फिल्हाल अच्छी बात यही है कि कोई तनाव बढ़ने की खबर सामने नहीं आई है और दोनों बातचीत से हल निकालने की बात कर रहे हैं, लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत दोनों पक्षों के बीच अविश्वास की खाई है।

## कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें



यूपी में जैसे-जैसे चुनाव पास आएंगे, जो लोग हमारे खिलाफ हैं, वे हमें सत्ता से दूर रखने की और भी को. शिश करेंगे, हमारे खिलाफ साजिश करेंगे, सिर्फ यूपी में ही नहीं, देशभर में अंबेडकरवादियों को बाबा साहेब डा. अंबेडकर का आत्म- सम्मान पाने के आंदोलन को मजबूत करने के लिए काम करते रहना चाहिए, बसपा के यूपी विधानसभा चुनाव गठबंधन में लड़ने की बात फेक न्यूज है, बसपा अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ेगी, बसपा के लोगों को अच्छी तरह से मालूम है कि कांग्रेस, सपा व भाजपा आदि पार्टियों की सोच संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी है, ये लोगों का ध्यान भटकाने को ही घिनौनी साजिशें करते रहते हैं, पाटी कार्यकर्ता हाथी की मस्त चाल चलते रहें।

**-सुश्री मायावती, बसपा सुप्रीमो**

# खेतों की मेढ़ पर खड़ा ग्लोबल वार्मिंग का सच





**पंकज चतुर्वेदी**

प्रकृति के कैलेंडर में फरवरी का महीना आमतौर पर गुलाबी ठंड और वसंत की मंद बयार का प्रतीक माना जाता रहा है। यह वह समय होता है जब रबी की फसलें और आम के बगीचे अपने पूर्ण यौवन पर होते हैं। लेकिन साल 2026 की यह फरवरी डराने वाली है। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर, औरैया और बुंदेलखंड के पठारों से लेकर बिहार के कैमूर और समस्तीपुर तक, सूरज की तपिश ने समय से पहले ही मार्च के अंत वाले रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फरवरी के मध्य में ही देश के एक बड़े हिस्से में पारा 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है, जो सामान्य से करीब 5 से 7 डिग्री अधिक है। यह केवल एक मौसमी उतार-चढ़ाव नहीं है, बल्कि ग्लोबल वार्मिंग का वह क्रूर चेहरा है जो सीधे हमारी थाली और देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रहार कर रहा है। हालिया समाचार और कृषि विश्वविद्यालयों के आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि भारत में श्सर्दियों का संकुचन अब एक स्थाई संकट बनता जा रहा है।

जलवायु परिवर्तन का सबसे घातक प्रहार हमारी खाद्य सुरक्षा और श्फलों के राजाश आम पर हो रहा है। रबी की मुख्य फसल गेहूं के लिए फरवरी का दूसरा पखवाड़ा ग्रैन फिलिंग यानी बालियों में दाना भरने की अवस्था का होता है। इस नाजुक दौर में अचानक बढ़ी गर्मी थर्मल स्ट्रेस पैदा कर रही है। जब तापमान 30 डिग्री के ऊपर बना रहता है, तो पौधों के भीतर चयापचय की प्रक्रिया असामान्य रूप से तेज हो जाती है और दाना पूरी तरह विकसित होने से पहले ही सख्त होने लगता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में फोर्स्ड मेच्योरिटी कहा जाता है। परिणामस्वरूप, दाना छोटा, हल्का और झुर्रियों वाला रह जाता है। कृषि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यदि तापमान में इसी तरह की वृद्धि जारी रही, तो गेहूं की पैदावार में प्रति हेक्टेयर 15 से 20 प्रतिशत तक की गिरावट आ सकती है। सागर और औरैया के खेतों से आ रही रिपोर्टें बताती हैं कि गेहूं की बालियां समय से पहले सफेद पड़ रही हैं, जो सीधे तौर पर किसान की साल भर की मेहनत पर पानी फेरने जैसा है।

यही संकट बिहार के गौरव, आम के मंजरों पर भी मंडरा रहा है। विशेषज्ञ विश्लेषण बताते हैं कि आम का पुष्पन जाड़े के अंत और बसंत की शुरुआत में स्थिर तापमान और मध्यम आर्द्रता में होता रहा है। किंतु तापमान की वर्तमान अनिश्चितता ने इस प्रक्रिया को श्रोलर-कोस्टरश बना दिया है। लगातार 27-30 डिग्री से ऊपर का तापमान मंजर को समय से पहले परिपक्व कर देता है, जिससे फूलों की गुणवत्ता घटती है और वे झड़ने लगते हैं। इसके विपरीत, यदि अचानक तापमान गिरता है, तो फूलों का खुलना असमान हो जाता है। सुबह की अत्यधिक नमी फफूंदजनित रोगों का जोखिम बढ़ा रही है, जबकि दोपहर की शुष्क हवा पराग के अंकुरण को बाधित कर रही है। नतीजा यह है कि या तो फूल गिर रहे हैं, या निषेचन के बाद भी फल टिक नहीं पा रहे हैं। पछिया हवा की बढ़ती तीव्रता ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है, जिससे मंजरों की यांत्रिक गिरावट बढ़ गई है।

बुंदेलखंड और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में इस साल पश्चिमी विक्षोभ की विफलता ने आग में घी का काम किया है। आमतौर पर सर्दियों में होने वाली मावट या बारिश फसलों के लिए अमृत समान होती थी, लेकिन इस साल शुष्कता और बढ़ती गर्मी ने मिट्टी की नमी को सोख लिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले एक दशक में फरवरी के महीने में लू जैसी स्थितियों की आवृत्ति बढ़ी है। यह पैटर्न स्पष्ट संकेत दे रहा है कि भारत के मौसम चक्र से श्वसंतश ऋतु धीरे-धीरे गायब हो रही है और हम सीधे कंपकपाती सर्दी से झुलसाने वाली गर्मी के दौर में प्रवेश कर रहे हैं। इसका असर केवल गेहूं और आम पर ही नहीं, बल्कि सरसों और दलहन पर भी पड़ रहा है। सरसों की फलियों में तेल की मात्रा कम होने की आशंका है और चने के पौधों में फूल समय से पहले ही झड़ रहे हैं। इस विकट परिस्थिति का निदान अब केवल पारंपरिक खेती के ढर्रे पर चलकर संभव नहीं है। हमें क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर यानी जलवायु-अनुकूल कृषि की ओर युद्धस्तर पर बढ़ना होगा। मिट्टी की नमी बचाने के लिए गन्ने की सूखी पत्तियों, भूसे या सूखी घास से श्मल्चिंगश करना अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। यह तकनीक सतह के तापमान को स्थिर रखती है और पानी के वाष्पीकरण को रोकती है। इसके साथ ही, सूक्ष्म-सिंचाई ड्रिप/स्प्रिंकलर को अपनाकर कम पानी ज्यादा असर के सिद्धांत पर काम करना होगा। बागों की मेढ़ों पर कटहल, बांस या नीम जैसे विंडब्रेक वायुरोधी अवरोध लगाने चाहिए ताकि तेज पछिया हवाओं से फूलों और फलों का बचाव हो सके। यह छोटे-छोटे प्रबंधन ही बड़े आर्थिक नुकसान को रोकने में सक्षम हैं।

वैज्ञानिक परामर्श के अनुसार, पुष्पन के दौरान बोरॉन और जिंक जैसे सूक्ष्म-पोषक तत्वों का संतु. लित छिड़काव फूलों की जीवन-क्षमता को बढ़ा सकता है। साथ ही, कीटों और रोगों के प्रबंधन के लिए मौसम-पूर्वानुमान आधारित छिड़काव ही कारगर होगा। सरकार और संस्थागत सहयोग की भूमिका भी अब केवल मुआवजा वितरण तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। ब्लॉक-स्तरीय मौसम परामर्श और सटीक पूर्वानुमान आज किसानों के लिए सबसे बड़े निर्णय-सहायक उपकरण हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किस्मों का विवेकपूर्ण चयन भी महत्वपूर्ण है। आम्रपाली, मल्लिका और गेहूं की हीट टॉलरेंट किस्में जैसे डीबीडब्ल्यू 187 बदलती परिस्थितियों में बेहतर अनुकूलन दिखा रही हैं। जलवायु परिवर्तन अब कोई दूरगामी चेतावनी नहीं, बल्कि हमारे खेतों की मेढ़ पर खड़ा एक कड़वा सच है। फतेहपुर से लेकर कैमूर और सागर से लेकर समस्तीपुर तक के किसान आज जिस तनाव में हैं, वह आने वाले एक बड़े खाद्य संकट की आहट है। यदि देश के कुल अनाज उत्पादन में बड़ी गिरावट आती है, तो इसका असर केवल किसान की आय पर ही नहीं, बल्कि देश की जीडीपी और आम आदमी की रसोई पर पड़ेगा। हमें यह समझना होगा कि धरती का बढ़ता तापमान हमारे विकास के मॉडल पर प्रकृति का प्रतिघात है। मिट्टी की नमी को बचाना और बदलती जलवायु के अनुसार खुद को ढालना अब हमारी पसंद नहीं, बल्कि अस्तित्व की मजबूरी है। फरवरी की यह असाधारण तपिश एक चेतावनी है कि यदि हम आज नहीं जागे, तो भविष्य के वसंत केवल लोकगीतों में ही जीवित बचेंगे।

बुंदेलखंड की कराह, बिहार की तपिश और उत्तर भारत के मैदानी इलाकों की चिंता को सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास से ही दूर किया जा सकता है। नीति निर्माताओं, कृषि वैज्ञानिकों और स्वयं किसानों को एक मंच पर आकर इस चुनौती का सामना करना होगा। आम का मौसम अब पहले जैसा स्थिर नहीं रहा, लेकिन विज्ञान-आधारित प्रबंधन और समयबद्ध निर्णयों के साथ हम इस नई सच्चाई के साथ तालमेल बिठा सकते हैं। प्रकृति अपना अलार्म बजा चुकी है, और अब यह हमारे ऊपर है कि हम समय रहते जागते हैं या अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक झुलसा हुआ भविष्य छोड़कर जाते हैं। संपादन के पन्नों पर इस विषय का केंद्र में होना ही इसकी गंभीरता को रेखांकित करता है, लेकिन असली समाधान तब होगा जब हर खेत में बदलती जलवायु से लड़ने का सामर्थ्य होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# इबादत, मग़फ़िरत का महीना है रमज़ान

**19 फरवरी से रमजान का पाक महीना शुरू हो रहा है। ये वक्त सिर्फ रोजा रखने का नहीं, बल्कि अपने दिल-दिमाग को पाक करने, सब्र सीखने और इंसा. नियत को और मजबूत करने का महीना होता है। रमजान का चांद देखने के बाद से ही हर मुसलमान एक दूसरे को रजमान की मुबारकबाद देते हैं और गले लगते हैं। अगर आप भी अपने परिवार, दोस्तों और खास लोगों को रमजान की मुबा. रबाद देना चाहते हैं तो ये आर्टिकल आपके लिए है।**



**हाजी हारून अली**





रमजान का पाक महीना अल्लाह की इबादत करने का महीना है। रमजानुल मुबारक में अल्लाह ने खासतौर पर पांच चीजों से नवाजा है। रोजेदार के लिए दरिया की मछलियां भी मगफिरत की दुआ करती हैं। जन्नत हर दिन रोजेदारों के लिए सजाई जाती है। इस महीने में शरारती शैतान को कैद कर दिया जाता है। रमजान की आखिरी रात रोजेदारों की मगफिरत की जाती है। रमजान का महीना अल्लाह की इबादत करने व मगफिरत का महीना है।

रमजान के महीने में कुछ ऐसे काम बताए जो रोजेदारों को करने चाहिएं। रोजा रखते हुए तरावीह पढ़ें, तमाम गुनाओं से तौबा करें, कलमा और इस्तगफार ज्यादा पढ़ें। कुरआन की ज्यादा से ज्यादा तिलावत करें। ऐतकाफ में बैठें, शब-ए-कद्र की तलाश करें, सदका व खैरात करें और रोजा इफ्तार कराएं। अपनी इस्लाह की कोशिश करें, आखिरत की फिक्र पैदा करें। पांच वक्त नमाज जमाअत के साथ पढ़ें। हलाल माल से ही रोजा इफ्तार करें वरना सारे दिन की मेहनत बेकार चली जाएगी। इफ्तार के बाद भी अल्लाह से डरता रहें।

चुगली गीबत न करें, झूठ न बोलें, रिश्वत न दें और न ही लें। जादू टोना न करें और न कराएं। जिनाकारी बदकारी चोरी डकैती से परहेज करें। मस्जिदों को खेलकूद व शोर शराबे से महफूज रखें और दुनिया की बातें न करें। फिल्में, धारावाहिक, गाने सुनने व गाने से बचें। जुल्म न करें, किसी का हक न मारें, किसी का दिल न तोड़ें। किसी पर जुल्म व सितम न करें, हर उस काम से बचें जिसको अल्लाह ने और उसके नबी हजरत मुहम्मद (स.) ने मना फरमाया है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# एपस्टीन फाइल्स : यही है शक्तिशाली लोगों की हकीकत





**निर्मल रानी**

इन दिनों एप्सटीन फाइल्स का भूत अमेरिका से लेकर भारत तक सड़कों पर नाच रहा है। अमेरिकी कांग्रेस के कानून के अन्तर्गत और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर हस्ताक्षर के बाद ही अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा यह फाइल्स जारी की गई हैं। इस आदेश के तहत अमेरिकी न्याय विभाग को एपस्टीन से जुड़े सभी अनक्लासिफाइड रिकॉड्र्स, दस्तावेज, कम्युनिकेशन्स और जांच सामग्री सार्वजनिक करने का निर्देश प्राप्त है। हालांकि यह कानून 2025 में कांग्रेस के दोनों सदनों (हाउस और सीनेट) से लगभग सर्वसम्मति से पास हुआ था और राष्ट्रपति ट्रंप ने 19 नवंबर 2025 को इस पर हस्ताक्षर किए थे। इसी कानून के तहत अमेरिकी न्याय विभाग ने समय-समय पर फाइल्स जारी की परन्तु इन फाइल्स का बड़ा हिस्सा गत 30 जनवरी 2026 को जारी किया गया, जिसमें 3.5 मिलियन से ज्यादा पृष्ठ, 2,000 से अधिक वीडियो और लगभग 1,80,000 फोटो शामिल थे। एप्सटीन फाइल्स के इसी खुलासे के बाद पूरी दुनिया में हड़कंप मच गया। दुनिया के जाने माने लोगों के चेहरे से नकाब हटने लगी। इन फाइल्स के सार्वजनिक होने के बाद एप्सटीन के यौन अपराधों, ट्रैफिकिंग नेटवर्क और शक्तिशाली व्यक्तियों के साथ उनके संबंधों की गहराई उजागर हुई।

गौरतलब है कि जेफरी एप्सटीन, एक अमीर फाइनेंसर और दोषी यौन अपराधी है। इसने अनेक नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शोषण किया, और इन फाइल्स में राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक हस्तियों के कई नाम सामने आए। इन खुलासों के बाद कई प्रमुख व्यक्तियों का भविष्य व जीवन प्रभावित हुआ। कई लोगों को इस्तीफे देने पड़े तो कई के विरुद्ध जांच बिठाई गई। आपना नाम आने पर कई लोग शर्मिंदगी से जहां मुंह छुपाते घूम रहे हैं यहां तक कि इस नेटवर्क में नाम आने के बाद कई लोग भूमिगत हो चुके हैं और मीडिया से मुंह छुपाते फिर रहे हैं। वहीं भारत में केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी जैसे विशिष्ट भी हैं जो एप्सटीन फाइल्स के खुलासे के अनुसार तो जेफरी एपस्टीन से 14 बार मिले परन्तु वे स्वयं एपस्टीन से 8 सालों में केवल 3-4 बार की मुलाकात को ही स्वीकार करते हैं। इसके बावजूद वह इस सवाल से बच नहीं पा रहे कि 13 -14 बार या 3-4 बार नहीं बल्कि यदि एक सजायाफ्ता बदनाम यौन अपराधी से हरदीप पुरी एक बार भी मिले तो उस मुलाकात की वजह क्या थी? जो व्यक्ति खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कम उम्र की बच्चियों से सैक्स करने का आदी था ऐसे भेड़िया मान. सिकता वाले व्यक्ति से मुलाकात क्यों की गई? किसके कहने पर या किसके लिए की गई? बहरहाल उम्मीद की जा रही है कि अभी दुनिया के और भी अनेकानेक सफेदपोश भेड़ियों के नाम सामने आएंगे और इस्तीफों की भी झड़ी लग सकती है।

दुनिया में आए दिन घटित होने वाली तमाम घटनाएं ऐसी हैं जो पितृ सत्ता या पुरुष प्रधान समाज का बार बार एहसास कराती हैं परन्तु इस घटना में तो जेफरी एप्सटीन पर 2019 में न्यूयॉर्क में संघीय अदालत ने उसपर सेक्स ट्रैफिकिंग ऑफ माइनर्स के आरोप लगाए, जिसमें दर्जनों नाबा. लिग लड़कियों यहां तक कि 14 साल से भी कम उम्र की कुछ बच्चियों का यौन शोषण शामिल था। यह उसकी स्वीकारोक्ति थी कि उसने नाबालिग लड़कियों से यौन संबंध बनाए व अवैध काम किए। इसलिए इस विश्वव्यापी नेटवर्क से पर्दा उठने के बाद अब यह सवाल भी उठने लगा है कि दुनिया के धनाढ्य और शक्तिशाली लोगों की नजर में महिलाओं, खासकर छोटी बच्चियों का क्या स्थान है? महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने का ढोंग रचने वाला सफेदपोश पुरुष प्रधान समाज जो कभी महिलाओं को आधी आबादी कहकर खुश करता है तो कभी बच्चियों को कंजक व देवी के रूप में पूजता भी है उन्हीं बच्चियों को अपने पैसे व सत्ता के बल पर अपनी हवस का निशाना बनाने वाले लोग नाबालिग लड़कियों और युवा महिलाओं का शारीरिक शोषण भी करते हैं?

निश्चित रूप से एपस्टीन फाइल्स पितृसत्ता की एक गहरी तस्वीर पेश करती हैं, जहां धनाढ्य पुरुष विश्वव्यापी नेटवर्क बनाते हैं और एक दूसरे से जानकारी साझा करते हैं और महिलाओं को परिधि पर रखते हैं। वास्तव में आधी आबादी को प्राय: सहयोगी,या यौन सुख प्रदान करने वाली के रूप में ही देखा जाता है न कि समान भागीदार के रूप में। खासकर गरीब परिवारों की छोटी बच्चियों को तो कमजोर और आसानी से नियंत्रित करने योग्य माना जाता था। एपसटीन के नेटवर्क में शामिल कुछ पुरुषों ने कथित तौर पर इन लड़कियों को उपहार के रूप में इस्तेमाल किया, जिससे व्यापारिक या राजनीतिक लाभ मिलते थे। यह दर्शाता है कि शक्तिशाली लोगों की नजर में, महिलाएं और लड़कियां अक्सर सत्ता और प्रभाव बनाए रखने का साधन बन जाती है न कि कोई सम्मानजनक मानव। महिलाओं को केवल प्रजनन उपकरण के रूप में देखना भी पितृसत्ता की ही एक गहरी साजिश है।

इसलिए एपसटीन फाइल्स से प्राप्त हो रहे ब्यौरों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि एपसटीन जैसे मामलों में जहां कुछ शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा छोटी मासूम बच्चियों को मात्र अपनी यौन संतुष्टि के लिए या अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सौदेबाजी के साधन के रूप में अथवा किसी विशिष्ट व्यक्ति को ब्लैकमेल करने की गरज से इस्तेमाल किया गया। यह एक ऐसी व्यवस्थित समस्या है जहां धन, सत्ता के बल पर और जवाबदेही की कमी से ऐसी संस्कृति पनपती है। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह वैश्विक अपराध नेटवर्क का हिस्सा है, जहां महिलाओं और लड़कियों का वस्तुकरण नस्लवाद और भ्रष्टाचार से जुड़ा है। हालांकि, FBI की जांच में ट्रैफिकिंग रिंग के लिए पर्याप्त सबूत भले ही नहीं मिले परन्तु पीड़ितों की गवाहियां बताती हैं कि यह शोषण अत्यंत व्यापक था। यह फाइल्स यह भी दिखाती है कि सत्ता के शीर्ष पर मिसोगिनी (स्त्री-द्वेष) और यौन हिंसा कैसे सामान्यीकृत हो जाती है। यह एक ऐसी विकृत पुरुष प्रधान व्यवस्था का प्रतिबिंब भी है जहां पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल रहता है। एप्सटीन फाइल्स ऐसे ही शक्तिशाली पुरुष भेड़ियों की हकीकत को उजागर करती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# खलीलुर रहमान ने दिया अराकान कॉरिडोर पर संकेत

## पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज, अमेरिकी प्रशासन के करीब हैं बांग्लादेश के नए विदेश मंत्री

**नई दिल्ली।** बंगलादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक़ रहमान के मंत्रिमंडल में खलीलुर रहमान को विदेश मंत्री बनाये जाने को देश के कूटनीतिक हलकों में विदेश नीति की 'सावधानीपूर्वक पुनर्संतुलन प्रक्रिया' के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले वह अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) रह चुके हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि वह पश्चिमी नीति-निर्माण हलकों में सहज माने जाते हैं और उन्हें अमेरिकी प्रशासन के करीब समझा जाता है। ऐसे समय में यह तथ्य अहम माना जा रहा है, जब बंगलादेश अमेरिका के साथ एक असंतु. लित माने जा रहे व्यापार समझौते के बीच अपने संबंधों को साधने की कोशिश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी। भारत के पूर्व उच्चायुक्त पिनाक आर. चक्रवर्ती ने कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि बीएनपी का हिस्सा न होने के बावजूद खलीलुर रहमान को विदेश



■ पिछले वर्ष एनएसए के रूप में उनकी नियुक्ति उस समय बीएनपी नेतृत्व के कड़े विरोध के बावजूद हुई थी

मंत्री बनाया गया है। वह तथाकथित टेक्नोक्रेट कोटे से आए हैं। उनकी नियुक्ति से संकेत मिलता है कि तारिक रहमान के कार्यकाल में भी अमेरिकी प्रभाव बना रहेगा। भारत ने आधिका. रिक तौर पर उनकी नियुक्ति का स्वागत किया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि वह आपसी प्रगति और समृद्धि के लिए सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उनके साथ काम करने को उत्सुक हैं। मुहम्मद यूनुस के कार्यकाल के दौरान खलीलुर रहमान रोहिंग्या मुद्दे पर मुख्य सलाहकार के उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्हें उन प्रभावशाली आवाज़ों में शामिल माना जाता है, जिन्होंने 'अराकान कॉरिडोर' के निर्माण की वकालत की थी। यह एक मानवीय मार्ग होगा, जो चटगांव से होकर म्यांमार के रखाइन राज्य तक सहायता पहुंचाने में मदद करेगा। समर्थकों का कहना है कि यह गलियारा मानवीय और रणनीतिक दोनों उद्देश्यों की पूर्ति करेगा तथा लंबे समय से चले आ रहे रोहिंग्या शरणार्थी संकट को लेकर बंगलादेश पर बने अंतर्राष्ट्रीय दबाव को कम कर सकता है। आलोचकों का मानना है कि इससे संप्रभुता, सुरक्षा जोखिम और म्यांमार के आंतरिक संघर्ष में गहराई से उलझने की आशंका बढ़ सकती है। चक्रवर्ती ने यह भी कहा कि खलीलुर रहमान हालिया बंगलादेश-अमेरिका व्यापार समझौते को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं और इसी कारण वह नई बीएनपी सरकार के लिए मूल्यवान बने रहेंगे, जो भविष्य में बेहतर शर्तें हासिल करने की कोशिश करेगी।

## डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व पर अमेरिका मॉरीशस में वार्ता

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि अमेरिका चागोस द्वीप समूह पर स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे के महत्व को रेखांकित करने के लिए वह मॉरीशस के साथ बातचीत करेगा। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका और मॉरीशस 23-25 फरवरी तक पोर्ट लुई में विचार-विमर्श करेंगे। इसका नेतृत्व विदेश विभाग का राजनीतिक-सैन्य मामलों का ब्यूरो करेगा और इसमें विभिन्न अमेरिकी अंतर-एजेंसी प्रतिनिधि शामिल होंगे। यह चर्चा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चागोस द्वीप समूह और डिएगो गार्सिया पर स्थित अमेरिका-ब्रिटेन सैन्य अड्डे के निरंतर महत्व पर केंद्रित होगी। इस वार्ता का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग के साथ-साथ सैन्य अड्डे के संचालन को सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर ध्यान केंद्रित करना होगा।



मुंबई। जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में जलवायु सप्ताह 2026 के दौरान बोलती पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन।

## बेनिन उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में: त्वियानी

**अबुजा।** नाइजीरिया के राष्ट्रपति अब्दौराहमाने त्चियानी ने कहा है कि बेनिन के उत्तरी इलाके फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिकों के नियंत्रण में हैं। त्चियानी ने मंगलवार को नाइजीरियाई प्रसारक आरटीएन को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हम बेनिन में भी ऐसी ही हालत देख रहे हैं। हमने अपनी चिंताएं बताईं और उन्होंने हमसे कहा कि हमें बेनिन के अच्छे से एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली से ईर्ष्या हो रही है, लेकिन यह रक्षा प्रणाली कहां है, उत्तरी बेनिन में एक भी बेनिनी सैनिक नहीं है। आतंकवादी, फ्रेंच और यूक्रेनी भाड़े के सैनिक इस इलाके के प्रभारी हैं। यही सच्चाई है। उन्होंने कहा कि 29 जनवरी की सुबह, नियामे हवाईअड्डे पर हमला हुआ।

# अमेरिका से दूसरे दौरे की बातचीत रचनात्मक: अराघची

## दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है: ईरानी विदेश मंत्री

**काहिरा।** अमेरिका के साथ हुई दूसरे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता के बाद ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा कि यह बातचीत ओमान की राजधानी मस्कट में हुई पहले दौर की वार्ता से बेहतर और ज्यादा 'रचनात्मक' थी। अराघची ने सरक. ारी प्रसारक इरिब (इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टर) के साथ विशेष बातचीत में कहा कि दिशा देने वाले सिद्धांतों पर दोनों पक्षों के बीच आम सहमति बन गई है और जल्द ही एक संभावित समझौते का मसौदा तैयार करने की दिशा में बढ़ेंगे।

ओमान की मध्यस्थता में स्विट्ज़रलैंड की राजधानी जिनेवा में ओमानी दूतावास में हुई इस बैठक के बाद उन्होंने कहा कि एक बार मसौदा तैयार होने पर दोनों पक्ष तीसरे दौर की बातचीत के लिए तारीख निर्धारित करेंगे। अराघची ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच की खाई पाटने में समय लगेगा। अराघची ने बैठक के बाद संयुक्त राष्ट्र के एक निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बातचीत से एक टिकाऊ समाधान के लिए एक नया रास्ता खुल गया है जो ईरान के अधिकारों का सम्मान करते हुए पूरे क्षेत्र और सभी पक्षों के हितों की रक्षा करेगे। बैठक की मध्यस्थता करने वाले ओमान के विदेश

■ ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे

अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया



मंत्री सैयद बद्र बिन हम्माद बिन हमूद अलबुसैदी ने कहा कि बातचीत रचनात्मक थी और दोनों पक्षों ने तकनीकी मुद्दों एवं सामान्य उद्देश्य पहचानने में 'अच्छी प्रगति' की है। साथ ही अंतिम समझौते के 'मार्गदर्शक सिद्धांतों' को शक्ल देने के लिए महत्वपूर्ण कोशिशें की गईं। इस बीच, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स ने मीडिया को बताया कि मंगलवार की बात. चीत के कुछ पहलू सकारात्मक थे, लेकिन ईरान ने अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की कुछ बातों को नहीं माना है, और इनसे पीछे नहीं हटा जा सकता। उन्होंने कहा कि सब कुछ अभी भी टेबल पर है। ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में ईरान के साथ हुए पहले के परमाणु समझौते से हट गए थे। लेकिन दूसरे कार्यकाल में उन्होंने ईरान पर 'अधि. कतम दबाव' बनाया है और बार-बार चेतावनी दी है कि वह ईरान की परमाणु कार्रवाई रोकने के लिए सैन्य बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। ईरान ने भी इसके जवाब में कहा है कि वह किसी भी हमले का उसी तरह जवाब देगा। इससे पहले जैसे ही वार्ताकार जिनेवा में मिले, तो ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने होर्मुज की खाड़ी में 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ़ द स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज' नाम का एक अभ्यास शुरू कर दिया था। इस अभ्यास ने ज़रूरी शिपिंग लेन के कुछ हिस्सों को कुछ समय के लिए बंद कर दिया। इसमें तटीय एवं द्वीपीय बिन्दुओं से मिसाइल लॉन्च, त्वरित हमलों और समुद्री लक्ष्यों पर हमलों की नकल करने वाली ड्रोन इकाइयां शामिल थीं। आईआरजीसी के आधिकारिक समाचार आउटलेट सेपा न्यूज़ ने कहा कि इस अभ्यास का मकसद नौसेना की तैयारी का परीक्षण करना और समुद्र में सुरक्षा और जवाबी हमले की योजना का अभ्यास करना था। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड और यूएसएस अब्राहम लिकन को पश्चिमी एशिया में तैनात किया जा रहा है, जो तीन हफ्ते से इस इलाके में हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन ने मंगलवार को कहा कि ईरान अपनी 'शांतिपूर्ण' परमाणु तकनीक नहीं छोड़ेगा, लेकिन यह साबित करने के लिए किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार है कि उसका कार्यक्रम हथियार बनाने के मकसद से नहीं है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अमेरिका और तरराष्ट्रीय समुदाय उन 'अफवाहों' को खारिज कर देगा जिनमें यह दावा किया जाता है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की कोशिश कर रहा है।

## आठ मुस्लिम देशों का निंदा बयान बेबुनियाद और गुमराह करने वाला: इजरायल

**तेल अवीव।** इज़रायल सरकार ने पश्चिमी तट में ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के हालिया फ़ैसले की आठ मुस्लिम देशों द्वारा निंदा करने वाले संयुक्त बयान को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया है। मंगलवार को तुर्की, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, क़तर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने पश्चिमी तट में ज़मीन को सरकारी सम्पति घोषित करने और उनके पंजीकरण और मालिकाना हक़ के सेटलमेंट के लिए प्रक्रिया को मंज़ूरी देने के इज़रायली सरकार के फ़ैसले की निंदा की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा कि यह बयान असल में बेबुनियाद और जानबूझकर गुमराह करने वाला है। फलस्तीनी अधिकारी ही क्षेत्र सी में गैर-कानूनी ज़मीन पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है, जो कानून और मौजूदा समझौतों का उल्लंघन है। मंत्रालय ने बताया कि इज़रायली सरकार ने सिविल और सम्पति कानून के तहत प्रशासनिक कदम को मंज़ूरी दी है।

## वर्चुअल ट्रायल टेक से फैशन रिटेल को बदल रहा टीसीएस

■ एआई समिट 2026: स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही

**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर बढ़ते उत्साह के बीच, नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में यह प्रदर्शित किया जा रहा है कि एआई किस तरह नीति-स्तरीय चर्चाओं से आगे बढ़कर तेजी से व्यावहारिक और वास्तविक उपयोग के चरण में प्रवेश कर रहा है। स्वास्थ्य, ऊर्जा और रिटेल जैसे क्षेत्रों में कंपनियां ऐसे नवाचार प्रस्तुत कर रही हैं, जो बुद्धिमान प्रणालियों के माध्यम से रोजमर्रा के अनुभवों को बदलने का लक्ष्य रखते हैं।

इसी क्रम में आईटी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विस (टीसीएस) ने फैशन रिटेल को नया आयाम देने वाला एक उन्नत वर्चुअल ट्रायल समाधान पेश किया है। यह तकनीक कंपनी की 'फ्यूचर एक्सपीरियंस स्टोर' परिकल्पना का हिस्सा है और इसका उद्देश्य भौतिक ट्रायल रूम की आवश्यकता को समाप्त करना है। इस तकनीक के तहत ग्राहक एक वर्चुअल स्क्रीन के सामने खड़े होते हैं, जहां उनकी सहमति से फोटो ली जाती है। कंप्यूटर विजन के माध्यम से सिस्टम ग्राहक की तस्वीर पर चुने गए परिधान को तुरंत मैप करता है और फोटो से प्राप्त शारीरिक माप के आधार पर सबसे उपयुक्त फिट की सिफारिश करता है। लाइव डेमो के दौरान खरीदारों ने आउटफिट चुने, जिसके बाद सिस्टम ने उनके बॉडी टाइप और साइज का विश्लेषण कर यथार्थवादी प्रीव्यू तैयार किया। प्लेटफॉर्म पर उपयोगकर्ता की मूल तस्वीर और एआई-जनरेटेड लुक को साथ-साथ प्रदर्शित किया गया तथा रियल टाइम में व्यक्तिगत सिफारिशें दी गईं। इस समाधान में स्वचालित स्टाइलिग सुझावों की सुविधा भी है। साथ ही, उपयोगकर्ता अपनी तस्वीर को भारतीय कला शैलियों से प्रेरित थीम्ड विजुअल फॉर्मेट में भी बदल सकते हैं। टीसीएस की एक्सपो प्रतिनिधि रोली सितानी ने बातचीत में कहा कि यह प्लेटफॉर्म त्वरित और सहज वर्चुअल ट्रायल अनुभव प्रदान करता है तथा भारत में वैश्विक स्तर का रिटेल अनुभव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सरकारों से एआई विनियमन की अपील

■ मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनिवेशवाद के प्रति चेताया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने डिजिटल उपनि. वेशवाद के प्रति सचेत करते हुए बुधवार को कहा कि सरकार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के उपयोग की शर्तें निर्धारित करनी चाहिये। नागेश्वरन ने यहां दलित इंडियन चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की) के एक कार्यक्रम में कहा कि साल 2030 तक एआई के कारण वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 15.7 लाख करोड़ डॉलर की वृद्धि हो सकती है।

हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि इसका लाभ सबको समान रूप से मिले। उन्होंने कहा कि आज दुनिया में एआई में असमानता स्पष्ट है। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि दुनिया भर में नीति निर्माताओं ने जहां इंतजार और सीमित नियमन की नीति अपनाई हुई है, वहीं प्रौद्योगिकी के वास्तुकार समाज की संरचना तय कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की नीति केवल तकनीकी विशेषज्ञों के हाथों में नहीं छोड़ी जा सकती। सरकारों और लो. कतांत्रिक संस्थाओं का सिर्फ अधिकार ही नहीं दायित्व भी है कि वे एआई के उपयोग की शर्तों को निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि कुछ गिने-चुने देश एआई पेटेंट, सुपरकंप्यूटिंग क्षमता और निजी निवेश पर प्रभुत्व रखते हैं। जिसे उभरता हुआ 'एआई विभाजन' कहा जा रहा है, वह केवल तकनीकी क्षमता का नहीं, बल्कि मानव गरिमा का सवाल है। उन्होंने कहा कि अगले एक-डेढ़ साल में लिए गए निर्णय यह तय करेंगे कि एआई से कौन लाभान्वित होगा और इन प्रणालियों पर शासन कौन करेगा। भारत, अपने आकार, लोकतांत्रिक परंपरा और डिजिटल अवसंरचना के साथ इन मानकों को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। वर्तमान परिस्थितियों को 'डिजिटल उपनिवेशवाद' की संज्ञा देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन दशकों में रैम और स्टोरेज की लागत घटने से कंप्यूटिंग तक पहुंच में तेजी से इजाफा हुआ, लेकिन अब यह प्रवृत्ति उलट रही है। बड़ी कंपनियां प्रीमियम कीमत चुकाने में सक्षम हैं जिससे विशेष चिप्स, उच्च-प्रदर्शन वाले जीपीयू और उन्नत प्रोसेसिंग इकाइयों का इस्तेमाल अत्याधुनिक एआई मॉडलों के प्रशिक्षण के लिए हो रहा है और आम लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हार्डवेयर निर्माता उत्पादन बढ़ाने के प्रति अनिच्छुक दिख रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या हम ऐसे युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां क्लाउड कंप्यूटिंग के माध्यम से कंप्यूटर तक पहुंच स्वामित्व का अधिकार नहीं बल्कि किराये की व्यवस्था बन जाएगी।

## 2022 से यूक्रेन मे कनाडा के बीस भाड़े के सैनिक मारे गए

**ओटावा।** यूक्रेन में फरवरी 2022 से रुस का विशेष सैन्य अभियान शुरु होने के बाद कम से कम बीस कनाडा के भाड़े के सैनिक मारे गए है। नेशनल पोस्ट अखबार ने ओटावा यूनिवर्सिटी के अनुबंधित प्रोफेसर जीन-फ्रेंकोइस रैटेल के हवाले से बताया कि फरवरी 2022 में रूस का विशेष सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन में कम से कम 20 कनाडाई भाड़े के सैनिक मारे गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 130 कनाडाई भाड़े के सैनिक लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन गए हैं, और यह भी कहा कि यूक्रेन में मारे गए कनाडाई भाड़े के सैनिकों की कुल संख्या फ्रांस और जर्मन भाड़े के सैनिकों की मौत के बराबर या उससे जयादा है। कनाडा के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता थिडा इथ ने कथित तौर पर कहा कि मंत्रालय युद्ध में हिस्सा लेने के लिए यूक्रेन जाने वाले कनाडाई लोगों की संख्या या उनमें मारे गए लोगों की संख्या को ट्रैक नहीं करता है।

# रूस ने कीव पर दागे 29 मिसाइलें व 400 ड्रोन

## यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया

**कीव।** स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नए सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसं. रचना को भारी नुकसान पहुंचा।



■ कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा

यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है, जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है। बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली। बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित समाधानों की कार्यप्रणाली' पर कें. द्रित रही। उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं। रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा। वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि रूस के नवीनतम हमलों में बच्चों सहित नौ लोग घायल हुए हैं। ज़ेलेंस्की के अनुसार यूक्रेनी वायु रक्षा प्रणाली ने रूस द्वारा दागी गई 29 में से 25 मिसाइलों को मार गिराया। ज़ेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर साझा वीडियो संदेश में कहा कि जिस दिन जिनेवा में त्रिपक्षीय और द्विपक्षीय नए प्रारूप शुरू हुए, उसी दिन रूस ने हमले किए। लगभग 400 ड्रोन भी छोड़े गए। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि रूस वास्तव में क्या चाहता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के साथ चर्चा में इन हमलों का मुद्दा जरूर उठाएगा। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध नहीं चाहता। हम अपने राज्य और स्वतंत्रता की रक्षा करते हैं और हम न्यायपूर्ण समझौते की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं।

इस बीच ज़ेलेंस्की ने बताया कि ओडेसा में हमलों के बाद हजारों लोग पानी और हीटिंग से वंचित हो गए हैं तथा करीब 10 आवासीय इमारतों और रेलवे अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। कुल मिलाकर 12 क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। जिनेवा वार्ता अमेरिका के नेतृत्व में चल रहे व्यापक कूटनीतिक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य फरवरी 2022 से जारी संघर्ष का समाधान निकालना है।

## श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने 'ईथा' की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार श्रद्धा कपूर और रणदीप हुड्डा ने अपनी आने वाली फिल्म ईथा की पुणे शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। यह शेड्यूल इस हफ्ते की शुरुआत में खत्म हुआ। शहर और उसके आसपास कई जगहों पर लंबे समय तक शूटिंग की गई।

इससे पहले फिल्म की मुंबई शेड्यूल की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है, जो जनवरी के अंत से फरवरी तक चली थी। पुणे शेड्यूल खत्म होने पर सेट पर केक काटकर जश्न मनाया गया, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू मौजूद थे। निर्देशक लक्ष्मण उतेकर और प्रोडक्शन टीम के सदस्य भी इस मौके पर शामिल हुए। इस खास पल का एक वीडियो भी फिल्म के सेट पर



■ ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है

बनाया गया। ईथा एक बायोग्राफिकल ड्रामा फिल्म है, जो प्रसिद्ध मराठी तमाशा कलाक. ार विठाबाई नरायणगांवकर के जीवन से प्रेरित है। इस फिल्म को मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में श्रद्धा कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी, जबकि रणदीप हुड्डा उनके साथ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं।

# कार्नी ने की देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा

## तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करने की कवायद तेज

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने देश की पहली रक्षा औद्योगिक रणनीति की घोषणा कर दी है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करना, उच्च वेतन वाली नौकरियों का सृजन करना और तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में कनाडा की रणनीतिक स्वायत्तता को सुदृढ़ करना है।

कार्नी ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था के कमजोर पड़ने और प्रौद्योगिकी के कारण संघर्षों के विस्तार ने कनाडा की रक्षा नीति में बदलाव को आवश्यक बना दिया है। उन्होंने कहा कि कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है। कनाडा इस वित्त वर्ष में नाटो के दो प्रतिशत



■ कनाडा की नई सरकार कनाडाई सशस्त्र बलों (सीएएफ) के पुनर्निर्माण, पुन:सज्जा और पुनर्निवेश पर केंद्रित है

रक्षा व्यय लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है और सीएएफ में शामिल होने के लिए आवेदनों में लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कनाडाई सरकार सीएएफ के आधुनिकीकरण, खरीद प्रक्रियाओं को सरल बनाने और घरेलू आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर जोर दे रही है, ताकि सैनिकों को कनाडा और उसके सहयोगियों की रक्षा के लिए आवश्यक उपकरण समय पर उपलब्ध कराए जा सकें। कार्नी ने इस रणनीति को सुरक्षा और समृद्धि दोनों के लिए एक खाका बताया और कहा कि कनाडा की रक्षा करना, कनाडा का निर्माण करना है। सुरक्षा और समृद्धि एक-दूसरे की पूरक आधारशिलाएं हैं। हमारी नई रक्षा औद्योगिक रणनीति यह सुनिश्चित करती है कि कनाडा एक संप्रभु राष्ट्र बना रहे और अपने भविष्य का स्वयं निर्धारण करे। नई रणनीति के तहत, रक्षा खरीद में कनाडाई आपूर्तिकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, नवाचार में निवेश बढ़ाया जाएगा और खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जाएगा। सरकारी अनुमानों के अनुसार, इससे अगले 10 वर्षों में 180 अरब कनाडाई डॉलर के रक्षा खरीद अवसर और 290 अरब डॉलर का रक्षा-संबंधी पूंजी निवेश सृजित होगा। वर्ष 2035 तक इससे लगभग 125 अरब डॉलर का आर्थिक लाभ, 1.25 लाख उच्च वेतन वाली नौकरियां, रक्षा निर्यात में 50 प्रतिशत वृद्धि और कनाडाई कंपनियों को दिए जाने वाले रक्षा अनु. बंधों का हिस्सा 70 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्री डेविड जे- मैकगिन्टी ने कहा कि सरकार की यह प्रतिबद्धता सुनिश्चित करती है कि कनाडा के पास अपने देश की रक्षा, संप्रभुता की सुरक्षा और वर्तमान एवं भविष्य के खतरों से निपटने के लिए आवश्यक क्षमताओं तक सुरक्षित, समयबद्ध और विश्वसनीय पहुंच हो।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108